देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



गुजरात को 5941 करोड़ के विकास... 12

बड़े बेचैन से हैं हम मिलो तो चैन आ जाए, धुआं... 10




# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 21

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

मंगलवार | 31 अक्टूबर, 2023


**महाराष्ट्र के बीड में एनसीपी विधायक के घर पर पथराव:** मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता पर कथित टिप्पणी से भड़के प्रदर्शनकारी, कई गाड़ियां भी जलाईं

# हिंसक हुआ मराठा आरक्षण आंदोलन

- एनसीपी अजित पवार गुट के विधायक का घर भीड़ ने जलाया, दर्जनों वाहन फूंके
- मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा, मराठा आरक्षण देकर रहेंगे, थोड़ा वक्त दो
- मराठा आंदोलन भटक रहा है, मनोज जारांगे ध्यान दें: मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बीड

महाराष्ट्र में इस साल अगस्त से जारी मराठा आरक्षण की मांग हिंसक हो गई है। आरक्षण की मांग कर रहे दर्जनों लोग सोमवार को बीड के माजलगांव में एनसीपी अजीत पवार गुट के विधायक प्रकाश सोलंके के घर और दफ्तर पर पत्थरबाजी की। सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने यहां दर्जनों बाइक और कार में भी आग लगा दी। बीते दिनों एनसीपी विधायक प्रकाश सोलंके का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह मराठा आरक्षण की मांग करने वाले नेता मनोज जारंगे के खिलाफ कुछ बोलते नजर आए थे। आज उनके घर और दफ्तर पर हुए हमले की वजह इसी वीडियो को बताया जा रहा है। घटना के बाद इलाके में पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है। विधायक प्रकाश सोलंके ने घटना को लेकर कहा, जब हमला हुआ तब मैं अपने घर के अंदर था। हालांकि, मेरे परिवार का कोई भी सदस्य या कर्मचारी घायल नहीं हुआ। हम सभी सुरक्षित हैं लेकिन आग के कारण संपत्ति का भारी नुकसान हुआ।

## मराठा आरक्षण की मांग को लेकर अब तक 13 सुसाइड

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर रविवार (29 अक्टूबर) को एक अन्य युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बीड जिले के परली तालुका के रहने वाले गंगाभीषण रामराव के रूप में हुई है। राज्य में 11 दिनों में 13 लोग सुसाइड कर चुके हैं। मराठा आरक्षण के समर्थन में हिंगोली के शिवसेना शिंदे गुट के सांसद हेमंत पाटिल ने इस्तीफा दे दिया है। हालांकि इस्तीफा अभी लोकसभा अध्यक्ष तक नहीं पहुंचा है, लेकिन इस्तीफे का लेटर वायरल हो रहा है।



## सोलंके के घर क्यों हुआ हमला

प्रकाश सोलंके के नाम से वायरल हो रहे एक ऑडियो क्लिप को हमले के लिए जिम्मेदार बताया जा रहा है। इस ऑडियो क्लिप में प्रकाश सोलंके कथित तौर पर मनोज जारांगे पर टिप्पणी करते हैं। मराठा आरक्षण के लिए मनोज जरांगे ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की थी। उस वक्त महाराष्ट्र सरकार ने उनसे मामला सुलझाने के लिए 30 दिन का समय मांगा था। जरांगे ने वादा किया था कि वह अगले 40 दिनों तक वह विरोध प्रदर्शन नहीं करेंगे।

### अब जानिए क्लिप में क्या है?

- **प्रदर्शनकारी:** सरकार को 30 दिन का समय दिया गया था, अब 43 दिन बीत चुके हैं।
- **प्रकाश सोलंके:** अरे, दिन की डेडलाइन मांग रहे हो, दे रहे हो, ये तो मजाक है? इसका क्या मतलब है...
- **प्रदर्शनकारी:** नहीं सर, लेकिन हमने उन्हें 10 दिन का बोनस दिया है न?
- **प्रकाश सोलंके:** हां बोनस दिया था, ये सही है... बोनस देने वाला व्यक्ति एक प्रतिभाशाली व्यक्ति है। बोनस देने का मतलब है, जिसने कभी ग्राम पंचायत का चुनाव नहीं लड़ा, लेकिन अब वह सबसे बुद्धिमान व्यक्ति बन गया है।
- बताया जा रहा है कि इस ऑडियो के वायरल होने के बाद गुस्साए लोगों ने सोलंकी के घर पर हमला कर दिया।

## क्लिप एडिट की गई: विधायक

विधायक प्रकाश सोलंके ने कहा कि प्रदर्शनकारियों से बात नहीं हो सकी। उन्होंने सीधे घर पर पथराव शुरू कर दिया। वह बात करने के मूड में नहीं थे। उन्होंने मेरा घर घेर लिया। मैं मराठा हूं, आरक्षण का समर्थन करता हूं. हालांकि, कुछ लोग मेरी एडिटिट क्लिप फैलाकर गलतफहमी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। मेरा अनुरोध है कि प्रदर्शनकारियों के साथ हाथ मिलाएं। उनके बल और प्यार से मैं विधायक बना। यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। राजनीतिक शरारत के कारण ऐसा हुआ है।

## मुंबई-नवी मुंबई में भी प्रदर्शन

मराठा आरक्षण की मांग को लेकर मुंबई और नवी मुंबई में कई जगहों पर आंदोलन और अनशन किया जा रहा है। मुंबई के गोरेगांव में दोपहर 2 बजे पद यात्रा निकाली जाएगी जो एयरपोर्ट के शिवाजी महाराज की प्रतिमा तक जाएगी। नवी मुंबई के दिवा-ऐरोली चौक पर अनशन कार्यक्रम रखा गया है। नवी मुंबई के नेरुल में चेन भूख हड़ताल की जायेगी।

## शिंदे बोले, हमें थोड़ा समय दें, जारंगे अपने सेहत का ख्याल करें



मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, यह मुद्दा काफी पुराना है। देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री रहते मराठाओं को आरक्षण दिया था, लेकिन दुर्भाग्यवश सुप्रीम कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया। हमने कमेटी बनाई है। जल्द रिपोर्ट आएगी। हम मराठा आरक्षण के लिए दो तरीके से काम कर रहे हैं। पहला- कुनबी प्रमाणपत्र पत्र के द्वारा और दूसरा- सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव पिटिशन के जरिए। राजस्व मंत्री को जल्द ही कुनबी प्रमाणपत्र देने का निर्देश दिया गया है। सरकार सुप्रीम कोर्ट में यह साबित करेगी कि मराठा समाज पिछड़ा कैसे है। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जारंगे जालना के अंतरौली में 6 दिन से भूख हड़ताल पर हैं। शिंदे ने कहा- मनोज जारंगे से मेरी अपील है कि हमें वो थोड़ा समय दें। सरकार को उनकी तबीयत की चिंता है उनसे अपील है कि वो दवा-पानी लें।

## महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण का मसला क्या है?

- महाराष्ट्र में एक दशक से मांग हो रही थी कि मराठा को आरक्षण मिले। 2018 में इसके लिए राज्य सरकार ने कानून बनाया और मराठा समाज को नौकरियों और शिक्षा में 16% आरक्षण दे दिया।
- जून 2019 में बॉम्बे हाईकोर्ट ने इसे कम करते हुए शिक्षा में 12% और नौकरियों में 13% आरक्षण फिक्स किया। हाईकोर्ट ने कहा कि अपवाद के तौर पर राज्य में सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित 50% आरक्षण की सीमा पार की जा सकती है।
- जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में गया तो इंदिरा साहनी केस या मंडल कमीशन केस का हवाला देते हुए तीन जजों की बैंच ने इस पर रोक लगा दी।

## क्या है इंदिरा साहनी केस, जिससे तय होता है कोटा?

- 1991 में पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने आर्थिक आधार पर सामान्य श्रेणी के लिए 10% आरक्षण देने का आदेश जारी किया था। इस पर इंदिरा साहनी ने उसे चुनौती दी थी।
- इस केस में नौ जजों की बैंच ने कहा था कि आरक्षित सीटों, स्थानों की संख्या कुल उपलब्ध स्थानों के 50% से अधिक नहीं होना चाहिए। संविधान में आर्थिक आधार पर आरक्षण नहीं दिया है।
- तब से यह कानून ही बन गया। राजस्थान में गुर्जर, हरियाणा में जाट, महाराष्ट्र में मराठा, गुजरात में पटेल जब भी आरक्षण मांगते तो सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला आड़े आ जाता है।

## जरांगे की जिंदगी से न खेलें: उद्धव ठाकरे



शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लाभों को प्रभावित किये बिना मराठा और धनगर समुदायों को नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण दिया जाना चाहिए। दूसरी ओर, मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की 'ब्राह्मण' वाली टिप्पणी पर उनकी आलोचना की। फडणवीस ने समाचार चैनल पर कहा था कि ब्राह्मण होने के कारण उन्हें आसानी से निशाना बनाया जा रहा और वह अपनी जाति बदलने के लिए कुछ नहीं कर सकते। फडणवीस के बयान की अलोचना करते हुए जरांगे ने जालना में कहा कि अगर वह अपनी जाति नहीं बदल सकते, तो हम मराठा भी अपनी जाति नहीं बदल सकते। वह गलतियां कर रहे हैं और इसीलिए उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। फडणवीस को जाति के मुद्दों पर चर्चा करने से बचना चाहिए।



# यूपी की हवा में भी घुल रहा जहर, सांस लेना हुआ दूभर

## नोएडा, गाजियाबाद में हालात ज्यादा खराब, यहां पर प्रदूषण का स्तर रेड जोन पर जा पहुंचा

- बागपत, हापुड़ जैसे कई और बड़े शहरों की हवा में भी जहर घुला हुआ है
- हवा में धूल और धुएं के होने से प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है

जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा

**लखनऊ।** राजधानी दिल्ली के बाद अब उत्तर प्रदेश के शहरों की हवा में भी जहर घुल रहा है। हवा में प्रदूषण का स्तर दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है। हवा इतनी खराब हो गई है कि लोगों को यहां पर सांस लेना तक दूभर हो रहा है। नोएडा, गाजियाबाद में हालात ज्यादा खराब हैं क्योंकि यहां पर प्रदूषण का स्तर रेड जोन पर जा पहुंचा है। गाजियाबाद, नोएडा, बागपत, हापुड़ जैसे कई और बड़े शहर हैं जहां की हवा में जहर घुला हुआ है। हवा में धूल और धुएं के होने से प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ है। दिल्ली से सटे जिले गाजियाबाद की बात करें तो यहां के लोनी इलाके में सोमवार हवा का एक्यूआई स्तर 319 पर रिकॉर्ड किया गया। यह लेवल बेहद खराब श्रेणी में आता है। ग्रेटर नोएडा इलाके की भी हालत खराब है। नेशनल एयर क्वालिटी इंडेक्स पर गौर करें तो ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई लेवल सोमवार को पहले से कहीं अधिक बढ़ गया और 322 पर जा पहुंचा। एनसीआर के जिलों में हाला बहुत ज्यादा खराब हैं। प्रदूषित हवा लोगों को सही से सांस भी नहीं लेने दे रही है। नोएडा के सेक्टर 62 की हवा का एक्यूआई 343 व हवा की क्वालिटी बेहद खराब वाली स्थिति में आ गई है।

### लखनऊ, कानपुर की स्थिति भी चिंताजनक

उत्तर प्रदेश में दिल्ली के आसपास के जिले ही नहीं, प्रदेश की राजधानी लखनऊ और व्यापार के केंद्र कानपुर की हवा में भी प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया है। सोमवार को लखनऊ के तालकटोरा क्षेत्र का एक्यूआई 275 तक जा पहुंचा, वही कानपुर के आईआईटी के आसपास का एक्यूआई 292 था। यह दोनों ही आंकड़े चिंताजनक हैं।

### बुजुर्गों, बच्चों और सांस के रोगियों को परेशानी ज्यादा

हवा में प्रदूषण का असर बढ़ने के कारण बुजुर्गों, बच्चों और सांस के रोगियों को सांस लेने में ज्यादा दिक्कत हो रही है। बच्चों और बुजुर्गों को खांसी रुकने का नाम नहीं ले रही। पहले तो डॉक्टर इस वायरस मौसम में बदलाव का असर मानकर इलाज कर रहे हैं। इसके बाद भी खांसी नहीं रुक रही है और सांस लेने में दिक्कत बढ़ती जा रही है।

### ऐसे करें बचाव

- बेवजह बाहर न निकलें, निकालना जरूरी हो तो मास्क लगाकर ही बाहर जाएं
- घर के आसपास निर्माण हो रहा हो तो घर की खिड़कियां दरवाजे बंद रखें
- जब तक प्रदूषण अधिक है तब तक बाहर टहलने की जगह घर में ही योगासन और एक्सरसाइज करें
- दिक्कत ज्यादा होने पर किसी योग्य चिकित्सक से परामर्श लें, खुद दवा लेने से बचें

# निजी अस्पताल में भर्ती डेंगू पीड़ित महिला की मौत, शहर में 37 नए मरीज मिले

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर इलाके में स्थित मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती डेंगू पीड़ित महिला की रविवार को मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक महिला को डेंगू के साथ लिवर की भी समस्या थी। वहीं, स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है कि अस्पताल से इलाज से जुड़े दस्तावेज तलब कर डेथ ऑडिट कराया जाएगा। इसके बाद ही मौत की वजह साफ हो सकेगी। बंथरा की विजय लक्ष्मी (65) को करीब 10 दिन पहले तेज बुखार आया था। निजी क्लीनिक से दवा लेने पर राहत न मिलने पर परिजनों ने महिला को पांच दिन पहले इलाके के मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जांच में डेंगू की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। प्लेटलेट्स भी करीब 40 हजार ही बची थीं। रविवार सुबह अचानक महिला की हालत बिगड़ गई। अस्पताल प्रशासन ने जीवन रक्षक उपकरण के जरिए जाने बचाने की कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। आरोप है कि इलाज दौरान महिला की अस्पताल में मौत हो गई। महिला को वेंटिलेटर सपोर्ट पर पीजीआई रेफर किया गया था। बीच रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पीजीआई की इमरजेंसी में जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### कई मरीज पहले से अस्पतालों में भती

लखनऊ शहर के विभिन्न इलाकों में रविवार को डेंगू के 37 नए मरीज मिले हैं। कई मरीज पहले से अस्पतालों में भर्ती हैं। सीएमओ के प्रवक्ता योगेश ने बताया कि इंदिरानगर व चिनहट इलाके में पांच-पांच नए मरीज मिले हैं। ऐशबाग में तीन, अलीगंज में चार, चंदरनगर में चार, गोसाईगंज में दो, काकोरी में एक, एनके रोड पर चार, रेडक्रॉस में तीन, सिल्वर जुबली में चार व टूड़ियागंज में दो मरीज डेंगू पीड़ित मिले हैं। स्वास्थ्य व नगर निगम की संयुक्त टीमों ने कई इलाकों में लार्वा रोधी रसायन एवं फॉगिंग कराई है।

# पुलवामा में उत्तर प्रदेश के मजदूर की टारगेट किलिंग

## 24 घंटे में घाटी में दूसरा टेरर अटैक, रविवार को श्रीनगर में पुलिस इंस्पेक्टर को गोली मारी थी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। श्रीनगर

साउथ कश्मीर के पुलवामा में आतंकियों ने उत्तर प्रदेश के एक मजदूर की हत्या कर दी। घटना नौपोरा जिले की है। मजदूर की पहचान मुकेश कुमार के तौर पर हुई है। पुलिस ने जानकारी दी कि मुकेश को सोमवार दोपहर 12:45 बजे में आतंकियों ने गोली मारी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कश्मीर घाटी में ये 24 घंटे के अंदर दूसरा आतंकी हमला है। बीती रात श्रीनगर के ईदगाह इलाके में एक आतंकी ने पुलिस इंस्पेक्टर को तीन गोलियां मार दी थी। गोलियां उनकी पेट, गर्दन और आंख में लगी। फिलहाल वे अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं, हमले की जिम्मेदारी आतंकी



संगठन टीआरएफ ने ली है। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में पुलिस ने सोमवार सुबह एक आतंकवादी को मार गिराया। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि पुलिस और आर्मी के एक जॉइंट ऑपरेशन में केरन सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। इसमें एक आतंकी मारा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इंस्पेक्टर मसरूर वानी पर रविवार को हमला उस समय हुआ, जब वे स्थानीय लड़कों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे। मसरूर को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हमले के बाद से ईदगाह इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

### सोमवार सुबह कुपवाड़ा में मारा गया एक आतंकी

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार सुबह कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में एक आतंकवादी को मार गिराया। पुलिस ने 'ङ्क' पर की गई पोस्ट में लिखा कि पुलिस और आर्मी के एक जॉइंट ऑपरेशन में केरन सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया है। इसमें एक आतंकी मारा गया है।

# पांच जनवरी को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

यूपी के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि 5 जनवरी 2024 को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी जाएगी। सूची जारी होने के बाद भी छूट गए मतदाता लिस्ट में अपना नाम जुड़वा सकेंगे। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में करीब एक करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएंगे। एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े जाएंगे। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने ये जानकारियां लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रेस कांफ्रेंस में आधा घंटे विलंब से पहुंचे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी बूथों पर बीएलओ की तैनाती की जाएगी। हर महीने मतदाता सूची में जुड़ने और कटने वाले नामों की सूची पोलिंग स्टेशनवार मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**योगी ने की मां विंध्यवासिनी की आरती:** निर्माणाधीन कॉरिडोर का निरीक्षण किया, प्रयागराज में बच्चे को खीर खिलाई

# यूपी में 2017 में 10 हजार महिला सिपाही, अब 40 हजार हैं: योगी

- प्रयागराज में 3,357 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया

जन एक्सप्रेस | प्रयागराज/ मिर्जापुर



सीएम योगी मिर्जापुर और प्रयागराज के दौरे पर हैं। सोमवार को सीएम सबसे पहले मिर्जापुर पहुंचे। यहां मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करके आरती की। इस दौरान सीएम ने एक दर्शनार्थी के बच्चे को गोद में लेकर खिलाया। इसके बाद सीएम मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर के निर्माण का निरीक्षण किया और डीएम प्रियंका निरंजन से डिटेल में जानकारी ली। यहां से योगी सीधे प्रयागराज पहुंचे। जहां बच्चे को खीर खिलाकर अन्नप्रासन कराया।

### योगी बोले- बाबा साहेब से जुड़े 5 स्थलों को भव्य बनाया

प्रयागराज के सोरांव में सीएम योगी ने अनुसूचित जाति महासम्मेलन को संबोधित किया। योगी ने कहा, हम सबको साथ लेकर चल रहे हैं। डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। बाबा साहेब के बनाए संविधान से प्रेरणा ले रहे है। बाबा साहेब से जुड़े 5 स्थलों को भव्य बनाया। सरकार जो बोलती है, करके दिखाती है। पीएम मोदी ने बाबा साहेब को सम्मान दिया। पिछली सरकारों ने इन गरीबों को राशन से वंचित कर रखा था। लेकिन, कोरोना काल में आपने देखा होगा कि डबल इंजन सरकार ने गरीबों को फ्री राशन दिया। सीएम ने लालगंज में मिलिट्री ग्राउंड पर आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मां विंध्यवासिनी का दर्शन करने और विंध्य कॉरिडोर के निरीक्षण का आज मौका मिला। नारी शक्ति का केंद्र विंध्याचल में तीन देवियों का निवास हम सबके अंदर एक नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है। अष्टमी तिथि को मैंने पूछा था कि मां विंध्यवासिनी धाम में कितने श्रद्धालु आए। बताया गया लाखों की संख्या में आए। यह पहले से ज्यादा था, जो कॉरिडोर के निर्माण से बढ़ा है। सीएम योगी ने कहा- जब स्वार्थी लोग अपने अपने घरों में दुबके थे, तब हमारी डबल इंजन की सरकार खाने से लेकर टीकाकरण का अभियान चला रही थी। कन्या सुमंगला योजना और सामूहिक विवाह में लाखों बेटियों को लाभ मिला है। पहले गरीब की बेटियों की शादी में कोई जाता नहीं था। आज जिले के अधिकारी शादी करवाते हैं। प्रदेश में 15 करोड़ गरीबों को राशन का लाभ मिल रहा है। सीएम योगी ने कहा-विंध्याचल में कॉरिडोर के निर्माण से क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। कॉरिडोर से लोगों को रोजगार मिलेगा। मिर्जापुर विकास की नई बुलंदियों की बढ़ रहा है। सरकार बेटियों के लिए कई योजनाएं चला रही है। जन्म से स्नातक के पढ़ाई का खर्च दे रही है।

### प्रयागराज में 35 प्रतिशत अनुसूचित वोटरों पर फोकस

मिर्जापुर के बाद सीएम प्रयागराज पहुंचे। यहां से काशी प्रांत की 14 लोकसभा सीटों के अनुसूचित जाति के वोटरों को साधने का प्रयास करेंगे। काशी प्रांत में करीब 35 प्रतिशत वोटर अनुसूचित जाति के वोटर हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि बसपा की निष्क्रियता के बाद अब अनुसूचित जाति के वोटरों पर बीजेपी की नजर है। यही कारण है कि भाजपा प्रदेश के सभी प्रांतों में अनुसूचित जाति महासम्मेलन आयोजित कर रही है।

### बस्ती जनसंपर्क अभियान में मिला था फीडबैक

भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया बताते हैं, 26 सितंबर से बस्ती जनसंपर्क अभियान चलाया गया था। इसमें हम लोग सीधे तौर पर अनुसूचित जाति के बीच में गए थे। उन्हें भाजपा की नीतियों के बारे में बताया गया था। अब इसी उद्देश्य से यह महासम्मेलन किया जा रहा है। भाजपा राष्ट्रीय प्रशिक्षण अभियान के प्रदेश सह संयोजक डॉ. शैलेश पांडेय कहते हैं, अनुसूचित जाति के लोगों का विश्वास प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति बढ़ा है। पिछली सरकारों ने अनुसूचित जाति के लोगों को महज वोट बैंक समझा, लेकिन भाजपा सरकार में अनुसूचित जातियों का सम्मान बढ़ा है। यही कारण है कि इस वर्ग का झुकाव भाजपा की तरफ है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कराकर मोदी सरकार ने किया ऐतिहासिक कार्य : प्रतिभा शुक्ला

**धर्मनगरी के रैन बसेरा एवं मानिकपुर में वनवासी कल्याण केन्द्र में सोमवार को नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन हुआ**



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार महिलाओं के हित के लिए लगातार योजनाएं ला रही है। महिला आरक्षण बिल लाकर सरकार ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है कि देश-प्रदेश की राजनीति में महिलाओं की भागेदारी अधिक से अधिक हो। उन्होंने कहा महिलाओं को पहले धुएं से आजादी दिलाई, उज्जवला योजना के माध्यम से आज महिलाएं गैस मे खाना बना रही है। जिससे गरीब मध्यमवर्गीय महिलाओं का सबसे बड़ा हित हुआ है जिससे नारियों की शक्ति मे इजाफा हुआ है। उन्होंने कि मुगलों और अंग्रेजों की गुलामी से आजादी तो मिली, लेकिन बाद मे कॉग्रेस ने महिलाओं के हित मे कोई भी काम नही किया। जब अटल सरकार आई तब इस महिला आरक्षण बिल को लाया गया, लेकिन तब राज्यसभा मे बहुमत न होने से बिल पारित नही हो सका। कॉग्रेस सत्ता मे रही लेकिन महिला आरक्षण बिल पर काम नही हो सका और फिर एक बार भाजपा सरकार आई तो बहुमत के समय महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का विधेयक पारित हुआ, जिसका नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम रखा गया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को राष्ट्र सेवा की शपथ भी दिलवायी। मानिकपुर कार्यक्रम की प्रभारी विनीता द्विवेदी को बनाया गया था तो वहीं सीतापुर स्थित रैन बसेरा कार्यक्रम की प्रभारी राखी चौबे को बनाया गया था। इस कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री अश्वनी अवस्थी को बनाया गया था, जिनके संयोजन मे भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सफल कार्यक्रम संपन्न किया गया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी ने कहा कि इस सम्मेलन मे जितनी भारी संख्या मे महिलाओं ने भागेदारी निभाई है। सभी कि उपस्थित से मन हर्षित है और देश-प्रदेश को चित्रकूट की नारी शक्ति ऐसा संदेश दे रही है कि महिलाओं की सामाजिक व राजनैतिक भागेदारी भविष्य मे ऐसे ही सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार मे महिलाओं को आरक्षण मिला तो प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए कार्यक्रम चला रही है और कड़े कानून से बेटियों को अच्छा माहौल दे रही है। इसके पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला का स्वागत भाषण के जरिए अभिनन्दन किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंजू वर्मा, सरस्वती सोनी, अनीता सिंह, अर्चना सिंह, रेखा शुक्ला, ललिता देवी, माया प्रजापति, मनोरमा जैन, लक्ष्मी सिंह, गीता तिवारी, अराधना यादव, मानी गुप्ता मौजूद रहीं।

## अवैध गांजा व शराब के साथ दो गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब के निर्माण व मादक पदार्थों की बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने एक आरोपी को 10 लीटर कच्ची शराब व एक आरोपी को 500 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। उप निरीक्षक राजेश कुमार राय व आरक्षी अमित सिंह द्वारा रज्जन निषाद पुत्र खद्दू निषाद निवासी खोपा को 10 लीटर शराब के साथ गिररफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सरधुवा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# श्रीराम राज्याभिषेक कार्यक्रम के अध्यक्ष बने फरहत

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

श्रीराम राज्याभिषेक मंडल की बैठक कैंप कार्यालय पीलू तले चौराहे पर आयोजित किया। जिसमें निर्णय लिया गया कि हर्षोल्लास के बीच पीलू तले चौराहे पर श्रीराम राज्याभिषेक मनाया जायेगा। जिसके अध्यक्ष सर्वसम्मति से फरहत अली सिद्दीकी को चुना गया। इसके अलावा कमेटी के अन्य सदस्यों को भी मनोनीत किया। बैठक की अध्यक्षता संयोजक विनोद कुमार गुप्त ने की। अध्यक्षता करते हुए श्री गुप्त ने बताया कि परंपरागत ढंग से मनाये जाने वाले श्रीराम राज्याभिषेक महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आठ नवंबर को पीलू तले चौराहे पर मनाया जायेगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए कमेटी गठित किया गया है। जिसमें फरहत अली सिद्दीकी अध्यक्ष, दिलीप मोदनवाल महामंत्री, चौधरी गुड्डू राइन कोषाध्यक्ष, शैलेंद्र शरन सिम्पल उपाध्यक्ष, पिंटू बाजपेई सह संयोजक, राज गुप्त उपाध्यक्ष, राजीव पोरवाल आडीटर, अरूण जायसवाल विधि सलाहकार, सतेंद्र अग्रहरि मंच व्यवस्था व आकाश मोदनवाल को अतिथि व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया। नवमनोनीत पदाधिकारियों ने कहा कि मंडल ने जो विश्वास व्यक्त किया है हम सभी का प्रयास रहेगा कि उनके विश्वास पर हम सभी खरे उतरते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में जी-जान से जुटेंगे। संचालन महामंत्री दिलीप मोदनवाल ने किया। इस मौके पर मनोज सोनी, अरूण जायसवाल, राजीव पोरवाल, आशीष अग्रहरि, राकेश उर्फ रावण, आकाश मोदनवाल, मो. आजम, राज गुप्त, सत्येंद्र अग्रहरि, गुड्डू मोदनवाल, शेखर भी मौजूद रहे।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में नाना जी स्मृति व्याख्यान माला का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के जन्म दिवस पर चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास सभागार में नानाजी स्मृति व्याख्यान माला का आयोजन हुआ। दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन भी उपस्थित रहे। इस विशेष व्याख्यान माला के मुख्य वक्ता वास्तुविद एवं समाजसेवी उत्तम कुमार बनर्जी रहे। अध्यक्षता कुलपति प्रो भारत मिश्रा ने की। इस अवसर पर उद्योगपति बसंत पंडित भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजक विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय के अधिष्ठाता प्रो आई पी त्रिपाठी रहे। इस अवसर पर प्रख्यात विचारक एवं समाजसेवी भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विद्वत चर्चा हुई तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उत्तम कुमार बनर्जी ने कहा कि नानाजी युगानुकुल पुनर्रचना के शिल्पकार थे। प्रभु श्री राम की वनवास भूमि चित्रकूट के विकास के लिए उन्होंने अनेक रचनात्मक प्रकल्प प्रारंभ किए। ग्रामीण संसाधनों की मजबूती के लिए नानाजी ने शिक्षा के माध्यम से ग्रामोदय का संकल्प लिया था। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की परिकल्पना और स्थापना इसी उद्देश्य के लिए की गयी थी। उन्होंने कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय की स्थापना की प्रेरणा नानाजी ने महात्मा गांधी से ली थी। उन्होंने कहा कि नाना जी ज्ञान के भंडार थे। उन्हें समाज के प्रत्येक क्षेत्र का विशिष्ट अनुभव था। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सार्थक ग्रामीण शिक्षा के लिए उन्होंने चित्रकूट में ग्रामोदय विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि नाना जी का कोई शत्रु नहीं था, नाना जी का व्यवहार, चरित्र निर्मल और पारदर्शी था। सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को नाना जी के जीवन दर्शन से सीख लेनी चाहिए। दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि नानाजी ने वन मैन आर्मी के रूप में विकास का युगानुकुल ढांचा खड़ा किया है। नाना जी के जीवन चरित्र एवं उनके कामों को आत्मसात कर राष्ट्र का व्यवस्थित विकास किया जा सकता है। नाना जी की संकल्पना और कार्यशैली को अपनाकर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में इस क्षेत्र के विकास में अपना सशक्त योगदान कर रहा है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना के कारण क्षेत्र में अनेक प्रकार के रोजगार सृजित हुए हैं। यहां के निवासियों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। व्याख्यान माला की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख एकात्म मानववाद दर्शन के शिल्पकार थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय नाना जी के विचारों को यथार्थ का धरातल प्रदान करने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। शरद पूर्णिमा को जन्मे नाना जी देशमुख का चरित्र और जीवन दर्शन चंद्रमा की भांति 16 कलाओं से युक्त एवं परिपूर्ण था। कार्यक्रम के संयोजक एवं विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो आईपी त्रिपाठी ने बताया कि नानाजी ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के माध्यम से इस क्षेत्र के विकास से महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## अपहरण के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को सात वर्ष का कारावास

**जनएक्सप्रेस/चित्रकूट।** रात्रि में धोखे से घर का दरवाजा खुलवाकर युवक का अपहरण करके ले जाने के मामले में दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश ने जेल में बंद दस्यु खरदूषण उर्फ भइयन को सात वर्ष सश्रम करावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि रैपुरा थाने में छोटापाल पुत्र शम्भुपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में वादी ने कहा था कि 31 अगस्त 2016 की रात लगभग 12 बजे वह अपने घर के बाहर सो रहा था। इस दौरान दो लोग बन्दूक लेकर आए और उसे चुपचाप पड़े रहने के लिए धमकाया। इसके बाद उनमें से एक व्यक्ति ने घर के दरवाजे के पास जाकर कुण्डी खटखटाते हुए दरवाजा खोलने के लिए आवाज दी। जिस पर उसके चाचा का लड़का भइयालाल पुत्र ननकू धोखे में आवाज सुनकर दरवाजा खोल दिया। जिसके बाद उसे सब ने मिलकर पकड़ लिया और कहा कि राजकरण कोल का घर बताओं वहां ले जाने पर राजकरण घर में मौजूद नहीं मिला। जिसके बाद बदमाश उसके भाई भइयालाल को मात्र अगौंछा पहने हुए पकड़ ले गए।

# सरकार ने वादा खिलाफी किया तो फिर घेरेंगे विधान सभा : इन्द्रसेन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ चित्रकूट के शिक्षा मित्रों की रणनीतिक बैठक स्थानीय तुलसी पार्क धुस मैदान में संघ अध्यक्ष इन्द्रसेन यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, बैठक का संचालन वरिष्ठ नेता सर्वेश यादव ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुये अध्यक्ष इन्द्रसेन यादव ने कहा कि 18 अक्टूबर को अपनी मांगों के लिये लखनऊ की सरजमी पर शिक्षा मित्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया था जिस पर प्रमुख सचिव ने वार्ता कर कमेटी गठित कर समस्या समाधान का आश्वासन दिया था, अगर समय से निर्णायक निर्णय नही होता तो एक बार फिर प्रदेश की राजधानी में डेरा डालेंगे शिक्षा मित्र और इस बार किसी तरह की कोई वार्ता और आश्वासन नही लिया जायेगा!

### शिक्षा मित्रों को राजनीति का अखाड़ा न बनाये सरकार : सर्वेश

वरिष्ठ शिक्षा मित्र नेता सर्वेश यादव ने बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि शिक्षामित्र रूपी चट्टान की उत्पत्ति उस समय हुई थी जब प्राथमिक विद्यालयों की रीढ़ टूट चुकी थी। उस समय प्राथमिक विद्यालयो में शिक्षकों का भारी कमी तथा छात्रों का अकाल था। शिक्षा में गुणवत्ता तो दूर छात्रोंध्अभिभावकों की मोहमाया भी इन विद्यालयो से भंग हो चुकी थी। प्राथमिक विद्यालयो में शिक्षक मानक को पूर्ण करने, शिक्षा का प्रचार प्रसार करने, शिक्षा में गुणवत्ता लाने आदि उद्देश्यों की पूर्ति हेतु वर्ष 2001 में शिक्षामित्र की नियुक्ति प्रारम्भ की गयी। विद्यालयो में पहुॅचकर नवयुवक शिक्षामित्र नयी जोश, उत्साह, लगन, परिश्रम के साथ कार्य करने लगा। परिणाम स्वरूप विद्यालयो में छात्र संख्या वृद्धि, शिक्षा में गुणवत्ता व अभिभावकों का प्राथमिक विद्यालयो से प्रेम बढ़ने लगा। शिक्षामित्रों की मेहनत व शिक्षा में सुधार का सन्देश अधिकारियों, स्वयं सेवी संस्थाओ आदि के माध्यम से शासन स्तर तक पहुंचने लगा जिसके परिणाम स्वरूप विद्यालयो मे दो शिक्षामित्रो की नियुक्ति हुई। यही कारण था कि वर्ष 2001 से 2010 तक विद्यालयो में छात्र संख्या में वृद्धि, छात्रो, अभिभावको का विद्यालय से प्रेम, शिक्षा में काफी परिवर्तन, सुधार हुए। जिसे अभिभावक, अधिकारी, तत्कालीन सरकारें व यहॉ तक कि विश्व की मानी जानी संस्था ''युनेस्को'' ने भी स्वीकार किया है, किन्तु वर्तमान समय में प्रदेश सरकारों ने शिक्षा मित्रों को राजनीति का अखाड़ा बना रखा है। जिसे बर्दास्त नही किया जायेगा शिक्षा मित्र अपने भविष्य के लिये निर्णायक लडाई लड़ने के लिए कमर कस चुका है, अब लडाई आर -पार और धार -पार की लडी जायेगी अंजाम जो भी होगा देखा जायेगा! महिला प्रकोष्ठ की मीता करवरिया ने संगठन विस्तार पर कहा कि हर ब्लाक वार बैठक कर ब्लाक कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से मुकेश यादव ,रामप्रकाश सिंह, उमाकांत पांडे, रामकिशोर मिश्रा, ब्रजेश पांडे, मीता करवरिया, सकुन गोस्वामी, विमला पांडे, मिथला पांडे, ममता सिंह, नन्दकिशोर दीक्षित, नन्दू शिक्षित, राजकरण, अनवर खाँ, मुकेश श्रीवास्तव, अमित तिवारी, अरुण मिश्रा, अवनीश मिश्रा , कमलाकांत त्रिपाठी आदि सैकड़ों शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

## दुराचार के मामले में आरोपी को तीन वर्ष की सजा

**जनएक्सप्रेस/चित्रकूट।** दुराचार के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को तीन वर्ष कठोर कारावास और 20 हजार रूपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि बीती 15 जुलाई 2015 को पीडिता ने कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत कर्ता के अनुसार आरोपी छोटा पंडित उर्फ रमाशंकर पुत्र रामसेवक निवासी बगलई ने उसके घर में घुसकर दुराचार किया। विरोध करने पर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी छोटा पंडित उर्फ रमाशंकर को तीन वर्ष कारावास और 20 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# उप मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद को बंधाया ढांढस

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार केशव प्रसाद मौर्य का देवांगन एयरपोर्ट पर आगमन के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, राज्य मंत्री जल शक्ति विभाग रामकेश निषाद, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, बांदा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, अध्यक्ष जिला पंचायत अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व सांसद रमेश चंद्र द्विवेदी, भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री आलोक पांडेय, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, रामनगर श्रीगंगाधर मिश्रा, मानिकपुर अरविंद मिश्रा, अध्यक्ष नगर पंचायत राजपुर संजीव मिश्रा, भारतीय जनता पार्टी के सुनील सिंह पटेल, आनंद त्रिपाठी, भागवत प्रसाद, देव त्रिपाठी, राजकुमार त्रिपाठी, हरि ओम करवरिया, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुनंदू सुधाकरण, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने उप मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। हवाई पट्टी में उपमुख्यमंत्री ने गार्ड ऑफ ऑनर भी लिया।

इसके बाद उपमुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्र के पुत्र के आकस्मिक निधन होने पर उनके आवास पर जाकर शोक संवेदना प्रकट की ।

# ऑल इंडिया कौमी कॉग्रेस बैठक मे केंद्र व प्रदेश सरकार पर जमकर बरसे

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

ऑल इंडिया कौमी तंजीम उ.प्र. (कांग्रेस) की बैठक में कई अहम मुद्दों को लेकर चर्चा किया गया। बैठक के दौरान केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकारों पर जमकर भड़ास निकाला गया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकारें हिंदू-मुस्लिमों को आपस में लड़ाकर राजनैतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही है। जबकि कांग्रेस सभी को आपस में जोड़कर भाजपा के मंसूबों पर पानी फेर रही है। शहर के खलीलनगर स्थित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अवसाफ अहमद के आवास में उन्हीं की अध्यक्षता में बैठक आयोजन हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए अवसाफ अहमद ने कहा कि उनकी यह तंजीम ऑल इंडिया कौमी तंजीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष तारिक अनवर व प्रदेश अध्यक्ष तालिब अली है। यह कांग्रेस पार्टी की एक शाखा है जो कि पूरे प्रदेश ही नहीं पूरे देश में हिंदू-मुस्लिम भाईचारे को मजबूत करती है। सभी को एक-दूसरे के धर्मों का आदर करते हुए आपस में मिलकर रहने का संदेश देती है। श्री अहमद ने कहा कि आज देश व प्रदेश की भाजपा सरकारों ने पूरे देश व प्रदेश के हिंदू-मुस्लिमों को आपस में लड़ाकर राजनैतिक रोटियां सेंक रही है। जो किसी से छिपा नहीं है। इसलिए आज के दौर में हिंदू-मुस्लिमों के बीच आपसी भाईचारे का संदेश ही नहीं बल्कि उन्हें आपस में जोड़कर पार्टी भाजपा के मंसूबों पर पानी फेर रही है।

# टीकाकरण अभियान में 5 से 16 वर्ष तक के बच्चों को लगाए जाएंगे टीके

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी ने बताया कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत 1 से 10 नवम्बर तक (टीकाकरण दिवस बुधवार एंव शनिवार को छोड़कर) स्कूल बेस्ड डिप्थीरिया, टीडी वैक्सीनेशन अभियान चलाये जाने के शासन स्तर से प्राप्त है। इसके लिए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक निर्देश दिये गये है कि अभियान के दौरान 5 वर्ष, 10 वर्ष एवं 16 वर्ष के बच्चों का डीपीटी एवं टीडी टीकाकरण किया जाना है। इसमें सभी प्राइवेट एवं सरकारी स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के कक्षा 1, 5 एवं 10 में पढ़ने वाले ऐसे विद्यार्थी जिनका टीकाकरण न हुआ हो, को उनकी आयु के अनुसार डीपीटी, 5 वर्ष, टीडी 10 वर्ष एवं टीडी 16वर्ष का टीकाकरण किया जाना है। अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त सरकारी एंव गैरसरकारी स्कूलों, विद्यालयों, मदरसों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में कमशः कक्षा 1, 5 एवं 10 में पढ़ने वाले छात्र एंव छात्राओ को चिन्हित करते हुए ब्लॉकवार कार्य योजना तैयार कर उनका टीकाकरण किया जायेगा। अभियान से पूर्व शिक्षकगण अभिभावक बैठक, स्कूल डायरी के माध्मय से अभिभावको को अभियान के लिए संदेश प्रसारित कर टीकाकरण के लिए सहमति प्राप्त करेंगे। टीकाकरण के लिए लिखित असहमति व्यक्त करने वाले अभिभावक के बच्चो को छोड़कर शेष बच्चों को टीकाकरण समयबद्ध तिथियों में सरकारी एंव गैरसरकारी विद्यालयों में किया जाना है। असहमत अभिभावकों को भी उनके बच्चे के टीकाकरण के लिए प्रेरित किये जाने में सहयोग करेगें। टीकाकरण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एंव जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस को निर्देशित किया कि स्कूलवार प्रधानाचार्य को नोडल अधिकारी नामित करते हुए स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना तैयार कर टीकाकरण अभियान को सफल बनाये जाने में सहयोग प्रदान करें। लाभार्थियों का वैक्सीनेशन का कार्य एएनएम, आशा, आगनबाडी कार्यकत्रियों के सहयोग स्कूलवार तैयार कार्ययोजना से कराया जाये।

## गांजा कारोबारी को 18 माह की कैद

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** 1.5 किलो गांजे के साथ पकड़े गए गांजा कारोबारी को न्यायालय ने 18 माह कारावास और 10 हजार रूपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 9 सितम्बर 2011 को तत्कालीन मानिकपुर थाना प्रभारी के के मिश्रा ने मानिकपुर के बाल्मीकि नगर निवासी रज्जन उर्फ राहुल खटिक पुत्र चन्द्रभान को 1.5 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोजन पंजीकृत करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

# शिक्षामित्र संघ का हुआ नवीन गठन, बनाई आगे की रणनीति

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की एक बैठक नहर कालोनी प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें नवीन कमेटी के गठन को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही ब्लाक से लेकर जिले तक की समस्याओं पर चर्चा करते हुए रणनीति बनाये जाने पर विचार किया। बैठक के दौरान बताया गया कि एक माह में यदि प्रदेश सरकार ने समस्याएं हल न की तो लखनऊ में पुनः आंदोलन किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन के दिशा निर्देशों पर चर्चा किया गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि नवीन कमेटी के गठन हेतु नवंबर तक ब्लॉको का जनवरी 2024 तक जिला कमेटी का चुनाव होना है। इसके अतिरिक्त हर ब्लॉक से दस सक्रिय महिलाओं का समूह बनाते हुए व्हाट्सअप ग्रुप बनेंगे। जिसका संचालन महिलाओं द्वारा ही किया जाएगा। साथ-साथ जिला कमेटी द्वारा ब्लॉक में प्रभारी के माध्यम से प्रतिदिन कम से कम पांच शिक्षामित्रों से सम्पर्क करते हुए कालिंग रजिस्टर पर दर्ज करना है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि हाल ही में हुए लखनऊ धरने को लेकर शासन द्वारा कमेटी का गठन करते हुए समस्याओं के समाधान का आश्वासन मिला है। अगर एक महीने के अंदर सरकार द्वारा सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो पुनः एक-एक शिक्षामित्र लखनऊ की धरती पर आंदोलन करेगा। बैठक में अखिलेश गुप्ता, ओम पटेल, विशाल शुक्ला, विनीत, भानू, सर्वेश चंद्र, मीनू, अनिल, अजय पाल, शैलेन्द्र वर्मा, सुनील, सत्य प्रकाश मिश्रा, अतर सिंह, सुनील, मंजू सिंह, अंजली वाजपेई, सरोज, मीरा देवी, सुमन गुप्ता, आरती, सुनीता कुमारी पाण्डेय, विनीता, सियावती, पम्मी, सुनीता कुमारी, रेनू केसरवानी, नीलम गुप्ता, रीता देवी, ज्योति द्विवेदी, प्रेमलता, मनोज गुप्ता, राजेश सिंह, संदीप सिंह भी उपस्थित रहे।

## प्राकृतिक खेती करके अधिक लाभ कमाएं

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** विकास खंड मलवा के गांव अलियाबाद में कृषि विभाग की सहयोगी संस्था ईश एग्रिटेक द्वारा जैविक किसान मेला आयोजित किया गया। मेले में आये किसानों को प्राकृतिक संसाधनों के माध्यम से खेती करने एवं मोटे अनाज (श्री अन्न) के उत्पादन के लिए जागरूक किया गया। सेवानिवृत कृषि वैज्ञानिक डा. शिवमंगल सिंह ने कहा कि आज खेती करना सरल बात नहीं है। खेती को तकनीकी से करिये तभी लाभ होगा। उन्होंने जैविक खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया। प्रगतिशील कृषक रमाकांत तिवारी ने कहा कि किसान अब बाजार से मंहगा बीज लाता है जबकि बीजशोधन भूल गया। प्राकृतिक रूप से बीजामृत के माध्यम से बीज उपचारित कर स्वयं बीज तैयार करे तो खेती में लागत कम हो जाए। उन्होंने कहा कि किसान निराई, गुड़ाई सब भूल गया। जीवामृत, निमास्त्र की प्रायोगिक विधि भूल गया जिससे खेती करना मंहगा हो गया और यूरिया, डीएपी पर निर्भर हो गया है। प्राकृतिक रूप से खेती करिये तो अब खरीददार ज्यादा मिलेंगे और अच्छा दाम मिलेगा। श्री अन्न की खेती करिए। सत्यापित, प्रमाणिक बीजों के लिए अपने क्षेत्र के किसान उत्पादक संगठनों से मिलिए जानकारी लीजिये। कार्यक्रम का संचालन आलोक गौड़ ने किया। इस मौके पर प्रधान प्रमोद सिंह परिहार सहित ईश एग्रिटेक के प्रोजेक्ट क्वार्डिनेटर जितेंद्र सिंह, अनिल मिश्रा, विपुल तिवारी, अरविंद, अरुण द्विवेदी, घनश्याम शुक्ला, पारथ सिंह, शेरबहादुर सिंह, चंद्रपाल पटेल सहित तमाम लोग रहे।

## दहेज उत्पीड़न के चलते आत्महत्या के मामले में दोष सिद्ध मृतका के पति को छह वर्ष की सजा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

दहेज उत्पीड़न के चलते विवाहिता को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने मृतका के पति को छह वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 12 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि बीती 21 अप्रैल 2011 को राजापुर तहसील के खोपा गांव के निवासी चन्द्रभान सिंह पुत्र गया सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गयी तहरीर में वादी ने कहा कि उन्होंने अपनी भतीजी की शादी मऊ थाना क्षेत्र के टिकरा गांव के निवासी संतोष उर्फ गुड्डू पुत्र रामनिहोरे के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन उनकी भतीजी का उत्पीड़न करते थे। साथ ही संतोष के एक अन्य युवती से अवैध सम्बन्ध थे। इसके चलते वह लोग गुन्जा के साथ मारपीट करते थे। बीती 20 अप्रैल 2011 को गुन्जा ने प्रताड़ना के चलते परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज संजय कुमार ने निर्णय सुनाया।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई निविदा सूचना सं० | 1116– वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक– 30.10.2023 |
| 2. | कार्य का नाम | अयोध्या कैंट स्टेशन पर यातायात संचालन की क्षमता बढ़ाने के लिए गुड्स शेड क्षेत्र और स्टेशन आगमन के प्रावधान और सुधार के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 24,26,379.76/- (चौबीस लाख छब्बीस हजार तीन सौ उनियासी रुपये एवं छिहत्तर पैसा मात्र) |
| 4. | ई निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु.48,600/- (अड़तालीस हजार छः सौ रुपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 माह |
| 7. | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व् समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 21.11.2023 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 10. | योग्यता मानदंड | केवल वही निविदाकर्ता योग्य होंगे जो योग्यता मानदंड को पूरा करते हों। |
| 10.a | तकनिकी योग्यता मानदंड | निविदाकर्ता के पास किसी भी राज्य सरकार द्वारा जारी फर्म के नाम से वैध विद्युत ठेकेदारी लाइसेंस होना चाहिए तथा फर्म अपने ऑफर के साथ विद्युत लाइसेंस के सभी विवरण संलग्न करे |

सूचना सं0–1116–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 30.10.2023 3387/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 31.4 (+0.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 14.0 (-2.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 90 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 37 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.0 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# हिन्दू बहनों ने की शस्त्र पूजा, शौर्य यात्रा निकाल दिया समाज को संदेश

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

विश्व हिन्दू परिषद, कानपुर महानगर की मातृशक्ति दुर्गावाहिनी आयाम द्वारा सोमवार को दुर्गाष्टमी का कार्यक्रम गोविन्द नगर स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर, में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में आरपीएफ की प्रभारी सुरुचि शर्मा , मुख्य वक्ता दुर्गावाहिनी क्षेत्र सह संयोजिका कल्पना,प्रान्त सह संयोजिका मातृशक्ति संगीता पाण्डेय ,नेहा शुक्ला प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर, अमिता तिवारी प्रधानाचार्य गुलमोहर पब्लिक स्कूल, कविता सिंह प्रधानाचार्य साहित्य कला अकादमी, तापसी चक्रवर्ती विभाग संयोजिका मातृशक्ति,विभाग संगठन मंत्री पीयूष की गरिमामयी उपस्थिति में प्रभु श्रीरामजानकी एवं माता दुर्गा का पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया है। बहनों ने शस्त्र पूजन कर समाज से दुष्टों एवं दुष्प्रवृत्तियों के विनाश का संकल्प लिया। कल्पना ने बहनों बेटियों के स्वावलम्बन पर जोर देते हुए यह भी कहा कि मतान्तरण एवं लव जिहाद जैसी विभीषिकाओं को लेकर समाज में जनजागरण हो, सोशल मीडिया आदि





**बहनों ने निकाली भव्य दुर्गा केसरिया यात्रा**

अर्चना दीदी के नेतृत्व में कानपुर विभाग के सभी 4 जिलों की संयोजिका बहनें के नेतृत्व में मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी की बहनों द्वारा शौर्य यात्रा निकाली गई, जिसमें भारी सँख्या में बहनें भगवा ध्वज लेकर निकलीं। हिन्दू नारी वीर बन,माँ दुर्गा का प्रतीक बन,अबला नहीं चिंगारी है, ये भारत की नारी है जैसे नारों के साथ जैसे साक्षात माता भगवती की सेना निकल रही हो, इस दृश्य देखकर देखकर जगह जगह जनमानस ने शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की।

से हो रहे दुष्प्रचार से युवा वर्ग कैसे बचे, इन विषयों पर भी जनजागरण किया जाए। माताओं बहनों कावैचारिक-शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहे। संगीता पाण्डेय ने कहा कि, माता ही संतति की निर्मात्री होती है, हम माताओं बहनों में आत्मविश्वास, आत्मरक्षा, संस्कार, मानबिन्दुओं की स्थापना एवं संवर्द्धन हेतु निरन्तर कार्य कर रहे हैं। सकारात्मक सोच एवं ऊर्जा के साथ निरन्तर प्रगति हो रही है। कार्यों को और गति देने के लिए गहन सम्पर्क, हर प्रखण्ड में कार्यकर्ताओं का निर्माण, दुर्गाष्टमी पर हर मंदिर में दुर्गा का पूजन एवं माता दुर्गा शस्त्रों से सुसज्जित हैं, उनकी शक्ति एवं शौर्य से क्या प्रेरणा लेनी चाहिए।

# शिवराजपुर शिवली मार्ग झाड़ियों से पटा

### ठेकेदार अधिकारी अनजान आए दिन मोटरसाइकिल सवार फिसल कर गिरकर होते हैं घायल



**घनी झाड़ियों में जंगली जानवरों के छिपे होने की आशंका**

रोड के दोनो तरफ 10 फीट लंबी उगी झाड़ियों की वजह से रात्रि में सफर करने वाले राहगीरों और किसानों को जंगली जानवरों के छिपे होने का खतरा दिख रहा है इस समय किसान अपने खेतों में फसलों की बुआई में लगे है उसी कारण खतरे की आशंका है क्यों की जंगली जानवर कई बार किसानों पर जानलेवा हमला करने में सक्षम होते है साथ ही झाड़ियों से अचानक जानवरों के निकलने से वाहनों में टकराकर दुर्घटना होने का खतरा होता है

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में प्रमुख मार्गों पर पतावर की और बबूल की झाड़ियां इतनी ज्यादा बढ़ गई हैं कि डामर रोड भी दो-दो फीट दोनों तरफ ढक लिया है जिसके चलते आए दिन वाहन सवार टकरा जाते हैं जिससे मोटरसाइकिल सवार भी गिरकर चोहटिल हो जाते हैं लेकिन इसी ओर लोक निर्माण विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। बिल्हौर, ककवन, चौबेपुर और शिवराजपुर क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की लापरवाही से महीनों से राजमार्ग के दोनो तरफ पतावर और बबूल की झाड़ियां ऊंची ऊंची खड़ी है। तो लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सर्वे करते ना ही इन झाड़ियों को काटने की सोचते है जिससे लोगो के लिए जान की जहमत बनकर सामने उभर रही है अति तीव्र मोड़ होने पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने रेडियम रिफ्लेक्टर नही लगवाए है अगर रेडियम रिफ्लेक्टर लगे हो तो रात्रि में वाहन चालको को मोड़ की दिशा मिल सके जिससे हादसे होने से वाहन चालक बच सके। सड़कों पर जो संकेतांक लगे हैं वह भी झाड़ियां में ढके हुए हैं। शिवराजपुर शिवली राजमार्ग के दोनो तरफ घनी झाड़ियों और पतावर खड़े है जिससे दिन सहित रात में सफर करने वाले लोगो के अंदर भय व्याप्त होकर दहसत में है राजमार्ग के कासामऊ से लेकर बाबा कुंआ मोड़ तक मार्ग के दोनो तरफ झाड़ियां उगी है।आस पास क्षेत्रीय ग्रामीण लोगो ने झाड़ियों की वजह से बड़े हादसे होने की आशंका जताई है कासामऊ गांव पास झाड़ियों सहित अति तीव्र मोड़ है झाड़ियों की वजह से कभी कदार बाइक और चार पहिया वाहन चालक बड़े हादसे का शिकार हो जाते है।इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कुंभकरण की नींद सोए हुए है जिससे कारण आस पास ग्रामीण के लोगो में आक्रोश व्यक्त है

## ग्राइंडर से पत्थर काट रहे कारीगर की गर्दन कटी, दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

महाराजपुर थाना क्षेत्र के मोहनखेड़ा गांव में पत्थर काटते समय ग्राइंडर छिटकने से युवक की गर्दन कट गई और अस्पताल ले जाते समय युवक की मौत हो गई जानकारी के मुताबिक मोहन खेड़ा निवासी मोतीलाल का 17 वर्षीय बेटा करण मार्बल मिस्त्री था रविवार शाम अपने घर में पत्थर काट रहा था तभी अचानक ग्राइंडर मशीन स्लीपर हो गई जिससे उसकी गर्दन कट गई परिजन कारण को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसौल भेज लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया था थाना प्रभारी महाराजपुर ने बताया है कि पत्थर काटते समय हादसे में युवक की मौत हुई है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## शादी के 3 माह बाद ही पत्नी हुई फरार पति पहुंचा थाने

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

**कानपुर नगर।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत पहलवान पुरवा गांव का रहने वाला पीड़ित पति ओमवीर सिंह बीते दिन सोमवार की शाम रोता हुआ नवाबगंज थाने पहुंचा। जहां पर उसने थाने पर मौजूद सिपाहियों को पत्नी के घर पर ताला लगाकर भाग जाने के बाद बताई। जिसके बाद सिपाहियों ने पीड़ित पति से प्रार्थना पत्र देने को कहा है। आपको बताते चलें ओमवीर सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी लालूपुर उन्नाव ने तीन माह पूर्व लव मैरिज शादी की थी। शादी के बाद वह नवाबगंज थाना क्षेत्र के पहलवान पुरवा में किराए के मकान पर रह रहा था। ओमवीर ने बताया कि वह नवाबगंज में ही एक निजी अपार्टमेंट में रात्रि के वक्त गार्ड की नौकरी करता है। इसके अलावा



परिवार का खर्चा पूरा न होने की वजह से दिन में भी वह गाड़ी धुलाई का काम करता है। सोमवार की शाम काम करने के बाद घर वापस लौटा तो घर में ताला लटका हुआ मिला। उसने अपनी पत्नी को काफी तलाश किया लेकिन पत्नी का कोई पता नहीं चला। जिसके बाद वह रोता बिलखता हुआ नवाबगंज थाने पहुंचा जहां पर उसने थाने पर मौजूद सिपाहियों को आप बीती सुनाई। सिपाहियों ने उसे पत्नी के खिलाफ प्रार्थना पत्र देने को कहा है।

## जन संवाद कार्यक्रम का पुलिस कमिश्नर ने दीप जलाकर किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश सतर्कता अभियान कानपुर सेक्टर द्वारा 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक सतर्कता जन जागरूकता अभियान सप्ताह का शुभारंभ अटल बिहारी वाजपेई सभागार कानपुर विकास प्राधिकरण में हुआ। यह जन संवाद कार्यक्रम पुलिस आयुक्त कानपुर नगर की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान कानपुर सेक्टर एवं स्टाफ सहित मनाया गया। इस जनसंवाद कार्यक्रम में लगभग ढाई सौ व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया तथा जनता के प्रतिनिधियों द्वारा भ्रष्टाचार से संबंधित



अपने विचार रखें गए। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कानपुर नगर एवं पुलिस अधीक्षक उत्तर प्रदेश सतर्कता अनुष्ठान कानपुर सेक्टर द्वारा भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायत करने के लिए अपनायी जाने वाली प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में राजा भरत अवस्थी, सीमा अग्रवाल, सुंदरलाल वर्मा, महाराज सिंह, रामरतन विश्वकर्मा, विनोद अवस्थी,विकास गौड आदि मौजूद रहे।

## वोटर चेतना अभियान की रणनीति के लिए सांसद ने की बैठक

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 से पहले नए युवा मतदाताओं को जोड़ने के उद्देश्य से वोटर चेतना अभियान चला रही है जिसके अंतर्गत भाजपा 30 अक्टूबर से 5 नवंबर और 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक घर-घर संपर्क के माध्यम से हर दरवाजे पर दस्तक देगी। सांसद सत्यदेव पचौरी, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने चावला चौराहे पर जूही मंडल के गांधी स्मारक शक्ति केंद्र में सोमवार को वोटर चेतना अभियान को लेकर बैठक की । बैठक में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए युवाओं से संपर्क कर उनके नाम मतदाता सूची मे शामिल कराकर उन्हें मताधिकार दिलाएंगे। उन्होंने बताया कि दक्षिण जिले के सभी 1141 बूथ



अध्यक्षों और बूथ लेवल एजेंट बीएलए तक नई मतदाता सूची पहुंच चुकी है। पार्टी के सांसद, विधायक से लेकर जिला पंचायत सदस्य सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रदेश से लेकर मंडल व शक्ति केंद्र स्तर तक के पदाधिकारियों को एक एक शक्ति केंद्र का प्रभारी बनाया गया है। बैठक में शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्षों, बीएलए के अलावा मौजूद सभी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर नए मतदाता खोजने और विवाह या अन्य किसी कारण से बूथ से कहीं और जा चुके या दिवंगत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटवाने को कहा । उन्होंने कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन चलाने वाले युवाओं को ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से भी मतदाता बनने की प्रक्रिया की जानकारी देकर ऑनलाइन मतदाता बनने के लिए प्रेरित करने की बात कही। इस अवसर पर विनोद मिश्रा, गणेश शुक्ला, शिवपूजन सविता ,सुनील नारंग, आभा द्विवेदी, संजीव वेरी, गौरव तिवारी आदि मौजूद रहे।



गरीबों की दुकान उजाड़ने पहुंचे थे नगर निगम अधिकारी

## अमिताभ बाजपेई बने मसीहा

- 200 से 250 दुकानदार यहां पर दुकान लगाते हैं सभी की रोजी रोटी छिन जाएगी
- दुकानदारों ने नगर निगम के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर के परेड रामलीला ग्राउंड में सोमवार को पटरी की दुकानें हटाने के लिए नगर निगम का प्रर्वतन दस्ता पहुंचा। दुकानदारों ने बाजार न लगने दिये जाने पर एतराज जताया इसी दौरान दुकानदारों ने कर्मचारियों का घेराव कर लिया। जानकारी पाकर एसीपी कोतवाली रंजीत कुमार भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। दुकानदारों ने नगर निगम के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना मिलने के बाद सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी भी मौके पर पहुंच गए। वह दुकानदारों के समर्थन में धरने पर बैठ गए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को डांटते हुये कहा कि हम लोग जनप्रतिनिधि क्या चपरासी हो गये हैं। क्षेत्र में आकर न कुछ पूछोगे न बताओगे। ऐसे विकास कार्य नही होता ऐसा विकास कार्य करो जो जनता के उपयोग में आ सके। सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी ने बताया कि परेड बाजार जहां पर आजादी के पहले से गरीब दुकानदार अपनी दुकान लगाकर जीवनयापन करते हैं। आज जबरदस्ती नगर-निगम अधिकारी फोर्स के साथ दुकान उजाड़ने पहुंचे। पाथवे बनाने के लिए गरीब दुकानदारों की दुकान हटा रहे थे। मौके पर पहुंच कर धरना देकर अधिकारियों से वार्ता की। लड़ाई आर-पार की होगी। किसी रोजी-रोटी छीनने नहीं दिया जायेगा। दुकानदारों के मुताबिक यहां वर्षों से दुकान लगा रहे हैं। हफ्ते में 3 दिन मंगलवार, गुरुवार, शनिवार बाजार लगती है। अचानक नगर निगम के अधिकारी बात रहे हैं कि यहां बाजार नही लगने दी जाएगी। 200 से 250 दुकानदार यहां पर दुकान लगाते हैं सभी की रोजी रोटी छिन जाएगी। नगर निगम के अधिकारी विद्यासागर यादव ने बताया कि रामलीला ग्राउंड के चारों तरफ 12 फीट चौड़ा पाथवे बनाकर ग्रीनरी डेवलप करना है। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा के निर्देश पर विधायक से वार्ता करने के बाद यथास्थिती को बरकरार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## भाजपा नेता के घर पुलिस ने कुर्की का नोटिस किया चस्पा

जन एक्सप्रेस | भरत पाण्डे

**कानपुर नगर।** चकेरी किसान आत्महत्या मामले में भाजपा नेता आशू दिवाकर के घर पर चकेरी थाने की पुलिस ने 82 की कार्रवाई का नोटिस चस्पा कर दिया है,चकेरी पुलिस ने मोहल्ले में घोषणा की है, कि फरार अभियुक्त आशू दिवाकर रंजन को पकड़वाने वाले को ?100000 का इनाम दिया जाएगा और बताने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।नोटिस चस्पा करते समय पुलिस वालों से और आशू दिवाकर रंजन के परिवार वालों से कहा सुनी हुई, लेकिन पुलिस ने नोटिस चस्पा कर क्षेत्र में



घोषणा कर दी है कि अगर आशू दिवाकर रंजन ने समय रहते पुलिस के हवाले अपने आप को नहीं किया तो, उनके घर की कुर्की कर दी जाएगी।

**परिजनों ने पुलिस पर लगाए आरोप**

आपको बता दें कि एक लाख के इनामी भाजपा नेता आशू दिवाकर रंजन के परिजनों का कहना है कि पुलिस विपक्षी से मिली हुई है और मृतक किसान बाबू सिंह यादव के द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट को फोरेंसिक जांच के लिए नहीं भेज रही है ,बेवजह आशू दिवाकर रंजन को फंसा रही है जबकि आशू दिवाकर रंजन पर लगे आरोपों से भयभीत होकर उनकी मां उर्मिला की मौत हो गई है वहीं उनके पिता राम प्रकाश की भी हालत नाजुक है।

## ज्वैलर्स की दुकान से जेवरात किए पार

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

थाना बर्रा क्षेत्र में स्थित सर्राफा दुकान में जेवर खरीदने के बहाने गई मां बेटी ने जेवराज पार कर दिए तौल में जेवर कम निकालने पर दुकानदार को शक हुआ तो उसने सीसीटीवी कैमरा की जांच की जिसमें महिला जेवर पार करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकानदार ने पुलिस को मामले की सूचना देकर एफआईआर दर्ज कराई है। जरौली फेस वन अमित गुप्ता की कर्रही में श्री दशसराफा ज्वेलर्स के नाम से दुकान है अमित ने बताया कि रविवार सुबह घाटमपुर के रार गांव निवासी आशा देवी पत्नी महेंद्र यादव अपनी नाबालिक बेटी के साथ जेवरात खरीदने आई थी। बिछिया दिखाने के दौरान आशा देवी ने दो जोड़ी बिछिया पर कर दी और पसंद ना आने की बात कह कर



जाने लगी इस दौरान अमित ने तौल किया तो वजन कम निकला। शक होने पर अमित ने सीसीटीवी कैमरा की जांच की तो उसमें आशा देवी और उसकी बेटी जेवरात चोरी करते हुए कैद हो गई अमित ने आशा और उसकी बेटी को रोक कर मामले की जानकारी पुलिस को दी इस दौरान दुकान में मौजूद महिलाओं ने आशा देवी और उसकी बेटी की जांच की तो उसके पास से दो जोड़ी बिछिया और एक जोड़ी पायल बरामद हुई पुलिस दोनों मां बेटी को लेकर थाने पहुंची पूछताछ में आशा देवी ने बताया कि उसने इससे पहले आनंदेश्वर ज्वेलर्स से एक जोड़ी पायल चोरी की थी बर्रा थाना अध्यक्ष सूर्य बली पांडे ने बताया कि महिला पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुकी है पीड़ित सर्राफा कारोबारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## सब्जी विक्रेता पर फेंका देसी बम दुकानदार समेत महिला घायल

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

थाना सेन पश्चिम पर में एक युवक ने सब्जी दुकानदार पर देसी बम से हमला कर दिया। देसी बम के धमाके से सब्जी दुकानदार समेत उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। दुकानदार ने देसी बम फेंकने की सूचना डायल 112 पर दी जानकारी मिलते ही पुलिस महके में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची सेन पश्चिम पारा पुलिस आरोपी युवक को पड़कर थाने लाई है जहां उससे पूछताछ जारी है सेन पश्चिम पर थाना क्षेत्र के गोपाल नगर निवासी अशोक कुमार गुप्ता ने रविवार देर रात सेन पश्चिम पारा थाने पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि देर रात में और उनकी पत्नी सब्जी की दुकान बंद कर रहे थे तभी वहां पर संतोष गुप्ता आए और देसी बम उनके ऊपर फेंकने लगे देसी बम के धमाके से निकले कंकड़ पत्थर उनके लग गए जिससे वह और उनकी पत्नी रचना गुप्ता घायल हो गई जिसके बाद युवक वहां से भागने लगा वहां पर मौजूद लोगों ने युवक को पकड़ लिया इसके बाद उन्होंने दुकान से डायल 112 पर फोन करके पुलिस को जानकारी दी । जानकारी मिलते मौके पर पहुंची सेन पश्चिम पर पुलिस आरोपी संतोष को थाने ले आई जहां पर पुलिस संतोष से पूछताछ कर रही है पुलिस को पूछताछ में संतोष ने बताया कि वह दईमार लेकर आए थे जिसे छुड़ा रहे थे पुलिस को उनके पास से एक देसी बम बरामद नहीं हुआ है पुलिस जांच कर रही है।

## किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का आकलन इसकी खेती किसानी की स्थिति से होता है: डॉ. अजय कुमार

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर पर सोमवार को बीएससी कृषि सप्तम सेमेस्टर की छात्राओं का ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव प्रारंभ हुआ। जिसमे केंद्र के प्रभारी डॉ.अजय कुमार सिंह ने बताया कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का आंकलन उस देश की खेती-किसानी की स्थिति से होता है। देश की 70 फीसदी जनसंख्या रोजगार के क्षेत्र में खेती-किसानी से जुड़ी है। उन्होंने बताया कि छात्रों को इस कार्यक्रम के माध्यम से इस दिशा में उभरते अवसरों, चुनौतियों, फार्म




योजना, वाटरशेड विकास के विषय में जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि इस कोर्स के अंतर्गत स्टूडेंट रेडी कार्यक्रम चलता है जिसमें केवीके प्रशिक्षण, एनजीओ प्रशिक्षण और विलेज स्टे छात्रों को इन रणनीतिक क्षेत्रों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए मुख्य मॉड्यूल हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण प्रवास के दौरान छात्र छात्राएं 90 कार्य के लिए ग्रामीण परिवारों के साथ रहते हैं जो किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने व नवीनतम तकनीकियो के विषय में जानकारी प्रदान करता है। इसके साथ ही छात्र छात्राएं कृषको के साथ उनकी परिस्थिति में रह कर प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने के अलावा, रावे मॉड्यूल छात्रों की मानसिकता, दृष्टिकोण,व्यक्तित्व लक्षण, प्रबंधकीय और उद्यमशीलता कौशल में सकारात्मक बदलाव लाते हैं।

# सीएम योगी एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे अमेठी

## त्रिशुंडी में 900 करोड़ रुपए की लागत से बने कोकाकोला बॉटलिंग प्लांट का किया उद्घाटन

* पूर्ववर्ती सरकारों पर जमकर बरसे योगी
* केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद भी रहीं मौजूद



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचे।उन्होंने प्रतापगढ़ सुल्तानपुर हाईवे पर स्थित इंडस्ट्रियल एरिया त्रिशुंडी अमेठी में 900 करोड़ रुपए की लागत से बने कोकाकोला बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन किया।कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और अमेठी सांसद स्मृति ईरानी,अमेठी के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव,मंत्री नंद गोपाल नंदी,राज्य मंत्री व तिलोई विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह,अमेठी जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि समेत कई बड़े बीजेपी नेता और विधायक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर तीन बजे के करीब अमेठी के त्रिशुंडी औद्योगिक क्षेत्र पहुंचें। जहांपे 33 एकड़ के क्षेत्र में स्थित लगभग नौ करोड़ रुपए की लागत से बना एसएलएमजी के बॉटलिंग प्लान्ट का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्लांट से बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार मिलेगा।साथ ही क्षेत्र का विकास होगा। इस फैक्टरी में एक हजार लोगों को सीधे और प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।जबकि पन्द्रह हजार से अधिक अप्रत्यक्ष रूप से इससे जुड़ेंगे। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूर्ववर्ती सरकारों पर जमकर बरसे।उन्होंने कहा कि जब से डबल इंजन की सरकार बनी है,तब से निवेशकों का भरोसा उत्तर प्रदेश में बढ़ा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा,पहले की सरकारों के पास औद्योगिक नीति का कोई विजन नहीं था।वह जातिवाद और परिवार वाद में ही उलझी रहती थीं। उन्होंने आगे कहा,जो व्यक्ति जातिवाद और परिवारवाद के बारे में सोचने के लिए ज्यादा समय लगाता हो,वह निवेश और प्रदेश तथा देश के विकास के बारे में कैसे सोच सकता है।उन्होंने ये भी कहा कि दुर्भाग्य से उत्तर प्रदेश की सत्ता इन्हीं लोगों के हाथों में थी। सीएम ने कहा प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। 2017 के बाद यूपी में लगातार निवेश हो रहा है। पहले उत्तर प्रदेश में निवेश नहीं होता था।भय के माहौल से लोग निवेश नहीं करना चाहते थे।उत्तर प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है।

## सांसद मेनका का तीन दिवसीय दौरा, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगी शामिल

**जनएक्सपेस/सुल्तानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सुल्तानपुर की सांसद मेनका संजय गांधी 3 दिवसीय दौरे पर आज संसदीय क्षेत्र पहुंच रही है। श्रीमती गांधी दिल्ली से प्रातः 8:00 बजे सड़क मार्ग द्वारा नोयडा,यमुना एक्सप्रेस-वें से आगरा - लखनऊ एक्सप्रेस -वें वाया लखनऊ- वाराणसी फोरलेन होते हुए 4 बजे असरोगा टोल प्लाजा पहुँचेगी। यहां पार्टी नेताओं द्वारा स्वागत किया जायेगा। इसके बाद सांसद श्रीमती गांधी 4:30 बजे लंभुआ के नौगवा में स्वामीनाथ दूबे के यहां आयोजित श्रीमदभागवत कथा में शामिल होंगी। तत्पश्चात शास्त्रीनगर स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात करने के बाद रात्रि विश्राम करेंगी। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमती गांधी 1 नवम्बर तथा 2 नवम्बर को अपराह्न 2:30 बजे तक संसदीय क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी। तत्पश्चात सांसद श्रीमती गांधी सड़क मार्ग से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी। शास्त्रीनगर आवास पर प्रातः 7:00 बजे से 9:30 बजे तक जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जन-शिकायतों का निस्तारण भी करेंगी।

# गाँव बढ़े तो देश बढ़े: डॉ. बिजेन्द्र सिंह

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**



किसान की उन्नति से ही देश और समाज खुश हाल हो सकता है, देश की आर्थिक प्रगति मे खेती का अहम योगदान है ऐसे मे किसानो को खेती का तकनीकी ज्ञान होना बहुत आवश्यक है क्योकि बिना तकनीकी ज्ञान के मनुष्य किसी भी क्षेत्र मे महारत नही हासिल कर सकता। वर्तमान समय मे बढती हुई जनसंख्या और भूमि की घटती जोत एक बड़ी समस्या बन गयी है इसके लिए तकनीकी का सहारा लिए बिना इतनी बडी आबादी को गुणवाता युक्त भोजन नही उप्लब्ध कराया जा सकता है। उपरोक्त बाते आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेन्द्र सिंह ने नाबार्ड क सहयोग से ओंकार सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कृषक दल को रवाना करते समय कही। विदित हो कि जनपद 25 प्रगतिशील किसान करनाल स्थित राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान तथा भारतीय गेंहू और जौ अनुसंधान संस्थान मे पाँच दिन प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। नबार्ड के सहयोग से ओंकार सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कृषक भ्रमण दल विदित हो की 25 किसानो का यह दल हरियाणा स्थित राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, भारतीय गेंहू और जौ अनुसंधान संस्थान तथा भारत इज़राइल सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र मे पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जा रहे है। ये सभी संस्थान भारत सरकार के ख्यातिप्राप्त संस्थान है जहाँ पर किसानो का जाना और वहाँ से तकनीकी ज्ञान अर्जित करना खेती के लिए शुभ संकेत है , पाँच दिन मे किसान दुग्ध उत्पादन और मूल्य संवर्धन गेंहू और जौ का बीज उत्पादन तथा पृसन्स्करण तथा सब्जी की खेती की नवीनतम तकनीकी (हाईड्रॉ पोनिक, संरक्षित खेती) आदि के विषय मे व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम समन्वयक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सभी किसानो को गेंहू, सब्जी, मटर और जौ की उन्नतिशील किश्मॉ का बीज भी प्राप्त होगा इसके साथ साथ कृषि सम्बंधित सहित्य भी प्रदान किया जाएगा। यह भ्रमण दल कई मायने मे खास है क्योंकि इसमे युवा कृषक और ऐसे लोग भी है जो कोरोना के समय नौकरी छोडकर घर वापस आये थे और आज नए ढंग से खेती कर रहे है। विदाई के समय विश्वविद्यालय के प्रो जसवन्त सिंह, डॉ ओ पी सिंह, उमा शंकर पांडेय ने भी किसानो को शुभकामना दी, भ्रमण दल मे इन्द्रजीत सिंह, श्री कृष्ण द्विवेदी, राम देव पांडेय, चंद्र शेखर, नरसिंह नारायण तिवारी, चंद्र नाथ पांडेय, हरि कृष्ण, मोती पाल, रविन्द्र यादव, जमुना प्रसाद, अवधेश सिंह सहित सभी पच्चीस किसान उपस्थित रहे।

# पैसे के लेनदेन के विवाद में युवक पर धारदार हथियार से हमला

* अमेठी सीएचसी में चल रहा है इलाज, एक आरोपी हिरासत में

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



पैसे के लेनदेन के विवाद में दबंगों ने बीच बाजार युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अमेठी सीएससी में भर्ती कराया गया।जहां उसका इलाज चल रहा है।बताया जा रहा है कि हमला करने वाला एक युवक केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स हाथरस में तैनात है। फिलहाल पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। और उसके पास से घटना में प्रयुक्त बांके को भी बरामद कर लिया है। जबकि दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया है।पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के मिस्रौली बाजार का है।जहाँ पास के गांव बदलापुर के पूर्व प्रधान कृष्ण मोहन तिवारी का बेटा नितिन रविवार को रात करीब नौ बजे मिश्रौली बाजार में बैठा हुआ था।इसी बीच पास के गांव तारापुर का रहने वाला मोनू सिंह ने उसे फोन किया।और अपने पास बुलाया।मोनू के फोन करने पर नितिन बताये गए स्थान पर पहुंचा तो मोनू के साथ एक अन्य युवक भी मौजूद था। जिसने बात बात में नितिन पर बांके से हमला कर दिया।नितिन के चिल्लाने की आवाज सुनकर बाजार में मौजूद कुछ लोग घटना की तरफ दौड़े। इसके बाद दोनों युवक भागने लगे,लेकिन इसी बीच ग्रामीणों ने पुलिस को फोन कर दिया।आनन फानन में पुलिस मौके पर पहुँची।और हमला करने वाले युवक को हिरासत में ले लिया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त बांके को भी बरामद कर लिया। जबकि मोनू मौके से फरार हो गया।पुलिस युवक को पूछताछ के लिए थाने लेकर गई।

### असलहे और धारदार हथियार पहले से मौजूद थे

पीड़ित ने कहा वहीं पीड़ित नितिन तिवारी ने बताया कि उसने अपने दोस्त मोनू सिंह को पैसा उधार दिया था। मोनू सिंह ने फोन करके बुलाया और बोला यहां आओ कुछ काम है। जब मैं गया तो वह लोग शराब के नशे में थे। और मुझसे बदतमीजी करने लगे।जब मैंने इसका विरोध किया तो मयंक सिंह जोकि सीआरपीएफ के जवान हैं। उसने मेरे ऊपर बाके से हमला कर दिया। दोनों के पास असलहे और धारदार हथियार पहले से मौजूद थे।

# बिहार से दिल्ली के लिए पैदल निकले राजेश कुमार का जिला कांग्रेस कार्यालय में हुआ भव्य स्वागत

## पुरानी पेंशन बहाली व पुरानी सेना भर्ती की मांग को लेकर निकले हैं राजेश कुमार

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



बिहार के जनपद आरा से पैदल चलकर राजेश कुमार अपनी यात्रा को 19 अक्टूबर 2023 को शुरू करके सोमवार 30 अक्टूबर 2023 को जनपद रायबरेली पहुंचा। राजेश कुमार ने इस पद यात्रा का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहा कि अभी हाल में शुरु की गई अग्निवीर योजना और पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सरकार से मांग करने अकेला दिल्ली तक का सफर करने के लिए निकला है। इनकी मांग है कि नई पेंशन बंद करें और पुरानी पेंशन बहाल करें तथा अग्निपथ योजना जो अभी हाल ही में लागू की गयी है इसे भी बंद करें और पुरानी भर्ती योजना शुरू करें। इस नवजवान का यह भी कहना है कि हम प्रधानमंत्री आवास तक जाएंगे और अपनी आवाज को प्रधानमंत्री व सरकार तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। राजेश कुमार के रायबरेली की सांसद श्रीमती सोनिया गांधी जी के कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में पहुँचने पर वरिष्ठ कांग्रेस के नेता जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विजयशंकर अग्निहोत्री ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर उनके साथ राजकुमार दीक्षित, सईदुल हसन, कल्याण श्रीवास्तव, अखिलेश मिश्रा, अभय सिंह, असरफ खान, नन्दू शुक्ला, रुपेश कुमार, सुनील कुमार, राजेश तिवारी सहित सभी लोगो ने इस नवजवान का स्वागत किया।

# भारतरत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की मनाई गई जयंती

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में राधाकृष्णन हाउस के सौजन्य से भारतरत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नवीन भारत के निर्माता पटेल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनको नमन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के हिन्दी प्रवक्ता अवधेश शर्मा ने सरदार पटेल के जीवन से जुड़े अनेक प्रेरक प्रसंगों से बच्चों को अवगत कराते हुए उनको भारत की स्वतंत्रता के प्रमुख वास्तुकारों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि देश को आजादी मिलने के बाद सरदार पटेल ने ही पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया। देश उनके योगदान को कभी नहीं भुला सकता। अन्त में प्रधानाचार्य ने बच्चों के प्रति अपने सम्बोधन में कहा कि आज पूरा देश सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना रहा है। वास्तव में एकता में बहुत शक्ति होती है। अतः साम्प्रदायिक भावना से इतर रहकर कार्य करने से ही समाज व देश का उत्थान सम्भव है। राष्ट्रीय एकता दिवस तोड़ने नहीं जोड़ने का संदेश देता है। जिन्होंने पूरे देश का एकीकरण करके विश्व पटल पर एक अनुपम मिशाल कायम की। ऐसे स्वतंत्रता सेनानी लौह पुरूष सरदार पटेल का जीवन हम सब के लिए प्रेरणा स्रोत है। हम उनको शत्-शत् नमन करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने की जिला पोषण समिति की बैठक



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला पोषण समिति की बैठक बचत भवन में की। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय पोषण मिशन के अंतर्गत पोषण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की प्रगति जानी। जिन आंगनवाड़ी केंद्रों पर कार्य की गति धीमे है वहाँ कार्य मे तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने हॉटकुक्ड मिल योजना के बारे में विस्तृत जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी से ली। आंगनबाड़ी केंद्रों पर लर्निंग लैब बनाये जाने हेतु 18 इंडिकेटर्स पर हो रहे कार्य के विषय मे पूछा।

जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था के कार्य गुणवत्ता पर नजर रखी जाए। जिलाधिकारी ने ग्रामीण अभियंता विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंदों के आंतरिक और बाह्य विधुतीकरण की प्रगति जानी। आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र बनाए जाने हेतु आधारभूत सुविधाओं की स्थिति जिला कार्यक्रम अधिकारी से जानी।

# कड़ी निगरानी के बीच परीक्षार्थी दे रहे परीक्षा

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**



डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की बी.एस-सी एजी द्वितीय, चतुर्थ एवं छठे सेमेस्टर एवं एम.एस-सी एजी द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा दिनांक 26 अक्टूबर 2023 से चल रही है। अपने जनपद में कुल चार केंद्र बनाए गए हैं जिसमें गनपत सहाय पी.जी कॉलेज सुलतानपुर, के.एन.आई.पी.एस.एस पी.जी कॉलेज सुलतानपुर, संत तुलसीदास पी.जी.कॉलेज कादीपुर एवं संजय गांधी पी.जी कॉलेज चौकिया सुलतानपुर बनाया गया है। यह सभी परीक्षा आगामी 6 नवंबर 2023 तक चलेंगी। गनपत सहाय पी.जी.कॉलेज सुलतानपुर में आज प्रथम पाली में बी.एस-सी एजी सेकंड और छठे सेमेस्टर के लगभग 400 छात्र/ छात्राओं ने परीक्षा दी, तथा द्वितीय पाली में बीएससी एजी चतुर्थ सेमेस्टर के लगभग 108 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। प्राचार्य/केंद्र अध्यक्ष प्रो.अंग्रेज सिंह ÷राणा÷ ने बताया कि महाविद्यालय में कड़ी निगरानी के बीच परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए उड़ाकादल ने आकस्मिक निरीक्षण किया परंतु कोई भी छात्र नकल करते हुए नहीं पकड़ा गया। महाविद्यालय में बनाए गए सहायक केंद्र अध्यक्ष जिसमें मुख्य रूप से प्रो.राजीव कुमार श्रीवास्तव, प्रो.मोहम्मद शाहिद, प्रो.शक्ति सिंह, प्रो.मोहम्मद शमीम, प्रो.मनोज मिश्र, डॉ.संध्या श्रीवास्तव मुख्य रुप से रहे। परीक्षा में लक्ष्मी नारायण शुक्ला, डॉ.कुवर दिनकर प्रताप सिंह, अरुण कुमार मिश्रा, अंशू श्रीवास्तव, अजय प्रताप सिंह, जमुना, दिनेश दूबे मुख्य रूप से परीक्षा में सहयोग कर रहे हैं।

# ग्रामीणों ने पकड़ा सरकारी राशन, थाने से छोड़ा गया राशन व वाहन

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**



सरकारी राशन की कालाबाजारी जमकर हो रही। गाड़ी पर लदे राशन को पकड़ने के बाद थाने के अंदर से गाड़ी का छोड़ा जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। मामला जयसिंहपुर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत भीखुपुर का है। जानकारी के अनुसार बीती रात ग्रामसभा में पिकअप में लादकर कालाबाजारी के लिए सरकारी राशन जा रहा था। ग्रामीणों ने पिकअप को पकड़ा और सूचना डायल 112 को दी। डायल 112 वाहन संख्या 2801 मौके पर पहुंची और अनाज समेत पिकअप संख्या यूपी 44 टी 5668 को कब्जे में लेकर जयसिंहपुर कोतवाली ले गई। सूत्रों के अनुसार अनाज की गाड़ी थाने पहुंचते ही दलाल सक्रिय हुए और रात में ही सेटिंग गेटिंग के माध्यम से अनाज सहित पिकअप को छोड़ लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष से बात की गई तो उन्होंने ऐसी किसी घटना तथा थाने में अनाज के साथ खड़ी पिकअप से साफ इनकार किया। जो भी आरोप लग रहे हैं वह असत्य और निराधार हैं। वही पूर्ति निरीक्षक जयसिंहपुर से बात की गई तो उनका कहना है मामला संज्ञान में है लेकिन मैं हाईकोर्ट में हूं इस कारण अनाज के साथ पकड़ी गई गाड़ी में बोरियों के बारे में कुछ नहीं कह सकते। लेकिन बोरियां तो खाद्य विभाग की हैं। वही सप्लाई इंस्पेक्टर का कहना है कि बोरी में धान भरा हुआ था। वायरल वीडियो के माध्यम से साफ देखा जा सकता है कि बोरियों में चावल और गेहूं भरा हुआ है। पूर्ति निरीक्षक ने कहा फिलहाल पकड़ी गई पिकप अनाज के साथ जयसिंहपुर कोतवाली में खड़ी है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि सरकारी बोरियों में क्या भरा हुआ था। प्रकरण के संबंध में जब भीखपुर कोटेदार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे यहां ट्रक से सरकारी अनाज उतारा जा रहा था लेबर हमारे ही हैं लेकिन वह अनाज हमारा नहीं है।

# जिला कारागार में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बन्दी के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से सम्बन्धित मामलो के सम्बन्ध में उमाशंकर कहार अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान अपर जिला जजध्सचिव ने जेल अधीक्षिका हर्षिता मिश्रा से जेल के अन्दर कैदियों की स्थिती व रखरखाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण उपरांत बंदियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में बंदियों से बात कर उनकी परेशानियों, विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गयी। विधिक जागरुकता शिविर में कारापाल सत्यप्रकाश, डिप्टी लीगल एट डिफेंस काउंसिल जय सिंह यादव, उपकारापाल हिमाशुं रौतेला, उपकारापाल इन्द्रमणि शुक्ला, उपकारापाल धर्मपाल सिंह, उपकारापाल कंचनलता व पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## हाईवे पार कर रही महिला को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**इन्हौना (अमेठी)।** दुल्हिनपुर गांव से दावत में शामिल होकर लौट रही महिला को अचलगढ़ के पास हाईवे के पास बाइक ने टक्कर मार दी। घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इन्हौना थाना क्षेत्र के अचलगढ़ निवासी शमीम बानो पत्नी मुस्लिम (52) शनिवार को पास गांव दुल्हिनपुर दावत में शामिल होने गई थी। दावत से घर लौटते समय शमीम बानो लखनऊ-सुल्तानपुर राजमार्ग पर हिंदुस्तान ढाबा के पास हाईवे पार कर रही थी। तभी एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना में शमीम बानो गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस व परिजनों को देते हुए शमीम बानो को जगदीशपुर स्थित के इंडो गल्फ के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने शमीम को मृत घोषित कर दिया। शमीम बानो की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। एसएचओ कंचन सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। जल्द ही मामले में बाइक सवार को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# टीबी और एचआईवी समन्वयन समिति की बैठक आयोजित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग जिला क्षय रोग अधिकारी डा. अनुपम सिंह की अध्यक्षता में टीबी और एचआईवी समन्वयन समिति की बैठक हुई। बैठक में अधिक से अधिक टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन पर जोर दिया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि टीबी मरीजों नोटिफिकेशन बढ़ाने के लिए फोर-एस लक्षणों अर्थात दो हफ्तों से ज्यादा खांसी और बुखार आना, लगातार वजन कम होना, भूख न् लगना और रात के समय पसीना आने के आधार पर स्क्रीनिंग करते हुए 10 फीसद मरीजों को जांच के लिए संदर्भित किया जाये। हॉट स्पॉट एरिया में हाई रिस्क ग्रुप मे जन जागरूकता कैम्प लगाकर टीबी और एचआईवी की जांच करवायी जाए और सेंटर एआरटी द्वारा सभी एचआईवी मरीजों को शत प्रतिशत टीबी प्रीवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) देना सुनिश्चित करें। बैठक में स्वयंसेवी संस्था को निर्देश दिए गए कि नए हॉट स्पॉट को 10 फीसद कवर करें और उसकी रिपोर्ट करें। इसके साथ ही जो लोग एचआईवी से ग्रसित हैं उनकी संस्था द्वारा वायरल लोड की जांच कराई जाए। एआरटी सेंटर द्वारा सभी क्षय रोगियों का निक्षय पोर्टल पर समय से डाटा अपलोड किया जाए। एम्स में एचआईवी जांच के साथ टीबी की जांच करते हुए नैट जांच के आदेश दिए गए। बैठक् में सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर के.के. श्रीवास्तव, डीपीटीसी अतुल कुमार, आईसीटीसी से सूर्य प्रसाद शुक्ला, शिवम श्रीवास्तव, पीपीटीसीटी से सीमा, प्रीति शर्मा, आईसीटीसी से आरती सिंह, सुशील तिवारी मौजूद रहें।

## सरदार पटेल के अधूरे कार्यो को करेगें पूराः ओमप्रकाश

**जनएक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** भारत रतन लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर 21 अंबेडकर मार्केट स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता कर प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जदयू उप्र प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश उपाध्याय ने कहा कि सभी को बधाई। सरदार पटेल भारतीय राष्ट्र के भौगोलिक एकता के प्रणेता पुरुष उनके जन्मदिन की पूर्व संध्या पर जद यू नीतीश कुमार के नेतृत्व में पटेल जी के अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लेता है यह हमारी तरफ से सरदार पटेल जी को भावभीनी श्रद्धांजलि होगी, जिसका सभी उपस्थितों ने एक स्वर से समर्थन किया। श्री उपाध्याय ने कहा कि जातीयता क्षेत्रवाद दलगत विचारधारा के पिंजरे में सरदार पटेल जी को कैद नहीं किया जा सकता। पटेल के महानता को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता। मौजूदा समय में जदयू एवं नीतीश कुमार को गंभीरता से सहयोग एवं समर्थन पर समाज करें विचार जो वर्तमान समय की जरूरतहै इस अवसर पर सभी ने सरदार पटेल जी को भाव भरी श्रद्धांजलि दिया।

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# सीएम ने दिए सख्त निर्देश, गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं करने वाली चीनी मिलों को जारी होगी आरसी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिन डिफाल्टर चीनी मिलों ने अभी तक पेराई सत्र 2022-23 का गन्ना मूल्य भुगतान नहीं किया है, उनके विरुद्ध वसूली प्रमाण-पत्र जारी करते हुए गन्ना मूल्य भुगतान सुनिश्चित कराया जाये। इस सख्ती के बाद बजाज समूह ने एकमुश्त 1,371 करोड़ रुपये की धनराशि अपनी चीनी मिलों से संबद्ध किसानों के खातों में बीते 24 घंटों में भेज दिया है। गन्ना किसानों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री के सख्त रुख के बाद चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग द्वारा अन्य बकायेदार समूहों जैसे राणा, यदु, ओसवाल, केसर, सिम्भावली, मोदी और शामली की चीनी मिलों में उपलब्ध चीनी स्टॉक, शीरा, बगास, खोई एवं अन्य सह-उत्पादों की तेजी से बिक्री कर प्राप्त धनराशि से गन्ना मूल्य भुगतान सुनिश्चित कराने के कड़े निर्देश दिये गये हैं। इसका अनुपालन नहीं करने पर चीनी मिलों को वसूली प्रमाण-पत्र जारी करने की संस्तुति भेजने को कहा गया है। चीनी मिलों पर पैनी निगाह रखते हुए टैगिंग आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने के भी निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये गये हैं। बता दें कि प्रदेश के 37 जिलों में गठित 3,201 महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से अब तक विभिन्न नव विकसित गन्ना प्रजातियों के उत्पादित 29.50 करोड़ सीडलिंग का वितरण कर गन्ना बीज एवं प्रजाति बदलाव में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### समय से शुरू हों चीनी मिलें

मुख्यमंत्री ने सभी चीनी मिलों में पेराई सत्र समय से शुरू करने के निर्देश दिया है। बता दें कि अब तक 32 चीनी मिलों द्वारा पेराई सत्र शुरू करने हेतु इण्डेन्ट जारी करते हुए गन्ना खरीद प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने स्मार्ट गन्ना किसान प्रोजेक्ट के अन्तर्गत पर्ची निर्गमन व्यवस्था की तर्ज पर स्मार्ट गन्ना किसान प्रोजेक्ट से ही एक समान व्यवस्था के अन्तर्गत ऑटोमेटेड गन्ना मूल्य भुगतान प्रणाली लागू करने के निर्देश भी दिए हैं। वहीं सभी गन्ना समितियों को निर्देशित किया गया है कि गन्ना किसानों की गन्ना आपूर्ति समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित करायें तथा रबी सीजन के दृष्टिगत उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं की उपलब्धता बनाये रखें। बता दें कि मुख्यालय पर स्थापित टोल-फ्री नम्बर 1800-121-3203 के माध्यम से गन्ना किसानों की समस्याओं का निस्तारण कराया जा रहा है।

### छह वर्षों में बढ़ा रकबा

उल्लेखनीय है कि विगत छह वर्षों मे प्रदेश का गन्ना क्षेत्रफल 20.54 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 29.66 लाख हेक्टेयर हुआ है। गन्ना उत्पादकता 72.38 टन/हेक्टेयर से बढ़कर 83.95 टन/हेक्टेयर हुई है। प्रदेश में 13.57 लाख नये गन्ना किसान समितियों के सदस्य बने हैं। वहीं 284 नई खांडसारी इकाईयों को लाइसेंस प्रदान किया गया है। इस अवधि में चार बंद चीनी मिलों (गागलहेड़ी, टोडरपुर (सहारनपुर), बुलंदशहर एवं वीनस (संभल) का दोबारा संचालन तथा तीन नई चीनी मिलों (पिपराईच, मुण्डेरवा एवं रमाला) की स्थापना कराई गयी। इस पेराई सत्र में बंद चीनी मिल (बिडबी-सहारनपुर) पुनः संचालित कराई जा रही है। निजी क्षेत्र की एक नई चीनी मिल (चांगीपुर-बिजनौर) भी शुरू हो रही है।

## पीडीए यात्रा में अखिलेश ने चलाई साइकिल: कहा

# पीडीए में ए फॉर अगड़ा भी



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सपा प्रमुख अखिलेश यादव पीडीए यात्रा में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे साइकिल चला रहे हैं। इसमें सपाई बैंड-बाजा लेकर पहुंचे हैं। कई समर्थक ऐसे भी दिखे, जो शरीर पर अखिलेश अमर रहे लिखकर पहुंचे हैं। एक समर्थक ने तो सीने पर अखिलेश का टैटू बनवाया था। इसके अलावा कई समर्थक पोस्टर लेकर भी पहुंचे। जिस पर लिखा था- राजनीतिक ताकत के लिए, समाजवादी पीडीए यात्रा। जैसे ही अखिलेश यात्रा में शामिल होने के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पहुंचे। पहले कार्यकर्ताओं ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। फिर जमकर समाजवाद की जय के नारे लगाए।

### इन जगहों से होकर गुजरी पीडीए यात्रा

पीडीए यात्रा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से कबीरपुर, इंदिरा नहर पुल, किसान पथ, खुर्दही बाजार, अमूल प्लांट, कैंसर हॉस्पिटल तिराहा, एचसीएल मुख्य गेट, पलासियो मॉल, इकाना स्टेडियम, मातृ शिशु अस्पताल लोहिया, पुलिस मुख्यालय, गोमती नदी बंधा मार्ग, राप्ती अपार्टमेंट, डीपीएस स्कूल और जनेश्वर मिश्र पार्क गेट नं 7 से होते हुए लक्ष्मी मार्केट फिर जनेश्वर मिश्र पार्क में समापन होगी।

### 80 दिनों में 5 हजार किमी की यात्रा पूरी


सपा अपने पीडीए और जातिगत जनगणना के मुद्दे को लेकर साइकिल यात्रा निकाल रही है। पार्टी अब तक 80 दिनों में 5000 किलोमीटर की यात्रा कर चुकी है। 125 विधानसभा क्षेत्रों से गुजर चुकी यात्रा 21 नवंबर को सैफई में खत्म होगी। यह यात्रा सपा कार्यकर्ता अभिषेक यादव के नेतृत्व में निकाली गई है।

### घबरा वही लोग रहे हैं, जो सिर्फ तस्वीर खिंचवाने आ रहे हैं

पीडीए यात्रा में शामिल होने से पहले अखिलेश ने सपा कार्यालय में मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने पीडीए यात्रा का पोस्टर भी जारी किया। इस दौरान उन्होंने कहा, पीडीए में ए फॉर अगड़ा। पीडीए यात्रा में सब शामिल हैं। पिछड़े, अल्पसंख्यक, दलित और अगड़ों की भी बात कर रहा है। इसमें आदिवासी समूह भी है, तो अगड़े भी है। किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। ये यात्रा पहले से चल रही है। घबरा वही लोग रहे हैं, जो सिर्फ तस्वीर खींचवाने आ रहे हैं। उन्होंने कहा, पूर्व सांसद के बेटे के साथ इलाज को लेकर जो लापरवाही हुई है। बीजेपी सरकार में अगर उन्हें ही इलाज नहीं मिल पा रहा है, तो क्या ही कहे? एक छोटे डॉक्टर-कर्मचारी को ट्रांसफर कर देने से कुछ नहीं होगा। इसमें खुद मुख्यमंत्री जिम्मेदार है। एक भी ऐसा अस्पताल बता दो, जो बीजेपी सरकार में बना हो, तो मुझे बता दो। डबल इंजन की सरकार में अस्पताल बदहाल हैं। उन्होंने कहा, वर्ल्ड क्लास जौनपुर का मेडिकल कॉलेज, उसका नाम बदल दिया। जो पिछड़ा होगा, वो नाम बदलेगा। आप देखिए डेंगू जैसी बीमारी से लोगों की जान जा रही है। क्योंकि सरकार पर्याप्त बजट नहीं खर्च कर रही है। बीजेपी सिर्फ साजिश कर सकती है। अफवाह फैला सकती है। उन्होंने वर्ल्ड कप मैच में हुई इंडिया की जीत पर कहा, इकाना में इतना अच्छा काम हुआ। कुछ लोग तो वहां फोटो खींचवाने भी नहीं आए। प्रेस वार्ता के अंत में उन्होंने कहा कि मैं महाराज के लोगों का स्वागत करता हूं।

# यूपी रोडवेज: दस फीसदी कम हुआ यूपी परिवहन निगम की बसों का किराया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



परिवहन निगम की राजधानी बस सेवा के किराए को कम किया गया है। अभी तक इनका किराया साधारण बसों की तुलना में दस प्रतिशत अधिक लिया जा रहा था। जिसे घटा दिया गया है। दस प्रतिशत सस्ता होने पर सौ किमी की यात्रा करने पर पैसेंजरों को 13 रुपये की बचत होगी। दरअसल, जिलों से राजधानी लखनऊ के लिए डायरेक्ट बस सेवाएं शुरू करने की योजना बनी, जिसके तहत राजधानी एक्सप्रेस बसों को दौड़ाया गया। इसके बाद राष्ट्रीय राजधानी के लिए भी राजधानी एक्सप्रेस बसें चलाई गईं। शुरूआत में इन बसों का किराया साधारण बसों से दस प्रतिशत अधिक लिया जा रहा था, जिसके पीछे यह दलील थी कि ये डायरेक्ट बस सेवाएं हैं। जो कम समय में गंतव्य तक पहुंचती हैं। पर, यात्रियों की मांग पर किराया कम किया गया। निदेशक मंडल की 246 वीं बैठक 18 अक्तूबर को हुई, जिसमें दस फीसदी किराया सस्ता करने पर मंजूरी दी गई थी, जिसकी कार्यवृत जारी होने पर 30 अक्तूबर को प्रधान प्रबंधक (संचालन) मनोज कुमार पुंडीर की ओर से सस्ता किराया लागू करने के बाबत क्षेत्रीय प्रबंधक व सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को पत्र भेजा गया। प्रदेश भर में 168 राजधानी बसें चल रही हैं। जिसका किराया पहले 1¬43 रुपये प्रति किमी था। जो घटकर 1.30 रुपये प्रति किमी कर दिया गया है। ऐसे में पहले यात्री को राजधानी बस से सौ किमी सफर करने पर जहां 143 रुपये किराया देना पड़ रहा था, वहीं अब 130 रुपये किराया देना होगा। सस्ता किराया 31 अक्तूबर से लागू होगा।

### दस शहरों के लिए राजधानी बसें

कैसरबाग बस अड्डे से दस शहरों के बीच राजधानी एक्सप्रेस बस सेवाएं चल रही हैं। इसमें बिजनौर, मुरादाबाद, शामली, दिल्ली, बरेली, हरदाई, फर्रुखाबाद, सहारनपुर, पीलीभीत, बहराइच शामिल हैं। अब इन रूटों पर राजधानी बस सेवा से यात्रा करने वाले पैसेंजरों को पहले से कम किराया देना होगा।

# जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में कराई गई क्राफ्ट कटिंग



जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिलाधिकारी ने अधिकारियों की मौजूदगी में खेत में किसानों को आधुनिक खेती से जुड़कर आय को दोगुना करने पर जोर दिया। बता दें कि जिलाधिकारी लखनऊ ने बीकेटी के कठवारा माजरा चंनवा तारा में क्रॉप कटिंग का निरीक्षण किया। वहीं जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार उपजिलाधिकारी बीकेटी सतीश चंद्र त्रिपाठी जिला कृषि अधिकारी तेज बहादुर सिंह व अन्य अधिकारी गण सोमवार को कठवारा गांव मजरा चंनवा तारा गांव निवासी शिवलाल के खेत में जाकर धान की कटाई का जायजा लिया तथा धान की कटाई से किसने की धान की फसल की क्षति का आकलन किया गया। लखनऊ जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि किसानों की धान की फसल की क्षति का आकलन किया जाएगा और किसानों को क्षति के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा ताकि बीमा का भी निर्धारण हो सकें। डीएम ने कहा कि आधुनिक खेती से जुड़कर किसान आय को दोगुना कर सकते है कृषि सुधार के लिए सरकार के द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही है। प्राकृतिक खेती पर भी सरकार जोर दे रही है।इस मौके पर बीकेटी एसडीएम सतीश चन्द्र त्रिपाठी, तहसीलदार विजय सिंह व अन्य अधिकारी और लेखपाल मौजूद रहें । वहीं कृषि अधिकारी ने बताया कि वर्गाकार क्षेत्रफल में धान की कटाई की जाएगी इसी पर धान की क्षति का आकलन निकल जायेगा।

# अखिलेश यादव के साथ साइकिल यात्रा में सपा कार्यकारिणी के सदस्य रवि भूषण को पड़ा दिल का दौरा, मौत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

समाजवादी पार्टी की पीडीए साइकिल यात्रा में शामिल सपा नेता रवि भूषण राजन ( 50 ) को अचानक दिल का दौरा पड़ा। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। रवि सपा की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य थे और पुराने सपा नेता थे। सोमवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पूर्वांचल एक्सप्रेस से साइकिल यात्रा शुरू की। यात्रा के शुरू होते ही थोड़ी देर बात ही अचानक यात्रा में पीछे चल रहे रवि भूषण राजन को दिल का दौरा पड़ गया। आनन फानन में उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। केकेसी कालेज के अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य रहे रवि वर्तमान में सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य थे। वह मूल रूप से गांव तिलसुवा मलिहाबाद के रहने वाले थे। निधन की सूचना से इलाके में शोक की लहर छा गई। समाजवादी पार्टी सहित तमाम राजनीतिक पार्टियां ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। सपा के अपने ऑफिशियल एक्स हेंडल पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लखनऊ अशोक यादव ने कहा है कि राजन पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता थे। परिवार में बड़े भाई आनंद का कई वर्ष पूर्व देहांत हो चुका है। दूसरे भाई मुन्ना सिंह हैं । भाइयों में सबसे छोटे रवि भूषण राजन यादव थे। अखिलेश यादव ने केकेसी छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रविभूषण यादव राजन के निधन पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। अखिलेश यादव ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# लखनऊ से देहरादून व जयपुर की बस सेवाएं शुरू



* बसों का किराया व समयसारिणी तय कर दी गई है

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यात्रियों की मांग को देखते हुए रोडवेज प्रशासन की ओर से लखनऊ से देहरादून और जयपुर के बीच बस सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। परिवहन निगम प्रशासन ने दो जोड़ी साधारण बसें इस सेवा में लगाई हैं। कैसरबाग से देहरादून और आलमबाग बस टर्मिनल से जयपुर के लिए बसें मिलेंगी। बसों का किराया व समयसारिणी तय कर दी गई है। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व में संचालित बसें जर्जर हो गई है। इन्हें हटाकर दो जोड़ी नई बसें देहरादून और जयपुर के लिए शुरू की गई हैं। आलमबाग से जयपुर की बस सेवा दोपहर 3.30 बजे रवाना होगी, जिसका किराया 809 रुपये रखा गया है। दूसरी ओर कैसरबाग से देहरादून के लिए बस सेवा शाम 5:30 बजे शुरू होगी, जिसका किराया 882 रुपये रुपये रखा गया है।

### आलमबाग से एसी जनरथ बसें जाएंगी देहरादून

इतना ही नहीं परिवहन निगम प्रशासन यात्रियों की मांग पर कैसरबाग के बाद अब आलमबाग बस टर्मिनल से भी देहरादून के लिए बसें चलाने की तैयारी कर रहा है। एक जोड़ी एसी जनरथ बसें शाम छह बजे से रवाना होंगी। बस किराया 12 सौ रुपये के आसपास होगा। बस संचालन इसी हफ्ते से शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### गोमतीनगर से पुणे, श्रीमाता वैष्णो कटरा की चलेंगी ट्रेनें

गोमतीनगर रेलवे स्टेशन श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा व पुणे के लिए एक्सप्रेस ट्रेनें चलाई जाएंगी। इससे यात्रियों को खासी राहत हो जाएगी। पुणे का रैक भी आया है। रेलवे अफसरों को नोटिफिकेशन का इंतजार है। उम्मीद जताई जा रही है कि दीपावली बाद भव्य कार्यक्रम आयोजित कर ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई जा सकती है। गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का अपग्रेडेशन किया जा रहा है। यह कार्य करीब अस्सी प्रतिशत पूरा हो चुका है। जल्द ही स्टेशन नए व भव्य रूप में दिखेगा। वहीं पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन गोमतीनगर से लम्बी दूरी की ट्रेनों की संख्या में भी वृद्धि कर रहा है। गोमतीनगर से जयपुर व कामाख्या देवी के लिए ट्रेनें शुरू की जा चुकी हैं। इसी क्रम में गोमतीनगर से श्रीमाता वैष्णा देवी कटरा के लिए ट्रेन चलाने के बाबत गत जून में भाजपा नेता नीरज सिंह ने ट्विट कर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से बातचीत करने की बात कही। ट्रेन लगभग फाइनल हो गई थी। सूत्र बताते हैं कि अगले वर्ष लोकसभा चुनाव हैं, ऐसे में चुनाव से पहले ही गोमतीनगर से कटरा की इस ट्रेन को भव्य समारोह कर शुभारम्भ करने की तैयारी है। ऐसे ही गोमतीनगर से पुणे के लिए भी ट्रेन चलाई जाएगी, जिसका रैक भी चुका है। इन दोनों ट्रेनों के चलने से गोमतीनगर स्टेशन का कद बढ़ जाएगा तथा एक बड़ी आबादी को चारबाग व लखनऊ जंक्शन जाने की जरूरत नहीं होगी। इन स्टेशनों पर यात्रियों व ट्रेनों के लोड को भी कम करने में मदद मिलेगी।

### अमौसी से छोटी दूरी की उड़ानों पर रहेगा जोर

रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत अमौसी एयरपोर्ट से बरेली, पिथौरागढ़, देहरादून, भोपाल आदि के लिए जल्द ही नई उड़ानें शुरू होंगी। इसे लेकर एयरलाइनें तैयारियां कर रही हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि जनवरी में यात्रियों को इन उड़ानों की सौगात मिलेगी। दरअसल, अमौसी एयरपोर्ट के निजी हाथों में जाने के बाद उड़ानों की सेवाओं में वृद्धि दर्ज की गई है। एयर एशिया व अकासा एयरलाइन ने अपनी सेवाएं एयरपोर्ट से शुरू की हैं। जल्द ही गुवाहाटी व गोवा के लिए नई उड़ानों को भी उतारा जाएगा। जबकि दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सस्ती व किफायती उड़ानों को भी एक बार फिर से शुरू किया जाएगा। एयरपोर्ट सूत्र बताते हैं कि इंडिगो, विस्तारा, एयर एशिया आदि एयरलाइनों की ओर से तैयारियां की जा रही हैं, हालांकि, एयरलाइनों से जुड़े अफसर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। पर, जल्द ही एयरपोर्ट से बरेली, भोपाल, देहरादून, पिथौरागढ़ के लिए एटीआर श्रेणी के छोटे एयरक्राफ्ट उड़ान भरेंगे, जिनका किराया ढाई से तीन हजार रुपये के बीच होगा। 80 सीटर इन विमानों से डेढ़ से दो घंटे में यात्रियों का सफर पूरा हो जाएगा।

## नारी शक्ति वन्दन महिला सम्मेलन में दिया उदबोधन

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बांदा मे आयोजित नारी शक्ति वंदन महिला सम्मेलन में सम्मिलित होकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन विधेयक के रूप में महिलाओं को एक ऐतिहासिक उपहार दिया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिला सशक्तीकरण के नए युग की शुरुआत हुई है।

# सभी ग्राम सभाओं का होगा समग्र व सर्वांगीण विकास: केशव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

* हर ब्लाक की सबसे पिछड़ी 10 ग्राम सभाओं में युद्ध स्तर पर विकास कार्य
* बीडीओ और ब्लाक प्रमुख के मध्य समन्वय से तेज होगी विकास कार्यों की गति

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा के सभागार में सोमवार को मण्डल के क्षेत्र पंचायत प्रमुखों एवं खण्ड विकास अधिकारियों की कार्यशाला सम्पन्न हुई। उप मुख्यमंत्री ने 70 करोड़ 20 लाख 40 हजार की धनराशि का डेमों चेक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भेंट किया।कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सभी खण्ड विकास अधिकारी एवं ब्लाक प्रमुखों के मध्य अच्छा समन्वय व तारतम्य रहेगा तो विकास कार्यों में और अधिक गति आयेगी। गॉव के विकास से जिला एवं जिले के विकास से प्रदेश का विकास होता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश एवं मण्डल को बनाना है। क्षेत्र पंचायत की बैठकों में सम्बंधित अधिकारी अवश्य उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि ब्लाक प्रमुख महीने में एक बार, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लाक स्तर पर करें।इसके पश्यचात जिला स्तर पर जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लाक स्तर पर जिन समस्याओं का निस्तारण नही हो सका हो, उन समस्याओं का जिला स्तर पर निस्तारण किया जाए।हर ब्लाक क्षेत्र के 10 ग्राम सभाओं को, जो विकास में पीछे हैं, उन्हें चिन्हित कर विकास कार्यों से आच्छादित करने हेतु कार्ययोजना बनाकर विकास कार्य किये जाए। प्रधानमंत्री आवास योजनाग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पात्रता सूची में विशेष ध्यान रखा जाए, पात्र लाभार्थी छूटने न पायें। उन्होंने इन आवास योजना के दस प्रतिशत गॉव के लाभार्थियों की पात्रता की जांच की जाए। गरीब कल्याण की योजनाओं में किसी प्रकार की अनिमितता नही होने पाये, यदि कोई ऐसा करता है तो सम्बन्धितअधिकारी एवं कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही होगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी अमृत सरोवर, अमृत वाटिका का निरीक्षण अवश्य करें तथा वहां की व्यवस्थाओं की निगरानी अवश्य बनाये रखी जाए। ब्लाक प्रमुख हर माह में एक दिन स्वच्छता हेतु अवश्य दें, हम सभी का कर्तव्य है कि सब लोग स्वच्छता में सहयोग दें ताकि प्रदेश को साफ, स्वच्छ एवं बीमारी रहित बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में अनेकों विकास योजनायें चलायी जा रही हैं। हर-घर-नल-जल योजना का कार्य प्रदेश में युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। मण्डल में भी यह कार्य तेजी के साथ हो रहा है, अधिकारी भ्रमण के दौरान देखें कि कार्य सही ढंग से हो रहा है कि नही। विद्युत सम्बन्धी शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ब्लाक प्रमुख एवं बीडीओ में संवाद स्थापित करना है ताकि दोनो के माध्यम से विकास को गति प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि तीन वर्ष से ज्यादा एक ब्लाक पर तैनाती होने पर सम्बन्धित कर्मियों का क्षेत्र परिवर्तन किया जाए।कार्यशाला के दौरान उपस्थित ब्लाक प्रमुखों की समस्याओं को सुना गया, जिसमें चित्रकूट के ब्लाक प्रमुख ने ब्लाक में एकाउन्टेन्ट की कमी, हमीरपुर में बीडीओ, सहायक विकास अधिकारी व एकाउटेंन्ट की कमी, बतायी, उन्होंने सचिवों के स्थानान्तरण हेतु ब्लाक प्रमुखों से सहमति लेने जैसे तमाम मसले रखें। उन्होंने मनरेगा का कार्य क्षेत्र पंचायतों से भी कराये जाने के निर्देश दिये तथा कहा कि स्वच्छता का कार्य सही ढंग से अवश्य कराया जाए। कार्यशाला के दौरान उपस्थित ब्लाक प्रमुखों द्वारा उप मुख्यमंत्री से मुलाकात हेतु एक दिन का समय निर्धारित करने की मांग रखी, जिस पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के मंगलवार को जनप्रतिनिधियों से मुलाकात का समय निर्धारित है, जिस पर आप लोग सम्पर्क कर मुलाकात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा गॉव, गरीब, किसान एवं महिला सशक्तिकरण को बढावा देना है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के निर्देशन में प्रदेश के गॉव, गलियों, कस्बों का निरन्तर विकास किया जा रहा है।कार्यशाला में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी, आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उप महानिरीक्षक विपिन कुमार मिश्रा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, वेद प्रकाश मौर्य, अपर आयुक्त प्रशासन अमर पाल सिंह, अपर जिलाधिकारी वि/रा राजेश कुमार, संयुक्त विकास आयुक्त अनिल कुमार सहित मण्डल के ब्लाक प्रमुख एवं खण्ड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

## अनुपम मिश्रा का प्रदेश रालोद कार्यालय पर हुआ स्वागत

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश कार्यालय पर आज कार्यकर्ताओं द्वारा नव नियुक्त राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा का स्वागत किया गया । श्री मिश्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह व केंद्रीय मंत्री रहे स्वर्गीय अजित सिंह को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये तत्पश्चात पार्टी कार्यकर्ताओं से मिले और सभी की शुभेच्छा को स्वीकार करते हुए उन्हें संबोधित भी किया ।अपने संबोधन में अनुपम मिश्रा ने कहा कि कठिन राजनीतिक संघर्ष का समय है और राष्ट्रीय लोकदल संघर्षों से उपजा राजनीतिक दल है, भले ही हमारा संघर्ष कितना ही लंबा और कठिन क्यों न हों पर अंत में जीत हमारी ही होगी। अनुपम मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को राष्ट्रगान और संविधान की शपथ दिलाते हुए 2027 में प्रदेश में राष्ट्रीय लोक दल की सरकार बनाने का संकल्प लिया। एक लंबे समय बाद पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं का इतनी भारी संख्या में जमावड़ा देखने को मिला ।पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश और उमंग देखने लायक थी विभिन्न जनपदों से चलकर आए कार्यकर्ताओं से काफ़ी तसल्ली से अनुपम मिश्र ने बातचीत की एवं भावी राजनैतिक रणनीति पर चर्चा कर कुछ ही दिनों में अपने राजनीतिक कार्यक्रम घोषित करने की बात कही ।इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष हवलदार सिंह,प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी,सुरेश श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष आशीष तिवारी,अजय विक्रम सिंह क्षेत्रीय महासचिव चन्द्र कांत अवस्थी,प्रमोद कुमार,गौरव,अरून कुमार तथा शालिनी सिंह अपनी महिला शक्ति के साथ उपस्थित रहीं।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# हवा में घुलता जहर–सांसों पर कहर

**बहुचर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में बताया गया है कि वायु प्रदूषण न केवल फेफड़ों को बल्कि स्वास्थ्य को तमाम अन्य तरीकों से भी प्रभावित करता है। हवा की खराब गुणवत्ता के कारण अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, और बैक्टीरियल संक्रमण के खतरे बढ़ सकते हैं। वायु की खराब गुणवत्ता व्यक्ति में ऑटिज्म, तनाव और स्ट्रोक जैसे तमाम न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर सहित अन्य बीमारियों को भी बढ़ावा देती हैं। वायु प्रदूषण के कारण हवा में कई प्रकार की हानिकारक गैसें सम्मिलित हो जाती हैं, जिनसे सिरदर्द, खांसी, जुकाम और एलर्जी जैसी आम समस्याएं भी देखने को मिलती हैं।**

*दीवाली से कई दिन पहले ही दिल्ली-एनसीआर की हवा में जहर घुल चुका है। वायु प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ रहा है कि दमघोंटू हवा में लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है। वैसे तो वर्तमान में मुंबई में भी वायु गुणवत्ता 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज की गई है और वहां बीएमसी द्वारा बिगड़ते वायु प्रदूषण को रोकने के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं लेकिन देश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तो वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में है। दिल्ली हो या नोएडा अथवा आसपास के अन्य इलाके, एक्यूआई 300 के ऊपर जा चुका है तथा माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह 400 के पार पहुंच जाएगा, तब लोगों को सांस लेने में काफी तकलीफ महसूस होने लगेगी। वैसे अभी से सांस संबंधी परेशानियों के साथ बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचने लगे हैं। 'सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फॉरकास्टिंग एंड रिसर्च' (सफर) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गई है। सफर की स्थापना भारत में महानगरों के प्रदूषण स्तर और वायु गुणवत्ता को मापने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की पहल के तहत 2010 में की गई थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता बहुत खराब रहेगी, जिसका कारण तापमान में कमी और पराली जलाने से होने वाला उत्सर्जन है। केंद्र सरकार के डिसीजन सपोर्ट सिस्टम फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (डीएसएस) ने पराली जलाए जाने की गतिविधियों में वृद्धि की आशंका जताई है, जिससे अगले कुछ दिनों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब होने की आशंका है। चिंता का विषय यह है कि हर साल दिल्ली सहित हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश इत्यादि राज्यों में इस सीजन में खेतों में बड़े स्तर पर पराली जलाई जाती है, जिसके चलते प्रदूषण का यही आलम देखने को मिलता है। यह बेहद चिंता की बात है कि किसानों से खेतों में पराली नहीं जलाए जाने के निरंतर अनुरोधों के बाद भी इस बार दशहरे के मौके पर तो जैसे किसानों में पराली फूंकने की होड़ सी लगी दिखी। खेतों में जलती पराली, विकास के नाम पर अनियोजित तथा अनियंत्रित निर्माण कार्यों के चलते बिगड़ते हालात, वाहनों और औद्योगिक इकाइयों के कारण अत्यधिक प्रदूषित हो रहे वातावरण के भयावह खतरों को हम इसी प्रकार साल-दर-साल झेलने को विवश हैं। हालांकि पर्यावरण तथा प्रदूषण नियंत्रण के मामले में देश में पहले से ही कई कानून लागू हैं लेकिन उनकी पालना कराने के मामले में पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण विभाग में सदैव उदासीनता का माहौल देखा जाता रहा है। देश की राजधानी दिल्ली तो वक्त-बेवक्त 'स्मॉग' से लोगों का हाल बेहाल करती रही है। न केवल दिल्ली-एनसीआर में बल्कि देशभर में वायु, जल तथा ध्वनि प्रदूषण का खतरा निरन्तर मंडरा रहा है। वायु, जल तथा अन्य प्रदूषण के कारण अब हर साल देशभर में लाखों लोग जान गंवाते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक मानव निर्मित वायु प्रदूषण के ही कारण प्रतिवर्ष करीब पांच लाख लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं। अब देश का शायद ही कोई ऐसा शहर हो, जहां लोग धूल, धुआं, कचरा और शोर के चलते बीमार न हो रहे हों। पयार्वरण तथा मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत डेविड आर. बॉयड का कहना है कि विश्वभर में इस समय छह अरब से भी ज्यादा लोग इतनी प्रदूषित हवा में सांस ले रहे हैं, जिसने उनके जीवन, स्वास्थ्य और बेहतरी को खतरे में डाल दिया है और सर्वाधिक चिंता की बात यह है कि इसमें करीब एक-तिहाई संख्या बच्चों की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वायु प्रदूषण के चलते दुनियाभर में प्रतिवर्ष करीब 70 लाख लोगों की असामयिक मृत्यु हो जाती है, जिनमें करीब छह लाख बच्चे भी शामिल होते हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**देश की आजादी के बाद पटेल स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री और पहले उप-प्रधानमंत्री बने। उनका व्यक्तित्व बचपन से ही प्रभावशाली था। हालांकि पढ़ाई-लिखाई में वे औसत हुआ करते थे। उन्होंने दसवीं कक्षा की परीक्षा 22 साल की उम्र में उत्तीर्ण की थी। हाईस्कूल की पढ़ाई के बाद परिवार में आर्थिक तंगी के कारण उन्होंने कॉलेज जाने के बजाय आगे की शिक्षा स्वाध्याय से ही प्राप्त की। बैरिस्टर की पढ़ाई उन्होंने लंदन जाकर पूरी की और कॉलेज जाने का अनुभव नहीं होने के बावजूद अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय देते हुए 36 साल की उम्र में लंदन के मिडिल टेंपल इन में बैरिस्टरी का 36 माह का कोर्स सिर्फ 30 माह में ही पूरा कर लिया और वापस आकर अहमदाबाद में वकालत करने लगे।**

# एकीकृत भारत के निर्माता थे सरदार पटेल



योगेश कुमार गोयल

**इस बात का स्पष्ट उल्लेख मिलता है कि उन्होंने अपने पुत्र दहयाभाई को तब तक यथासंभव दिल्ली से दूर रहने को कहा था, जब तक कि वह स्वयं दिल्ली में रहें। उनके हृदय में ईमानदारी की भावना किस कदर कूट-कूटकर भरी थी, इसका इससे बेहतर बेमिसाल उदाहरण नहीं हो सकता कि उनके निधन के बाद खोजबीन किए।**

31 अक्तूबर 1875 को गुजरात के खेड़ा जिले के नाडियाड में एक किसान परिवार में जन्मे सरदार वल्लभ भाई पटेल को एकता की मिसाल कहा जाता है क्योंकि देश की एकता को सर्वोपरि मानते हुए उन्होंने देश को एकजुट करने में सदैव महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर मजबूत और एकीकृत भारत के निर्माण में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। जिस समय देश आजाद हुआ, तब यह कई छोटी-छोटी रियासतों में बंटा था, जिन्हें एकजुट करना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य था। आजाद भारत को एकजुट करने का श्रेय पटेल की राजनीतिक और कूटनीतिक क्षमता को ही दिया जाता है। भारत के राजनीतिक एकीकरण के लिए सरदार पटेल के इसी अविस्मरणीय योगदान को चिरस्थायी बनाए रखने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 31 अक्तूबर 2014 से उनकी जन्मतिथि 31 अक्तूबर को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाए जाने की घोषणा की गई। तभी से सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। देश की आजादी के उपरांत 500 से भी ज्यादा देशी रियासतों का एकीकरण किया जाना सबसे बड़ी समस्या थी। दरअसल अंग्रेज भारत से जाते-जाते कुटिल चाल चलते हुए करीब 550 देशी रियासतों को खुद ही अपने भविष्य के निर्णय का अधिकार दे गए थे। उसके पीछे उनका उद्देश्य था कि इतनी बड़ी संख्या में रियासतों के स्वायत्त रहते भारत के लिए स्वयं को एकजुट रख पाना बेहद मुश्किल होगा। सरदार पटेल ने अपने 'लौहपुरूष' व्यक्तित्व का परिचय देते हुए इस गंभीर चुनौती को न केवल स्वीकार किया बल्कि बहुत ही कम समय में बड़ी कुशलता से इतनी सारी रियासतों के एकीकरण का कार्य सम्पन्न कराने में सफल भी हुए। उन्होंने आजादी के ठीक पहले पी.वी. मेनन के साथ मिलकर कई देशी रियासतों को भारत में मिलाने का कार्य आरंभ कर दिया था। उस समय देशभर में सैंकड़ों ऐसी देशी रियासतें थी, जो स्वयं में सम्प्रभुत्ता प्राप्त थी, जिनका अपना अलग झंडा और अलग शासक था। दोनों ने देशी रियासतों के शासकों को समझाया कि उन्हें स्वायत्तता देना संभव नहीं होगा। इसका असर यह हुआ कि केवल तीन रियासतों को छोड़कर बाकी सभी रियासतों-राजवाडों ने अपनी मर्जी से भारत में विलय का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। हैदराबाद के निजाम ने जब भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण कराया। बहुत विरोध होने पर जूनागढ़ का नवाब भागकर पाकिस्तान चला गया और तब जूनागढ़ भारत में मिला लिया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भारत की विभिन्न बिखरी हुई रियासतों और भू-भागों के एकीकरण में सरदार पटेल के उल्लेखनीय योगदान के कारण ही उन्हें 'भारत का बिस्मार्क' (जर्मन साम्राज्य का प्रथम चांसलर) भी कहा जाता है। देश की आजादी के बाद पटेल स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री और पहले उप-प्रधानमंत्री बने। उनका व्यक्तित्व बचपन से ही प्रभावशाली था। हालांकि पढ़ाई-लिखाई में वे औसत हुआ करते थे। उन्होंने दसवीं कक्षा की परीक्षा 22 साल की उम्र में उत्तीर्ण की थी। हाईस्कूल की पढ़ाई के बाद परिवार में आर्थिक तंगी के कारण उन्होंने कॉलेज जाने के बजाय आगे की शिक्षा स्वाध्याय से ही प्राप्त की। बैरिस्टर की पढ़ाई उन्होंने लंदन जाकर पूरी की और कॉलेज जाने का अनुभव नहीं होने के बावजूद अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय देते हुए 36 साल की उम्र में लंदन के मिडिल टेंपल इन में बैरिस्टरी का 36 माह का कोर्स सिर्फ 30 माह में ही पूरा कर लिया और वापस आकर अहमदाबाद में वकालत करने लगे। महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने गांधी जी के साथ भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने बारडोली सत्याग्रह का नेतृत्व करते हुए उसमें सफलता हासिल की थी, जिससे प्रसन्न होकर वहां की महिलाओं ने ही वल्लभ भाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि प्रदान की थी। भारतीय संविधान के निर्माण में भी पटेल का महत्वपूर्ण योगदान था। वे मूलाधिकारों पर बनी समिति के अध्यक्ष थे और उन्होंने अधिकारों को दो भागों (मूलाधिकार तथा नीति-निर्देशक तत्व) में रखने का सुझाव दिया था। आज जहां देश में हर तरफ भाई-भतीजावाद की राजनीति का बोलबाला है, वहीं देश का यह लौहपुरूष राजनीति में भाई-भतीजावाद के सख्त खिलाफ था और इसका सबसे बड़ा उदाहरण उन्होंने खुद अपने बेटे को राजनीति से दूर रखते हुए दिया भी। इस बात का स्पष्ट उल्लेख मिलता है कि उन्होंने अपने पुत्र दहयाभाई को तब तक यथासंभव दिल्ली से दूर रहने को कहा था, जब तक कि वह स्वयं दिल्ली में रहें। उनके हृदय में ईमानदारी की भावना किस कदर कूट-कूटकर भरी थी, इसका इससे बेहतर बेमिसाल उदाहरण नहीं हो सकता कि उनके निधन के बाद खोजबीन किए जाने पर उनकी निजी सम्पत्ति के नाम पर उनके पास कुछ नहीं था। बगैर लाग-लपेट, सीधा-स्पष्ट, कड़ा और खरा बोलने के लिए विख्यात रहे पटेल ने अपने जीवन में आई तमाम कठिनाईयों से पार पाते हुए सदैव उन पर सफलता हासिल की, इसीलिए उन्हें 'लौहपुरूष' के रूप में जाना जाता है। सरदार पटेल का जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व सदैव प्रेरणास्रोत के रूप में देशवसियों को प्रेरित करता रहेगा। हार्ट अटैक के कारण यह लौहपुरूष 15 दिसम्बर 1950 को दुनिया से विदा हो गया।



## एक्सप्रेस कविता

*कोई कविता नहीं लिखता सड़क के लिए? सड़क बेचारी कभी सुनसान, कभी बियाबान कभी पथरीले, कभी कटीले, भीड़ के हादसे को सहते, मशीनी हाथियों का सैलाब दर्द सहती, गुमसुम चलती जाती है, दर्द की अभिव्यक्ति किससे कहें, किसकी सुने, नियति उसकी दर्द झेलना ही है, किसी को उसके दर्द से क्या दर्द, हां कभी कोई लहूलुहान, वक्त का मारा, हादसों का शिकार लग कर गले, बहा जाता है रक्त और दर्द के दो आंसू एक अपने लिए और एक शायद उसी की तरह जीती और दर्द भोगती सड़क के लिए, वह घायल पथिक जानता है इसका अपना कोई सगा नही, इसे चलते जाना है सिर्फ चलते जाना है, सड़क की कोई आत्मा, दिल या दोस्त नहीं, कोई नही कहता कोई शब्द और नहीं करता सार्थक संवाद।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*लंबा धागा और लंबी जुबान केवल समस्याएं ही देते हैं, इसलिए धागे को लपेट कर और जुबान को समेटकर रखना ही उचित है।*

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | तृतीया 21:35 तक |
| नक्षत्र: | रोहिणी 27:57 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | मंगलवार |
| योग: | वरीघा, 15:31 |
| सूर्योदय: | 06:35 |
| सूर्यास्त: | 17:32 |
| चंद्रमा: | वृषभ राशि में |
| राहुकाल: | 14:48-16:10 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्त: | 11:42-12:26 |

## जन एक्सप्रेस

### बन रही ना पैठ !

*जो बातें हैं ग़लत ।*
*हो उनका विरोध ।।*
*करके सोच छोटी ।*
*है आता अवरोध ।।*
*कर रहा ये वोट बैंक ।*
*सबका ही नुकसान ।।*
*ध्यान सही का रख कर ही ।*
*है हटता व्यवधान ।।*
*है करना मूल्यांकन ।*
*मिल रही जो हार ।।*
*किससे कब कब क्या ?*
*है किया करार ।।*
*दिल में लगता आजकल ।*
*बन रही ना पैठ ।।*
*दूसरा पर कैसे ।*
*कर लिया घुसपैठ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# आयुर्वेद के अनुसार बालों का टेक्सचर बेहतर करने के लिए अपनाएं ये 5 उपाय, मिलेंगे और भी फायदे

**जैसे-जैसे** उम्र बढ़ती जाती है, हमारे बालों का टेक्सचर भी बदलता जाता है। जहां, युवावस्था में लोगों के बाल खूबसूरत काले और घने होते हैं। टेक्सचर भी आकर्षक होता है। वहीं, उम्र बढ़ने के साथ-साथ बालों का रंग फीका हो जाता है, बेजान और रूखे भी नजर आते हैं। मौजूदा समय में हैरानी की बात ये है कि कम उम्र में ही बालों से जुड़ी समस्या देखने को मिलती है। इसके पीछे सिर्फ हार्मोनल बदलाव ही नहीं है, बल्कि बढ़ता प्रदूषण भी एक कारण है। लेकिन, अगर आप अपने बालों के टेक्सचर को सुधारना चाहते हैं, तो इसके लिए आयुर्वेद की मदद ले सकते हैं।



**हेयर टेक्सचर क्या है:** बालां की मोटाइल और उसका आकार बालों की टेक्सचर को डिफाइन करता है। बालों का टेक्सचर, हर बाल के स्ट्रैंड को बनाने वाले प्रोटीन की मात्रा और प्रकार से निर्धारित होता है। आयुर्वेद में बालों के स्वास्थ्य को बहुत ज्यादा महत्व दिया जाता है। आयुर्वेद के अनुसार वात, पित्त और कफ के आधार पर हमारे स्वास्थ्य को सुधारा जा सकता है और दोषों या ऊर्जाओं की पहचान की जा सकती है। ये दोष हमारे बालों के प्रकार और बनावट को निर्धारित करने में भी भूमिका निभाते हैं। आपको बताते चलें कि वात दोष पतले, सूखे बालों से जुड़ा होता है जिनके टूटने और दोमुंहे होने का खतरा होता है। पित्त दोष मीडियम बनावट वाले बालों से जुड़ा होता है, जो ऑयली होस कते हैं और कम उम्र में बालों के सफेद होने का कारण हो सकता है। आखिर में, कफ दोष घने, लहराते बालों से जुड़ा होता है, जिनमें ओवर ऑयलिंग और डैंड्रफ की समस्या हो सकती है।

**हेयर ऑयलिंग करें:** आयुर्वेद की मानें, तो बालों के टेक्सचर को बेहतर बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है नियमित रूप से हेयर ऑयलिंग करना। इससे बाल मॉइस्चराइज होते हैं। इससे बालों की बनावट में सुधार होता है, ड्राई और कमजोर बालों की समस्या दूर होती है। यहां तक कि बेजान बालां में नयापन देखने को मिलता है। हेयर ऑयलिंग हमेशा बालों की जड़ों में करें।

**हर्बल हेयर क्लींजर लगाएं:** आयुर्वेद की मानें, तो बालों की केयर के लिए हर्बल हेयर क्लींजर सबसे अच्छे ऑप्शन होते हैं। हर्बल हेयर क्लींजर जड़ी-बूटियों, पौधों और एसेंशियल ऑयल की मदद से बनाए जाते हैं। इसमें केमिकल्स नहीं होते हैं। हर्बल होने की वजह से बालों पर इन प्रोडक्ट का नेगेटिव असर भी नहीं पड़ता है। इससे बालों की ड्राईनेस दूर होती है और बालों का झड़ना भी कम होता है।

**हेल्दी डाइट लें:** बालों के टेक्सचर में सुधार के लिए हेल्दी डाइट लेना बहुत जरूरी है। आपको बता दें कि बालों का झड़ना सिर्फ बाहरी कारणों से नहीं होता है, बल्कि कई बार अनहेल्दी डाइट और अनहेल्दी लाइफस्टाइल की वजह से भी ऐसा होता है। हेल्दी डाइट की मदद से बालों के टेक्सचर में सुधार होता है। इससे आपके शरीर को विटामिन और मिनरल्स मिलते हैं, जो बालों को मजबूत बनाने में भी मदद करते हैं।

**बालों को ओवर वॉश न करें:** आयुर्वेद की मानें, तो बालों को ओवर वॉश करने की वजह से भी बालों का टेक्सचर खराब हो सकता है। दरअसल, ओवर हेयर वॉश करने की वजह से बालों का नेचुरल हेयर खत्म हो जाता है, जो बालों की हेल्थ को बिगाड़ सकता है। नतीजनत, बालों में ड्राइनेस, डैंड्रफ और खुजली होने जैसी समस्या हो सकती है। सप्ताह में दो बार बाल धोना काफी होता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# क्यों सरदार पटेल को भारत रत्न देने में हुई देरी



आर.के. सिन्हा

**आजाद भारत के इतिहास से जुड़े इतने अहम फैसले सरदार पटेल ने लिए, उस स्थान के बाहर कोई शिला पट्ट तक लगाने की किसी ने कोशिश नहीं की, ताकि देश की युवा पीढ़ी को पता चलता कि भारत के लिए सरदार पटेल का दिल्ली का घर कितनी अहमियत रखता है।**

**मणिबेन ने सुखी जीवन को छोड़कर अपने पिता के पदचिन्हों पर चलने में जीवन का अर्थ देखा। जब तक सरदार पटेल जीवित रहे, मणिबेन ने उनकी निरंतर सेवा की। उनकी आशाओं और निराशाओं, दुखों और ख़ुशियों को बेहद क़रीब से देखा। सरदार की मृत्यु के बाद, मणिबेन राजनीति में सक्रिय हुईं और लगभग तीन दशकों तक एक सांसद के रूप में समाज सेवा करती रहीं।**

**लौह** पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के उन महान जन नेताओं से थे, जिन्हें कभी उनका हक नहीं मिला। देश की स्वतंत्रता के पश्चात सरदार पटेल देश उप-प्रधानमंत्री के साथ प्रथम गृह, सूचना तथा रियासत विभाग के मंत्री बने। सरदार पटेल को उनके निधन के दशकों बाद 1991 में भारत के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान भारतरत्न से नवाजा गया। उन्हें भारत रत्न देने में इतने साल क्यों लगे? क्या कांग्रेस का कोई नेता बताएगा कि केन्द्र की कांग्रेस सरकारों ने सरदार पटेल को भारत रत्न देने में इतना वक्त वक्त क्यों लगाया ? सरदार पटेल महान देशभक्त, दूरदर्शी एवं लोकप्रिय जननेता थे। इतने लोकप्रिय कि जब कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक प्रधानमंत्री के चुनाव के लिये बुलाई गई थी तब सारे मत सरदार पटेल के पक्ष में ही पड़े थे ढ्ढ मात्र एक नेहरु जी ने अपने लिये वोट डाला था पर गाँधी जी ने सबके सामने पटेल को बुलाकर नेहरु का नाम प्रस्तावित करने को कहा था जो उन्होंने किया। सरदार पटेल ने किसानों के हितों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। वे अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के भी जनक थे। सरदार पटेल ने बारदौली में किसानों के आंदोलन का नेतृत्व किया तथा अंग्रेजों को झुकने पर मजबूर कर दिया था। अंग्रेजों ने वर्ष 1947 में भारत को स्वतंत्र तो कर दिया था परंतु, 562 से अधिक रियासतों को उनकी मर्जी पर छोड़ दिया। सरदार पटेल ने अपनी सूझबूझ से एक कश्मीर को छोड़कर सभी रियासतों को भारत के तिरंगे के नीचे विलय करवा दिया तथा अखंड भारत का निर्माण किया। उन्होंने जिस प्रकार से आजादी के बाद देश में मौजूद चुनौतियों का सामना करके राष्ट्र की एकता में अहम भूमिका निभाई उसके लिए देश हमेशा उनका कृतज्ञ रहना होगा। मात्र एक रियासत कश्मीर को नेहरु ने जिद करके अपने जिम्मे रखा और हम अभी तक उसके साथ जूझ रहे हैं। बेशक, सरदार पटेल के फैसले के कारण ही हैदराबाद रियासत का भारतीय संघ में विलय 17 सितंबर, 1948 को हुआ। उससे पहले 'ऑपरेशन पोलो' चलाया गया। जिसके बाद ही हैदराबाद का दुष्ट नवाब घुटनों के बल पर आया था। भारत की स्वतंत्रता के बाद जब भारतीय संघ का गठन हो रहा था, तब हैदराबाद के निजाम ने भारत से विलय में आनाकानी करनी शुरू कर दी थी। हालांकि, वहां हिन्दू बहुमत में थे और वह राज्य का मुसलमान शासक था । आखिरी निजाम ओस्मान अली खान ने अपनी सेना के बल पर राज करने का फैसला किया था। निजाम ने ज्यादातर मुस्लिम सैनिकों वाली रजाकारों की सेना बनाई। सरदार पटेल चाहते थे कि हैदराबाद के निजाम खुद भारत संघ में सम्मिलित हो जायें। लेकिन निजाम के अड़ियल रवैये के कारण सरदार पटेल ने हैदराबाद में पुलिस एक्शन का फैसला किया। इस काम में सिर्फ पांच दिन लगे। इसमें करीब 40 हजार जानें गईं थी। हालांकि जानकार ये आंकड़ा दो लाख से भी ज्यादा बताते हैं। सरदार पटेल भारत की भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के जनक भी थे। राजधानी के सिविल लाइंस पर स्थित मेटकाफ हाउस का लौह पुरुष सरदार पटेल से एक बेहद करीबा नाता रहा है। इधर ही सरदार पटेल ने 21 अप्रैल, 1947 स्वतंत्र होने जा रहे भारत के नौकरशाहों को सुराज के महत्व पर संबोधित किया था। अपने भाषण में उन्होंने सिविल सेवकों को भारत का स्टील फ्रेम कहा। इसका मतलब यह था कि सरकार के विभिन्न स्तरों पर कार्यरत सिविल सेवक देश की प्रशासनिक व्यवस्था के सहायक स्तंभों के रूप में कार्य करते हैं। इसलिए वर्ष 2006 से 21 अप्रैल को राष्ट्रीय नागरिक सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोक प्रशासन में विशिष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार भी देते हैं। सरदार पटेल सदैव देश हित में फैसले लेते थे। वे ईमानदारी की मिसाल थे। उनके पास खुद का मकान भी नहीं था। 15 दिसंबर 1950 को जब उनका निधन हुआ, तब उनके बैंक खाते में सिर्फ 260 रुपए मौजूद थे। सरदार पटेल 1, एपीजे अब्दुल कलाम रोड (पहले औरंगजेब रोड) पर स्थित एक निजी बंगले के एक हिस्से में रहते थे। यह बंगला था बनवारी खंडेलवाल का। वे सरदार पटेल के मित्र थे। सरदार पटेल ने इस बंगले में रहते हुए ही देश को आजादी मिलने के बाद 562 रियासतों का भारत में विलय करवाया। यहां पर ही रहते हुए उन्होंने हैदराबाद रियासत में पुलिस एक्शन की रणनीति अपने सलाहकारों के साथ मिलकर बनाई थी। सरदार पटेल के साथ दिल्ली में उनकी पुत्री मणिबेन पटेल भी रहती थीं। सरदार पटेल की बेटी और जवाहर लाल नेहरू-इंदिरा गांधी की तरह ही सरदार पटेल-मणिबेन पिता-पुत्री की जोड़ी भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय जोड़ी थी।

# नकली खाद बेचने वाले कारोबारी पर बड़ी कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत 30.14 करोड़ की संपत्ति जब्त

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** पुलिस ने सोमवार को मैगलगंज स्थित मनीष गुप्ता और उसके पुत्र रितिक गुप्ता पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई करते हुए छह मकान और दो फैक्टरी समेत 30.14 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की। बताते चलें नकली खाद का कारोबार करने वालों पर बड़ी कार्रवाई हुई है। डीएम के निर्देश पर पुलिस ने सोमवार को मैगलगंज स्थित मनीष गुप्ता और उसके पुत्र रितिक गुप्ता पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने कारोबारी द्वारा अवैध रूप से अर्जित 30.14 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। मनीष गुप्ता ने अवैध खाद कारोबार से द्वारा अर्जित धन से अपने पुत्र रितिक गुप्ता व पत्नी सोनिका गुप्ता के नाम मैसर्स गोविन्द इंडस्ट्रीज उर्वरक फैक्टरी स्थापित की। जिसमें बड़े पैमाने पर नकली उर्वरक का उत्पादन व विक्रय करते हुए अवैध धन कमाया। कारोबारी की खाद फैक्टरी से भारी मात्रा में नकली खाद बरामद की गई थी। मनीष गुप्ता को बनाया गया गैंग लीडर पुलिस का कहना है कि कारोबारी मनीष गुप्ता ने नकली खाद का कारोबार कर अवैध धन कमाया। अपने पुत्र रितिक गुप्ता, पत्नी सोनिका गुप्ता,भाई नरेंद्र गुप्ता उर्फ रजनीश के नाम चल-अचल संपत्ति जुटाई। गैंग लीडर मनीष गुप्ता द्वारा अपराध से अर्जित धन अपनी सुख सुविधाओं में खर्च किया जा चुका है।पुलिस का कहना है कि अवैध संपत्ति को उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा 14(1) के तहत कुर्क किये जाने के लिए एसपी गणेश प्रसाद साहा ने जब्तीकरण की रिपोर्ट डीएम को भेजी थी। रिपोर्ट के आधार पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कुर्की के आदेश दिए थे। ये संपत्ति हुई जब्त सोमवार को राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कारोबारी के छह मकान, दो फैक्टरी व 10 भू-खण्ड / प्लॉट (कुल 1.9383 हेक्टेयर यानी 4.79 एकड़ भूमि),एक फॉरच्यूनर गाड़ी,आठ ट्रक, दो मोटर साइकिल व एक बोलेरो पिकअप जब्त की गई।

# बजाज ग्रुप से मिलने वाला पैसा बैंक का कर्ज अदा करने भर को भी नहीं: अंजनी दीक्षित

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने कहा पिछले वर्ष का गन्ना भुगतान अगर आंशिक मिल भी रहा है तो इसमें कोई खुशी की बात नहीं हम गन्ना किसान कर्ज के दलदल में है गन्ना किसानों को पैसा बैंक के माध्यम से मिलता है बैंकों में किसानों के कर्ज के खाते हैं बैंक अपना पैसा काट लेगा जिससे किसानों की दीपावली फीकी ही रहेगी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वादा किया था चीनी मिल चालू हो जाने से पहले संपूर्ण भुगतान कर दिया जाएगा आंशिक भुगतान से कहां काम चलने वाला है संपूर्ण भुगतान हो और वर्तमान सत्र का 14 दिन के अंदर भुगतान मिले समय से भुगतान न होने के कारण ही गन्ना किसान कर्ज के दलदल में गया है चीनी मिल चालू होने पर 7000 प्रति ट्राली नगद खर्च होगा चीनी मिल उधर गन्ना खरीद कर अपना उल्लू सीधा कर लेंगे किसान का पैसा फिर फंस जाएगा कुछ किसान संगठन किसानों को गुमराह करने में लगे हैं किसान पंचायत में कुछ और प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हैं दूसरे दिन भुगतान होने की कुछ संभावना दिखती है तो अपनी पंचायत का हवाला देकर भुगतान की बात करते हैं राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने 18 अक्टूबर को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था।जिसमें स्पष्ट किया गया था अगर बकाया गन्ना भुगतान नहीं होता है तो बजाज ग्रुप के तीनों चीनी मिलों पर चीनी मिल चलने के साथ-साथ ही राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का धरना चालू कर दिया जाएगा किसान दिवस की बैठक में जिलागन्नाधिकारी मौजूद थेद्य उन्होंने आश्वासन दिया हम चीनी मिल चालू होने से पहले भुगतान करने का पूरा प्रयास कर रहे हैं चीनी मिल प्रबंधन की बैठक संगठन के प्रतिनिधियों के साथ कराई जाएगी जिससे स्थिति स्पष्ट हो जाएगी चीनी मिल प्रबंधन वर्तमान सीजन का भुगतान कैसे करेगा संपूर्ण बकाया भुगतान कब तक हो पाएगा यह सोचनीय विषय है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दीपावली से पूर्व बजाज चीनी मिल गोला गोकरननाथ ने किया 185 करोड़ का भुगतान

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड की स्थानी चीनी मिल द्वारा 9 फरवरी 2023 तक का भुगतान भेज दिया गया है।चीनी मिल के यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि विगत वर्ष गन्ना मूल्य भुगतान के मद मे 185 करोड़ का भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया है जो कि 9 फरवरी 2023 तक का भुगतान शामिल है। उन्होंने क्षेत्र के सभी किसान भाइयों से अपील की है कि वह अपना सहयोग पूर्व की भांति बनाए रखें ,बकाया शेष भुगतान के लिए प्रयास किया जा रहा। यूनिट हेड ने सभी किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि वह अपना गन्ना सस्ते दामों पर कोल्हू, क्रेशर पर खुर्द बूर्द ना करें ,तथा मिल को ताजा ,साफ व अगौला रहित गन्ना सप्लाई कर मिल को सहयोग प्रदान करें।

### दीपावली से पूर्व बजाज चीनी मिल खंभारखेडा ने किया 82 करोड़ का भुगतान

जन एक्सप्रेस/शाजिफ हुसैन/खंभारखेडा खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड की स्थानी चीनी मिल द्वारा 27जनवरी 2023 तक का भुगतान भेज दिया गया है। चीनी मिल के यूनिट हेड अवधेश गुप्ता ने बताया कि विगत वर्ष गन्ना मूल्य भुगतान के मद मे 82 करोड़ का भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया है जो कि 27 जनवरी 2023 तक का भुगतान शामिल है।उन्होंने क्षेत्र के सभी किसान भाइयों से अपील की है कि वह अपना सहयोग पूर्व की भांति बनाए रखें ,बकाया शेष भुगतान के लिए प्रयास किया जा रहा। यूनिट हेड ने सभी किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि वह अपना गन्ना सस्ते दामों पर कोल्हू, क्रेशर पर खुर्द बूर्द ना करें ,तथा मिल को ताजा ,साफ व अगौला रहित गन्ना सप्लाई कर मिल को सहयोग प्रदान करें।

### बजाज चीनी मिल पलिया ने किया 157 करोड़ का भुगतान

जन एक्सप्रेस/रिजवान खान/ पलिया कला खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड की स्थानी चीनी मिल द्वारा 4 फरवरी 2023 तक का भुगतान भेज दिया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयासों से यह संभव हो सका है।चीनी मिल के यूनिट हेड ओ पी चौहान ने बताया कि विगत वर्ष गन्ना मूल्य भुगतान के मद मे 157करोड़ का भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया है जो कि 4 फरवरी तक का भुगतान है। उन्होंने क्षेत्र के सभी किसान भाइयों से अपील की है कि वह अपना सहयोग पूर्व की भांति बनाए रखें ,बकाया शेष भुगतान के लिए प्रयास किया जा रहा। यूनिट हेड ने सभी किसान भाइयों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि 16 नवंबर से मिल प्रारंभ होगा।

### निघासन तहसील सभागार में पंचायत सहायकों को दिया गया एग्रीस्टेक प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस/अख्तर अली/निघासन खीरी। निघासन खीरी के तहसील सभागार में एग्रीस्टेक प्रशिक्षण नायब तहसीलदार दिव्यांशु ,व सम्बंधित कृषि विभाग से अधिकारी ने पंचायत सहायकों को दिया गया इस प्रशिक्षण के माध्यम से बताया गया कि भारत सरकार को फसलों की डाटा पहुँच सके जिस कारण सरकार के पास फसलों का आंकड़ा पहुँच सके जिसके लिये ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में बताया कि खेतो में जाकर फसलों का सर्वे मोबाइल एप्प के माध्यम से करना है। इस मौके पर पंचायत सहायक अमरजीत,मोहम्मद रिज़वान, कु अंजू , संदीप कौर, नीतू गुप्ता , सोमराज , अजीजुल रहमान , शहनील बानो , महजबीन बानो, राफिया बानो , अनामिका यादव , दीपा देवी , रजविंदर कौर सहित अनेक पंचायत सहायक मौजूद रहे।



# खंभार खेड़ा मिल का 18वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया

जन एक्सप्रेस । खंभारखेड़ा खीरी



बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभार खेड़ा में 18वां स्थापना दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर एक मेगा कैंप स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 30अक्टूबर को किया गया। जिसमें लखीमपुर के मनोज महेशा हॉस्पिटल के डॉक्टरों द्वारा ग्रामीणों ,किसानों, व कर्मचारियों अधिकारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें आवश्यक दवाएं भी वितरित की।इसका प्रचार प्रसार खंभार खेड़ा चीनी मिल के आसपास के ग्रामीणों में कराया गया था, जिन ग्रामीणों एवं किसानों को सीने में दर्द, ब्लड प्रेशर या किसी भी प्रकार की दिक्कत महसूस हो रही वे लोग आकर निशुल्क परामर्श लिया तथा चीनी मिल द्वारा निःशुल्क दवाएं वितरित की गई।उधर चंदन डायग्नोस्टिक द्वारा निःशुल्क ब्लड की जांच की व्यवस्था की गई।इस मौके पर मनोज महेशा हास्पिटल के डा मनोज बर्मा, डा गौरव अग्रवाल, महिला चिकित्सक ज्योति तिवारी, चीनी मिल के उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, डाअनिल त्रिपाठी, चंद्रवीर सिंह, अविनाश तिवारी, राजेश दुबे,सतीश श्रीवास्तव ,प्रगतिशील कृषक पुतान सिहं, मिथलेश सिंह, शिवाजी मिश्रा सहित काफी संख्या मे किसान व कर्मचारीयों ने अपने परीक्षण कराया।



## गुरु नानक कन्या महाविद्यालय में हुआ स्मार्टफोन वितरण

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी स्मार्ट फोन वितरण योजना के अन्तर्गत सोमवार को श्री गुरु नानक कन्या महाविद्यालय में बी०ए० एवं बी०एड० अन्तिम वर्ष उत्तीर्ण छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए गये। इस अवसर पर भा ज पा विधायक अमन अरविंद गिरी के प्रतिनिधि के रूप में उनके चाचा धर्मेंद्र गिरी, अवधेश कुमार मिश्र , महाविद्यालय के प्रबन्धक सरदार अरजेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष सरदार सतपाल सिंह, प्राचार्या डॉ. अंजू भोगल सहित महाविद्यालय के सम्पूर्ण स्टाफ के लोग उपस्थित रहे।



## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सघन जांच अभियान चलाकर जांच शुरू की

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी

**मोहम्मदी खीरी।** ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव में बुखार का संक्रमण फैल जाने से तमाम लोग इसकी चपेट में आ गए जिससे गांव में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सघन जांच अभियान चलाकर जांच शुरू की है।सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पिपरिया कप्तान पहुंचकर संक्रमित लोगों की जांच शुरू की।जिसमें मलेरिया 58, विडाल टेस्ट 85 और डेंगू की 11 जांच कराई गई जिसमें 4 लोगों के डेंगू पॉजिटिव पाए जाने पर हड़कंप मच गया। डॉक्टरों ने पॉजिटिव मरीजों को आनन-फानन में सरकारी अस्पताल में भर्ती कर इलाज शुरू किया है। स्वास्थ्य विभाग लगातार क्षेत्र में डेंगू का संक्रमण न होने का दावा कर रहा था। सरकारी जांच में एक गांव में 4 मरीज डेंगू से संक्रमित लोगों के निकल आने पर स्वास्थ्य विभाग की पोल खुल गई। गांव में बीमारी की रोकथाम करने के लिए युद्ध स्तर पर दवाइयां का स्प्रे कराकर नालियों की साफ सफाई शुरू कराई गई है।सी एच सी अधीक्षक मयंक मिश्रा के अनुसार एक गांव में इतने अधिक डेंगू संक्रमित पाए जाने पर विभाग द्वारा दवाईयां वितरित कराई गई है। स्थिति पर निगरानी की जा रही है।



## समाजसेवी संस्था समाजिक एकता फाउंडेशन की मासिक बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** समाजसेवी संस्था समाजिक एकता फाउंडेशन की मासिक बैठक नई बस्ती स्थित कार्यालय पर हुई। बैठक के दौरान एक जरूरतमंद को 13 हजार रुपए नगद संस्था की ओर से बीमारी में इलाज के लिए दिए गए। अध्यक्ष मुगलेआजम ने बताया संस्था हर समाज चाहे हिंदू हो या मुस्लिम ऐसे सभी जरूरतमंद लोगों की लड़कियों की शादी,बीमारों के इलाज, बच्चों की पढ़ाई आदि के लिए मदद की जाती है। उन्होंने बताता कि इसी क्रम में एक जरुरतमंद जावेद खान निवासी मुहल्ला प्यारेपुर जिनके छोटे भाई जा लखनऊ में इलाज चल रहा है।उनको से संस्था ने 13 हजार की नगद धनराशि दी है।बैठक के दौरान लखीमपुर सदर के सभी मस्जिदों के पेश ईमाम,शहर के तमामं सामाजिक लोग मौजूद रहे।



## उप जिलाधिकारी कार्तिकय सिंह ने संविलित विद्यालयों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । रिजवान खान

**पलिया कलां खीरी।** गत दिवस 30 अक्टूबर 2023 को उप जिलाधिकारी कार्तिकय सिंह पलिया द्वारा संविलित विद्यालय त्रिकोलिय , गदनिया एवं पंजाब घाट विकास खंड व तहसील पलिया का निरीक्षण किया गया। संविलित विद्यालय त्रिकोलिया में तैनात कुल तीन सहायक अध्यापक बिना किसी पूर्व सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित पाए गए। उक्त अध्यापकों की अनुपस्थिति दर्ज कर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद लखीमपुर खीरी को पत्राचार कर दिया गया। संविलित विद्यालय गदनिया में स्थिति संतोषजनक पाई गई जबकि संविलित विद्यालय पंजाब घाट में नामांकन के सापेक्ष विद्यार्थियों की उपस्थिति अत्यंत कम पाई गई। उपस्थित शिक्षामित्र द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में मेले का आयोजन होने के कारण विद्यार्थियों की उपस्थिति कम है । नामांकन के सापेक्ष शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## कोठिया ग्राम पंचायत में क्षतिग्रस्त सड़कों एवम लीकेज पाइप लाइन से ग्रामीणों को होती है असुविधा

जन एक्सप्रेस/रिजवान खान



**पलिया कलां खीरी।** विकास खंड पलिया के ग्राम पंचायत कोठिया ग्राम प्रधान उदासीनता के चलते सरकार के दिए गए निर्देश जलकल योजना और गड्ढा मुक्त सड़के बदहाल हो रही है। विदित हो कि विकास खंड पलिया के कोटिया ग्राम पंचायत में जगह-जगह खड़ंजे पर पानी भरा रहता है।बताते चले कि जलकल योजना के अंतर्गत जो टंकियां की लीकेज पाइपलाइन है उसे सुधारने का सरकार द्वारा सख्त निर्देश दिए गए हैं।फिर भी प्रधान की उदासीनता के चलते सड़के क्षतिग्रस्त हो गई है वहीं टंकी की पाइप लाइन जगह जगह से लीकेज होने के कारण सड़को पर पानी बहता रहता है जिससे संक्रमित बीमारियो की फैलने की प्रबल संभावना प्रतीत होती है।

# खेत में पराली जलाने पर चार लोगों के खिलाफ़ रिपोर्ट दर्ज

✻ एसडीएम ने पराली जलाने के आरोप में दो लोगो को भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । हरदोई




प्रशासन द्वारा लगातार खेतो में धान की फसल के अवशेष (पराली) न जलाए जाने की किसानों से लगातार अपील की जा रही है।लेकिन प्रशासन की इस अपील के बाबजूद किसान खेतो में फसलों के अवशेष जलाने का काम कर रहे है।एसडीएम के आदेश पर लेखपाल द्वारा चार लोगो के खिलाफ फसल अवशेष जलाने का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। सोमवार को एसडीएम डॉक्टर अरुणिमा श्रीवास्तव के निर्देश पर खेतो में फसलों के अवशेष (पराली)जलाने के आरोप में लेखपाल मंजेश कुमार ने हरपालपुर थाना क्षेत्र के बांसी गांव निवासी रामआसरे पुत्र जै जै राम,आनंद कुमार पुत्र विश्राम ,विजय कुमार पुत्र रामरतन,सत्यपाल पुत्र करन व सनफरा मजरा लमकन गांव निवासी महेश पुत्र श्री कृष्ण के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए तहसील प्रशासन को सूचना दी।हालांकि इस मामले में महेश पुत्र श्रीकृष्ण निवासी सनफरा व आनंद कुमार का पुत्र मकरंद निवासी बांसी को गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्यवाई करते हुए उपजिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय में भेजा गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।एसडीएम डॉक्टर अरुणिमा श्रीवास्तव ने बताया कि किसानों से कई बार आग्रह करते हुए लगातार अपील की जा रही है कि वह खेतो में फ़सलो के अवशेष को जलाएं नही उसे इकट्ठा करके उर्वरक के रूप में इस्तेमाल करे या फिर उसको अन्य उपयोग में लाएं।लेकिन किसान खेतो में पराली जलाने का कार्य कर रहे है।उन्हें इसकी जैसे ही जानकारी मिली वह राजस्व टीम के साथ पहुंची और उन्होंने कार्यवाई के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि खेतो में किसी भी तरह पराली न जलाई जाए अगर पराली जलाई गई तो खेत मालिक के खिलाफ कार्यवाई की जाएगी।

# पाली में रोडवेज बस स्टॉप का निर्माण कार्य प्रारंभ, चिन्हित भूमि की साफ सफाई शुरू

जन एक्सप्रेस । हरदोई



करीब तीन दशक से उतार-चढ़ाव की भेंट चढ़े कस्बा के रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। परिवहन विभाग द्वारा निर्माण कार्य की मंजूरी मिलने के लगभग दो माह बाद कार्यदाई संस्था ने सोमवार को चिन्हित जमीन पर उगी झाड़ियों को जेसीबी से हटाकर सफाई कार्य शुरू कर दिया है। कार्य शुरू होने से नगर के लोगों में खुशी की लहर है। लोगों का मानना है रोडवेज बस स्टैंड निर्माण से आमजन को आवागमन में सहूलियत मिलेगी साथ ही पाली की सूरत व सीरत में भी बदलाव देखने को मिलेगा। सन 2006 में बाबरपुर ग्राम सभा से परिवहन विभाग ने रोडवेज बस स्टैंड निर्माण के लिए 36 सौ वर्गमीटर जमीन क्रय की थी। लेकिन प्रशासन की लापरवाही के कारण जमीन के 26 सौ वर्गमीटर पर खानाबदोश लोगों ने डेरा जमा लिया था जबकि और शेष बची जमीन पर कथित तौर पर कब्जा कर लिए जाने की बात सामने आई थी। ऐसे में रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण अधर में लटक गया था। परिवहन निगम के द्वारा हाल के दिनों में दाखिल खारिज कराया गया, तो राजस्व टीम द्वारा जमीन की पैमाइश की गई। सभी अवरोधों को खत्म करने के बाद सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू के अथक प्रयासों से 12 अगस्त 2023 को परिवहन विभाग द्वारा 1 करोड़ 54 लाख 90 हजार रुपये की लागत से बस स्टैंड निर्माण कराने की मंजूरी दी गई। जिसके लिए उत्तर प्रदेश कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को कार्यदाई संस्था नामित किया गया था। यूपीपीसीएल संस्था ने निर्माण कार्य कराने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरु की थी। सोमवार को संस्था ने रोडवेज की चिन्हित जमीन पर उगी झाड़ियों की सफाई जेसीबी से शुरू करा दी है। लोगों का कहना है कि पाली में रोडवेज का आवागमन तो है, लेकिन ठहराव की समुचित व्यवस्था के अभाव में लोगों को कठिनाई हो रही थी। ऐसे में रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण होने से लोगों को साधन की सुविधा के साथ नगर के रोजगार में भी इजाफा होगा। विधायक प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी ने नगर की जनता की तरफ से योगी आदित्य नाथ व परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि तीन दशकों से व्यापारी व आम जनमानस की रोडवेज बस स्टैंड निर्माण की मांग थी। जो भाजपा सरकार में पूर्ण हुई है। होली तक निर्माण पूर्ण कराकर दिल्ली, जयपुर, कानपुर, लखनऊ, बरेली आदि बड़े शहरों के लिए बसों का संचालन व हरदोई मुख्यालय के नियमित संचालन को कराना सुनिश्चित कराया जाएगा।

# एसडीएम ने किसानों की बैठक कर कहा पराली जलाने पर होगी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । हरदोई



शाहाबाद तहसील क्षेत्र में शासन के निर्देश पर पराली जलाने पर पूरी तरीके से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस संबंध में एसडीएम ने कई ग्रामों में बैठक करके किसानों को चेतावनी दी है। शासन के निर्देशानुसार पराली जलाना प्रतिबंधित है। बावजूद इसके तमाम किसान पराली को लगातार जला रहे थे। शिकायतें मिलने के बाद एसडीएम सुश्री पूनम भास्कर ने अगमपुर और परेली गांव में किसानों के साथ बैठक करके उन्हें शासन के निर्देशों के बारे में अवगत कराया और हिदायत दी की कोई भी किसान अपने खेत में पराली न जलाए। पराली जलाने से प्रदूषण बढ़ता है और लोगों का स्वास्थ्य खराब होता है । शासन के निर्देशों का पूर्णतः पालन करें । अगर किसी ने भी शासन के निर्देशों की अवहेलना करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर तहसील प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार, पुलिस स्टाफ एवं क्षेत्रीय प्रधान मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन मकान का छज्जा गिराने की शिकायत करने बाले पीड़ित पर ही पुलिस ने दर्ज कर दिया मुकदमा

जन एक्सप्रेस । हरदोई

बड़ी बाजार गंगारामपुर में निर्माणाधीन मकान में बने छज्जा में बासंबल्ली लगी थी जिसमे शैलेंद्र व उनके पुत्रों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर रात को गिरा दिया। जब पीड़ित कोतवाली गया तब पुलिस ने मुकदमा न लिखकर पीड़ित के खिलाफ मुकदमा लिख दिया। पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र भेज कर न्याय की गुहार की है।

कस्बे के मोहल्ला बड़ी बाजार गंगारामपुर निवासी शरद चंद्र वर्मा ने एसपी को भेजे गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है। कि 28 / 29 अक्टूबर की रात लगभग 2−30 बजे मेरे पड़ोस के शैलेंद्र वर्मा उनके पुत्र विशाल ,ऋषभ, शुभम चार-पांच अन्य लोगों के साथ प्रायोजित ढंग से गेट पर बने छज्जे को एक राय होकर गिर दिया। आवाज सुनकर मेरा भाई बृजेश बाहर निकाला तो तमंचा लगा दिया और मारा पीटा जानमाल की धमकी दी।जिससे हाथ पैर में चोट आई है ।पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। और दूसरे पक्ष के शैलेंद्र वर्मा के प्रार्थना पत्र पर शरद व उनके भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## चुनावी रंजिश में प्रधान के ससुर पर फावड़े और कुल्हाड़ी से हमला,हालत गम्भीर

**हरदोई।** अरवल थाना क्षेत्र में खेत पर काम करने जा रहे ग्राम प्रधान के ससुर पर चुनावी रंजिश के चलते फावड़े और कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर उन्हें मरनासन्न कर दिया।घायल के पुत्र ने आठ लोगो के खिलाफ घटना की तहरीर दी है।तथा घायल को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।उधर घायल के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने आठ लोगो के खिलाफ अभियोग दर्ज कर चार नामजद आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के शेखापुर नगरिया की ग्राम प्रधान अर्चना राजपूत के ससुर रामशरण पुत्र पातीराम रविवार की देर शाम को अपने खेत पर जा रहा था। उसी बीच रास्ते में छिपे बैठे हमलावरों ने रामशरण के ऊपर फावड़े और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले की खबर मिलते ही रामशरण का पुत्र और ग्राम प्रधान का देवर रोहित उसे बचाने पहुंचा तो हमलावरों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए अभद्रता करने लगे। उधर चुनावी रंजिश के चलते किए गए हमले में बुरी तरह ज़ख्मी हुए रामशरण को सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। घायल के पुत्र द्वारा थाने पर दी गयी तहरीर के आधार पर पुलिस ने रघुनाथ,बसंत पुत्रगण राधेश्याम लालसिंह पुत्र दलजीत,रमाकांत,श्रीकांत,जितेंद्र, सहित आठ लोगो के खिलाफ अभियोग दर्ज करते गिरफ्तार कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# पिता ने तीन बच्चों के साथ खाया जहर



जन एक्सप्रेस । बहराइच

**पिता की मौत तीनों बच्चों की हालत गंभीर, पत्नी के भांजे के साथ भाग जाने से बिगड़ी स्थिति**

**जिला चिकित्सालय पहुंचकर एसपी ने जाना बच्चों का हाल**

पत्नी के भांजे के साथ भाग जाने से पारिवारिक संतुलन ऐसा बिगड़ा की पिता ने तीन बच्चों के साथ जहर खाकर सामूहिक मौत का प्रयास किया। इस प्रयास में पिता की मौत हो गई जबकि इसका एक बेटा और दो बेटियां जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने जिला चिकित्सालय पहुंच इलाजरत बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। घटना थाना रानीपुर क्षेत्र के निजामपुर गांव की है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार इस गांव के निवासी धर्मराज (40) पुत्र छोटेलाल की पत्नी ममता अपने भांजे मिथुन पुत्र भिखारी निवासी थाना पयागपुर के साथ अपने तीन बच्चों 12 वर्षीय रितिक 8 वर्षीय छाया और 4 वर्षीय मुस्कान को साथ लेकर भाग गई। पत्नी के जाने के बाद धर्मराज ने पता लगाया तो पता चला कि वह अपनी भांजे के साथ मुंबई में है। धर्मराज ने वहां जाकर पत्नी को बच्चों के साथ वापस घर लाने का प्रयास किया लेकिन पत्नी ने आने से इनकार कर दिया ऐसे में धर्मराज अपने तीनों बच्चों को लेकर वापस आ गया यहां कुछ दिनों के बाद बच्चे मां के पास जाने की जिद करने लगे। इस पर धर्मराज का पारिवारिक और मानसिक संतुलन जवाब दे गया और रविवार को उसने अपने तीनों बच्चों के साथ पारले बिस्कुट में घातक जहर मिलाकर पहले बच्चों को खिलाया और फिर स्वयं खा गया। सभी की हालत गंभीर होने पर पड़ोस के लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान धर्मराज ने दम तोड़ दिया जबकि उसके तीन बच्चे जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। इस घटना की क्षेत्र में काफी चर्चा है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने रात में ही जिला चिकित्सालय पहुंचकर इलाजरत तीनों बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में चिकित्सकों से जानकारी ली। अधीनस्थों को निर्देश दिया कि समुचित इलाज कराने की व्यवस्था करें।

## शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार का किया गया वितरण

**जनएक्सप्रेस/अयोध्या।** शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । समाज में मातृशक्ति को उचित सम्मान दिलाने के लिए ट्रस्ट गरीब व वंचित बेटियों की शिक्षा ,स्वास्थ्य तथा रोजगार के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित करता रहता है । इसी क्रम में ट्रस्ट द्वारा संघर्ष करके विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने वाली बेटियों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के माल्यार्पण के साथ हुआ । मुख्य अतिथि के रूप में सत्येंद्र वेदांती महाराज ने मंच को सुशोभित किया । इस अवसर पर शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित हर्ष क्लासेस के छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया । शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट प्रमुख डॉक्टर विजय शंकर मौर्य ने बताया कि ट्रस्ट गरीब छात्राओं के लिए निशुल्क कक्षाओं का संचालन कर रहा है । कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार मौर्य ने किया । वरिष्ठ सदस्य पूर्व सिन्हा ने ÷बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ÷ सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के बारे में वक्तव्य दिया ।

# एसएसबी ने सीमावर्ती लोगों के उत्थान के लिए शुरू किया कौशल विकास एवं व्यासायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । बहराइच

**नागरिक कार्यवाही कार्यक्रम में सीमा क्षेत्र की जनता हुई लाभान्वित**




42वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा नागरिक कार्यवाही कार्यक्रम का आयोजन लार्ड बुद्धा डिग्री कॉलेज साकेत नगर रुपईडीहा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम गंगा सिंह उदावत, कमांडेंट 42वीं वाहिनी के निर्देशन में कराया गया। कार्यक्रम के दौरान सीमावर्ती लोगो को कौशल विकास व व्यावसायिक प्रशिक्षण के तहत बेसिक कंप्यूटर, 60 दिवसीय सिलाई कढाई प्रशिक्षण तथा 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का शूभारम्भ किया गया। जिसमें कल 96 लाभार्थी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। सीमा क्षेत्र के युवाओं की खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की खेल सामग्री का वितरण किया गया। जिसमे 85 युवा खिलाडी, छात्र, छात्राए कार्यक्रम स्थल पर लाभान्वित हुए। एसएसबी लगातार नागरिक कार्यवाही कार्यक्रम , सामाजिक चेतना अभियान , पशु चिकित्सा शिविर, मानव चिकित्सा शिविर एवं अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से जनता को लाभान्वित करती रहती है। बताते चले की बीते मार्च 2023 में वाहिनी द्वारा नागरिक कार्यवाही कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया था। जिसमें सीमा क्षेत्र के जरुरतमंद किसानो के लिए कृषि उपकरण, गैर पारम्परिक उर्जा का विकास स्त्रोत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोलर लाइट का वितरण, सीमा क्षेत्र के युवाओं की खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की खेल सामग्री का वितरण किया गया था। साथ ही माह अक्टूबर में सामाजिक चेतना अभियान के तहत सीमावर्ती लोगो को व्यवसाय सृजन के उदेश्य से मुर्गी के चूजे का वितरण किया गया। वाहिनी द्वारा इस प्रकार के कल्याणकारी कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन कुमार डीसीआईओ बहराइच रहें। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में एसएसबी के इस कल्याणकारी कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम के बाद छात्र-छात्राओं को वॉली बॉल नेट, फुटबॉल, कैरम बोर्ड, बैडमिन्टन, चेस बोर्ड, लूडो, स्किपिंग रोप आदि वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए।

# पूर्व मंत्री ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने नीलम निषाद कप्तान गुप्तारघाट, तृप्ति सदर बाजार तथा अदबिया बानो धारा रोड राठहवेली को किया सम्मानित।

इण्डो श्रीलंका टेनिस बॉल क्रिकेट सीरीज में भारतीय टीम ने श्रीलंका की टीम को हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया ,देश की टीम की ओर से खेलते हुए अयोध्या उत्तर प्रदेश की नीलम निषाद कप्तान गुप्तारघाट, तृप्ति सदर बाजार तथा अदबिया बानो धारा रोड राठहवेली ने भारतीय टीम को 3-0 से सीरीज को जिताने तथा देश को गौरवान्वित करने का कार्य किया,पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम ने सभी खिलाड़ियों को बुके देकर सम्मानित किया, इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने कहा कि जिस तरह अयोध्या विधानसभा की बेटियों ने देश का नाम रोशन किया है आज गर्व है इनपर लेकिन मौजूदा सरकार इन खिलाड़ियों पर ध्यान नहीं दे रही है आज खिलाड़ी अपने खर्चे पर खेल रहे है सरकार की तरफ से कोई सुविधा इनको नही मिल रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि श्रीलंका जाकर देश का नाम रोशन करने वाली सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और सरकार से इन्हे खेल संबंधित सभी सुविधा देने की मांग करता हूं, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा देने वाली सरकार आज बेटियो के प्रति संवेदनहीन हो गई है, आज खिलाड़ियों को वो मूल सुविधाएं नही दी जा रही है जो सपा सरकार मे दी जाती थी, अयोध्या महानगर की सभी बेटियो को शुभकामनाए देता हूं, और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, महानगर प्रवक्ता राकेश यादव महानगर सचिव जगन्नाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश यादव, अंसार अहमद बब्बन, जगदीश यादव, भगवान दीन निषाद, शिवांशु तिवारी, प्रदीप निषाद, राहुल निषाद, रंजन निषाद इत्यादि लोग मौजूद थे।

# किसान गोष्ठी में किसानों को जैविक खेती के लिए किया गया प्रेरित

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

तारुन विकासखंड क्षेत्र के बाबा नगर तिराहा ननशा बाजार में सोमवार को किसान जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आए अधिकारियों द्वारा किसानों को जैविक एवं ऑर्गेनिक तकनीक से फसल उगाने के फायदे बताए गए। पारालशर बायो प्रोडक्ट कंपनी के रिजिनल मैनेजर कृष्ण प्रताप सिंह सेंगर द्वारा ऑर्गेनिक खेती के लिए किसानों का उत्साहवर्धन किया गया। तथा उन्हें जरूरी टिप्स दिया गया। बताया कि फसल में रासायनिक और कीटनाशक का प्रयोग किए जाने से मिट्टी किसकी उर्वरता भी कम होती है तथा रासायनिक और कीटनाशक से पैदा किए गए कृषि उत्पादो के इस्तेमाल से स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। एवं तमाम बीमारियां उत्पन्न होती हैं। किसान संगोष्ठी के आयोजन के अवसर पर प्लान्टों कृषि तंत्र से गन्ना, गेहूं, आलू, टमाटर सहित सब्जियों की फसलों को रोग मुक्त उगाने की सलाह दी गई। तथा कीटनाशक के प्रबंध का भी उपाय सुझाया गया। कंपनी के रीजनल मैनेजर कृष्ण प्रताप सेंगर ने उपस्थित किसानों की समस्याओं का समाधान बताया। तथा कंपनी द्वारा निर्मित प्रोडक्ट की विशेषताएं भी बताई। उन्होंने कृषि के पौधों को संतुलित उर्वरक के जरिए उत्पादित करने की सलाह देते हुए दावा किया कि प्लांटों कृषि तंत्र के उपयोग के बाद किसान जो फसल उत्पादित कर रहा है वह रोग मुक्त है। समुद्र के शैवाल से कंपनी जैविक दवा और उर्वरक तैयार करती है। ऑर्गेनिक तरीके से कृषि उत्पादन स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य वर्धक है। जैविक कृषि उत्पादों की मांग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रही है।

कार्यक्रम में रीजनल मैनेजर कृष्ण प्रताप सेंगर के अलावा एसएसओ दुर्गेश कुमार मिश्रा, राजेंद्र वर्मा, राजित राम यादव, शिवराम, देवी प्रसाद पांडे, अतुल वर्मा, दिलीप कुमार वर्मा सहित क्षेत्र के तमाम किसान मौजूद रहे।

# खादी फार नेशन, खादी फार फ़ैशन के नारे के साथ खादी महोत्सव शुरू




जन एक्सप्रेस । बहराइच

**महिला पीजी कॉलेज में एनएसएस के तहत आयोजित किया गया कार्यक्रम**

शहर के महिला पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान में खादी महोत्सव के अंतर्गत शपथ एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन कालेज की प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के ने किया। कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमृता मिश्रा ने छात्राओं को खादी उत्पादों के नियमित प्रयोग करने की शपथ दिलाई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्या प्रोफेसर मुखर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वाहन पर हम सभी को खादी के प्रयोग से भारत को आत्मनिर्भर बनाने और विकसित भारत के प्रण को पूरा करने में अपना सहयोग देना होगा। डॉ ज्योति त्रिपाठी ने खादी के महत्व एवं प्रयोग पर व्याख्यान दिया एवं खादी महोत्सव के नारे खादी फ़ॉर नेशन खादी फ़ॉर फ़ैशन का उल्लेख भी किया।कार्यक्रम के अंत मे राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमृता मिश्रा ने छात्राओं को ई शपथ लेने के लिए प्रेरित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।कार्यक्रम में डॉ सायरा खातून,डॉ सीमा यादव,डॉ आकांक्षा पटेल एवं डॉ कमर जहाँ सहित अन्य प्रवक्ता तथा शिक्षणेत्तर उपस्थित रहे।

# बुनियादी शिक्षा के विकास हेतु आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद में शिक्षा विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहयोग से पिरामल फाऊंडेशन द्वारा बुनियादी भाषा कौशल एवम संख्या ज्ञान पर धर्म गुरुओं के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों की भाषाई और गणित की अवधारणा को कैसे मजबूत किया जाए इस पर शिक्षकों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में मदरसा धर्मगुरुओं, शिक्षक एवम शिक्षिकाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम में पीरामल फाऊंडेशन की टीम ने गूगल रीड अलोंग द्वारा सभी शिक्षकों को अवगत कराया कि इस इसके माध्यम से बच्चों की भाषाई क्षमता को विकसित किया जा सकता है। सभी शिक्षकों ने ऐप को अपने मोबाइल में डाउनलोड किया और यह भी सुनिश्चित किया कि वे अपने मदरसा के शिक्षकों और अभिवावकों को प्रेरित करेंगे कि बच्चों के साथ इसके माध्यम से भाषाई क्षमता पर काम करें, ताकि निपुण भारत का उद्देश्य प्राप्त हो। सभी धर्म गुरुओं ने यह निर्णय लिया कि दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम पर भी हमे काम करने को आवश्यकता है। कार्यशाला में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत कुमार ने पिरामल फाऊंडेशन के प्रयास को सराहनीय बताते हुए सभी मदरसा शिक्षकों से अपील की आप अपने मदरसों को डिजिटल तौर तरीकों से मॉडल मदरसा बनाए ताकि दूसरे मदरसों को भी अपने सीखने की प्रेरणा मिल सके साथ ही पिरामल फाउंडेशन की टीम से कहा की मदरसा के टीचर्स की ट्रेनिंग नियमित अंतराल पर किया जाए और मदरसा का भ्रमण भी किया जाए ताकि मदरसा को एक आदर्श मदरसा बनाया जाए एवं जिला अल्प संख्यक अधिकारी ने शिक्षा को और बेहतर बनाने हेतु सम्पूर्ण सहयोग प्रदान करने की बात की । कार्यशाला में पिरामल फाउंडेशन राज्य स्तरीय टीम से नफीस अहमद, प्रिया वैध इमरान,राकेश, सोनल, गांधी फैलो और सभी मदरसा शिक्षक उपस्थित रहे।

## पत्रकारों के उत्पीड़न पर सभी पत्रकार एकजुट होकर समस्या का सामना करें : रूपेश श्रीवास्तव

**अयोध्या ।** इंडियन कौंसिल आफ प्रेस की एक आवश्यक बैठक सिविल लाइन स्थित एक होटल में आयोजित की गई बैठक में संगठन का विस्तार किया गया जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव ने नवनीत कौशल को महानगर अध्यक्ष व अनिल निषाद को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया । अन्य पदाधिकारी व सदस्यों में डॉक्टर आनंद उपाध्याय रवि मौर्य खालिद रशीद अनूप श्रीवास्तव साजिद हुसैन अरुण उपाध्याय सुमित यादव वैभव श्रीवास्तव अमित श्रीवास्तव आदि शामिल है बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकारों के उत्पीड़न पर सभी पत्रकार एकजुट होकर समस्या का सामना करे फिर चाहे पत्रकार किसी बैनर से जुड़े हो या किसी भी संगठन से। प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव ने कहा पत्रकारों का हर संगठन पत्रकारों के साथ अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए संकल्पित होता है।पत्रकारों को अपनी आवाज अपनी कलम के माध्यम से बुलंद करनी चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि हम अपनी आवाज को अपनी कलम के माध्यम से सरकार तक पहुचाएं।

# एसएसबी द्वारा स्वरोजगार के लिए मुर्गी चूजा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ




जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल 9वी वाहिनी के सीमा चौकी कोयलाबास द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सोमवार को सीमावर्ती गांव मे मुर्गी पालन कार्यक्रम के तहत चूजा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जानकारी के अनुसार 30 अक्टूबर को नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सशस्त्र सीमा बल 09वी वाहिनी की सीमा चौकी कोयलाबास के कार्यक्षेत्र के जरवा कैंप ( ओल्ड लोकेशन) में ऋषिपाल सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, 09वी वाहिनी के कुशल नेतृत्व में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत मुर्गी पालन कार्यक्रम के तहत चूजा वितरण का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में 35 परिवारों को चूजों का वितरण किया गया । वितरण के दौरान लाभार्थियों ने बताया कि नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सशस्त्र सीमा बल द्वारा उठाया जा रहा यह कदम सराहनीय है, जिससे इस योजना से सीमावर्ती ग्रामीणों के बेरोजगार युवक युवतियों को अपना खुद का व्यवसाय शुरू करके आय बढ़ाने में मदद मिलेगा । लाभार्थियों ने 09वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण कार्यक्रम का प्रंशसा करते हुए सशस्त्र सीमा बल के कर्मियो को धन्यवाद दिए ।

# एसएसपी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । अयोध्या




भ्रष्टाचार का विरोध करें,राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे की थीम को लेकर लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर सतर्कता अधिष्ठान के अयोध्या सेक्टर ने डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सन्त कबीर सभागार में एक जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसएसपी आरके नैय्यर ने दीप प्रज्वलित कर किया। एसपी सतर्कता अधिष्ठान रमेश भारतीय ने सभी अतिथियों को पौध भेंट कर स्वागत किया।जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एसएसपी आरके नैय्यर ने कहा कि भ्रष्टाचार आज एक घुन की तरह समाज को खोखला कर रहा है। उससे लड़ने की जिम्मेदारी समाज के प्रत्येक वर्ग की है। कार्यक्रम के आयोजक एसपी विजलेंस ने विभाग की संरचना और उसकी कार्यप्रणाली के बारे में बताते हुए कहा कि इस जनसंवाद का उद्देश्य जनता तक विभाग को पहुंचाना है। जिससे किसी भी तरह के भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने जनसामान्य से विजिलेंस विभाग के साथ जुड़कर किसी भी लोकसेवक द्वारा घूस मांगे जाने पर उसकी शिकायत हेल्पलाइन नम्बर 9454401866 पर करते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो0 अजय प्रताप सिंह, एसपी सुरक्षा पंकज कुमार मौजूद रहे। जनसंवाद में अयोध्या व देवी पाटन मंडल के सभी अधिकारी कर्मचारियों के साथ अधिवक्ता, शिक्षक, समाजसेवी,व्यापारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की हुई बैठक

जनएक्सप्रेस/अयोध्या । अखिल भारतीय चाणक्य परिषद,महिला मोर्चा बैठक सम्पन्न हुई बैठक में संगठन के विस्तार के लिए विभिन्न जनपदों से आये हुए पदाधिकारियों से चर्चा हुई, मुख्य अतिथि अखिल भारतीय चाणक्य परिषद महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष मधु पाठक एवं परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री राधेश्याम शास्त्री ने बैठक को संबोधित किया कार्यक्रम की संयोजक महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती विनीता मिश्रा ,प्रदेश मंत्री पुष्पा तिवारी ,शगुन तिवारी ,माया तिवारी , परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक काशीनाथ तिवारी,जय प्रकाश तिवारी ,सतीश पांडेय जी जिला अध्यक्ष सत्यदेव मिश्रा आदि।

## भगवान राम के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक के प्रसंगों पर निकलेंगी झांकियां

**जनएक्सप्रेस/अयोध्या।** योगी सरकार द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम की सारी तैयारी हो चुकी है। यहां निकलने वाली पारंपरिक शोभायात्रा की तैयारी तेजी से हो रही है। दीपोत्सव के दिन साकेत महाविद्यालय से शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए नया घाट चौराहे तक जाएगी। इस बार यहां 11 झाकियां निकाली जाएंगी। भगवान राम के जन्मकाल से लेकर राज्याभिषेक तक की यात्रा इन झांकियों के माध्यम से प्रदर्शित की जाएंगी।दीपोत्सव में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रामायण कालीन शिक्षा पर आधारित सामाजिक संदेश देने वाली झांकी होगी। नगर भ्रमण करने वाली झांकियों से संबंधित कलाकार 11 रथ पर सवार होंगे, जो अपनी कला के जरिये रामायण कालीन दृश्यों को जीवंत करेंगे।

# केडीसी के एनएसएस छात्र- छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान




जन एक्सप्रेस । बहराइच

किसान पीजी कॉलेज में एनएसएस के छात्र छात्राओं की ओर से कालेज परिसर में सोमवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय प्रताप सिंह ने बताया कि एनएसएस के छात्र छात्राओं की ओर से कॉलेज परिसर के साइकिल स्टैंड साफ सफाई की इसका संचालन कर रहे कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय प्रताप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सोमवार स्वयंसेवी एवं सेविकाएं साइकिल स्टैंड की सफाई की तथा बच्चों के प्रति जागरूक होने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि स्वच्छता अभियान प्रधानमंत्री की प्राथमिकता में है इसलिए इस कार्यक्रम को गति प्रदान करना सभी समूह तथा सदस्यों का दायित्व है कि वे इस अभियान में अपना भरपूर सहयोग करें। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 110 बच्चों ने अपना श्रमदान किया। इसमें वीरेश्वर सिंह, स्वास्तिक चौधरी, रोशन जहां तथा अनिल राजपूत का सक्रिय योगदान रहा।

## डीएम ने किसानों से की पराली न जलाने की अपील

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं पराली प्रबंधन के संबंध में जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने फसल अवशेष प्रबंधन प्रयोजन के लिए विशेष निर्मित कृषि यंत्र के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए उनकी जानकारी कृषकों को प्रदान किए जाने का निर्देश दिया। कृषकों को इन कृषि यंत्रों हेतु 50 प्रतिशत अनुदान तथा कृषि उत्पादन संघ एवं ग्राम पंचायत को फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना हेतु 80 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कृषक भाईयो को पराली को न जलाने तथा इसका प्रयोग पशु चारा, कंपोस्ट खाद बनाने ,बायोकोल, बायो फ्यूल एवं सीबीजी आदि के रूप में प्रयोग के बारे में जागरूक किया जाए।

# बड़े बेचैन से हैं हम मिलो तो चैन आ जाए, धुआं जो हो गए शोले सुलग कर आग बन जाएं

* करीमगंज में हुआ भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन
* कवि अमित अल्प की पुस्तक अल्पांजलि का हुआ विमोचन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



साहित्य की जोत जलाने वाले युवा साहित्यकार कुल्दीप कल्प ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक कवि सम्मेलन कार्यक्रम का अपने ग्राम करीमगंज में भव्य आयोजन किया है। हिन्दी साहित्य भारती व मॉ गंगा बचाओ बेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित इस कवि सम्मेलन में नामी गरिमी साहित्यकार कवियों ने प्रतिभाग किया, कवि सम्मेलन कार्यक्रम में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानन्द मुख्य अतिथि तथा डा0 डी0सी0 शर्मा व डा0 राम कुमार आर्य विशिष्ट अतिथि रूप में मौजूद रहे, कार्यक्रम का संचालन बाजपुर उत्तराखण्ड के डा0 सुरेन्द्र जैन ने तथा कार्यक्रम का संयोजन डा0 रजनीश सक्सेना व जीतेश राज नक्श ने किया। कवि सम्मेलन में उझानी के टिल्लन वर्मा, दिल्ली से अनीता सिंह, बनारस से आर्यन उपाध्याय, बदायूं से गीतम सिंह, बरेली से डा0 राकेश यदुवंशी, मुरादाबाद से अजय वंश सरल, बरेली से अभिषेक मिश्रा, पीलीभीत से उमेश त्रिगुणायत, पीलीभीत से ही कवि अमित अल्प व अमित श्रीवास्तव ने अपनी कविताओं से महफिल में समा बांधने का काम किया। कवि सम्मेलन के अयोजक मण्डल टीम में से रवि शर्मा, सौरभ सक्सेना, हर्षल सिंह, अमित कुमार, स्वतंत्र देवल व ग्राम करीमगंज के साथ ही आस पास के कई ग्रामों के स्रोता व मुख्य अथिति विधायक स्वामी प्रवक्तानंद की टीम के तमाम लोग मौजूद रहे। करीमगंज के इस कवि सम्मेलन की बेहद हसीन शाम को अपनी रंगीन रचनाओं से खुशनुमा बनाने वाले कवियों में अमित श्रीवास्तव ने कहा सारी कहानी एक तरफ दिलबर जानी एक तरफ , अमित अल्प ने कहा बड़े बेचैन से हैं हम मिलो तो चैन आ जाए धुंआ जो हो गए शोले सुलग कर आग बन जाए, मुजीब साहिल ने कहा जब जरूरत हो मेल करते हैं लोग रिश्तों में खेल करते हैं, उमेश त्रिगुणात ने कहा आपसे दूरी हां हजम होती नहीं अद्भुत हमें जिस दिन से दूर हुए हम पर गैस हावी हो गई, अभिषेक शर्मा ने कहा गम के तमाम भोज को धोने के बाद भी आंखें खुली नहीं तुझे खोने के बाद भी, अजय वंश सरल ने कहा छोड़कर तुमको अब हम किधर जाएंगे एक तुम ना मिले जो तो मर जाएंगे, टिल्लन वर्मा ने कहा मुफलिस बिना इलाज जहां से गुजर गए लेकिन अमीर लोग भला कैसे मर गए, जितेश राज नक्श ने कहा न जाने कौन से कोने में जाकर मुंह छुपाता है हमारे जुगनुओं से रोज सूरज हार जाता है। कवि सम्मेलन देर रात तक चलता रहा, जिसमें आखीर आते आते उन्नींदे हो चुके स्रोताओं की नींद उड़ाने का काम टिल्लन वर्मा की सियासी गलियारे की चुटकी लेती एक कविता ने किया, जिसमें एक राजनेता को केन्द्र बिन्दु बना टिल्लन के सुनाया कि ईश्पर जपूं या अल्ला अल्ला मै का करूं। कवि सम्मेलन को अपने अन्जाम पर लाते हुए अंत में मुख्य अतिथि विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने सभी को सम्बोधित करते हुए कवियों और साहित्य के प्रति अपने समीम स्नेह को व्यक्त किया तथा स्वयं द्वारा रचित देश प्रेम से ओत प्रोत एक रचना भी प्रस्तुत की गई। कुल्दीप कल्प द्वारा आयोजित इस भव्य कवि सम्मेलन में ही जिले युवा कवि अमित अल्प की प्रथम काव्य पुस्तक काव्यांजलि का मुख्य अतिथि बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानन्द के करकमलों से विमोचन कर सभी को अल्पांजलि का वितरण किया गया।

## अच्छी पहल : नगर पालिका और रोजगार भारती ने लगाया मेहंदी स्टाल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



सोमवार को नगर पालिका तथा रोजगार भारती द्वारा मेहंदी स्टार लगाया गया बताते चले की इसका मुख्य उद्देश्य है कि करवा चौथ पर्व पर महिलाओं के कम कीमत में मेहंदी लगाने के लिए, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन रोजगार भारती के तत्वाधान में नगर पालिका परिषद के सहयोग से शहर में दो स्थानों पर स्टाल लगाए गए। स्टॉल का उद्देश्य महिलाओं के कम कीमत में मेहंदी लगाए जाने और मेहंदी लगाने वाली लड़कियों को रोजगार उपलब्ध कराना रहा। काफी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर मेहंदी लगवाई। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने गैस चौराहा के समीप झंकार मार्केट के सामने और चावला चौराहा पर हनुमान मंदिर के सामने लगाए गए मेहंदी स्टॉल का उद्घाटन किया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि ये स्टाल एक नवंबर को करवा चौथ पर्व तक लगी रहेगी। जो लड़कियां मेहंदी लगाने में एक्सपर्ट हैं, उन्हें आमदनी होगी और कम कीमत में महिलाओं के मेहंदी लग सकेगी। महिलाओं को सड़क पर बैठकर पुरुषों से मेहंदी लगवाने में संकोच भी होता है। इसलिए इन स्टालो पर लड़कियों द्वारा मेहंदी लगवाई जा रही है। स्टॉल पर दिन भर महिलाएं मेहंदी लगवाने के लिए आती रहीं। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रोजगार भरोजगार भारती के कार्यकर्ता और कई सभासद मौजूद रहे।

## रामलीला मेले में चल रही रासलीला में कृष्ण जन्म लीला का हुआ मंचन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**बीसलपुर।** नगर में चल रहे ऐतिहासिक रामलीला मेले में वृंदावन के कलाकारों द्वारा रासलीला में भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की लीला का सुंदर मंचन किया गया। राधा कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। रासलीला का शुभारंभ लीला प्रबंधक गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने राधा कृष्ण की आरती उतार कर किया। वृंदावन से आए कलाकारों की सुंदर प्रस्तुति ने माहौल को आनंदित बनाए रखा। श्रीकृष्ण जन्म के अलावा कलाकारों ने पूतना वध का भी मंचन सुंदर ढंग से किया। प्रथम दृश्य में कलाकारों ने मंचन करते हुए दिखाया कि नंद के घर जब भगवान श्री कृष्ण के जन्म का उल्लास था तो ब्रज में नंद के घर जमकर खुशियां मनाई गईं। बधाई गीत से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। हर तरफ - नंद घर गोपाल आयो, जय कन्हैया लाल की, आदि जयघोष लगाए गए। मंचन में आगे की प्रस्तुति में दिखाया गया कि कंस ने श्री कृष्ण को मारने के लिए पूतना को भेजा, जिसने चुपके से श्री कृष्ण को उठाया और अपना विषैला दूध पिलाकर उनको मारने का प्रयास करने लगी, पर भगवान श्री कृष्ण ने दूध के साथ-साथ पूतना के प्राण भी खींच लिए। लीला का संचालन व्यास राधा रमन कर रहे थे। व्यवस्था में सभापति गंगाधर दुबे, उपसभापति विष्णु कुमार गोयल, बाजार प्रबंधक सुरेश चंद्र अग्रवाल, मंत्री महेश चंद्र अग्रवाल, सह मंत्री विपिन कुमार पांडे, राम बहादुर गुप्ता, सचिन अग्रवाल, अभय मित्तल, मोहित मित्तल आदि का विशेष सहयोग रहा। रासलीला में भगवान कृष्ण व राधा जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। मौजूद लोगों द्वारा झांकी पर पुष्प वर्षा की गई।

# रिश्तेदारी में आया युवक नकदी, जेवर सहित युवती को लेकर फरार, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

* प्रभारी निरीक्षक मृदुल कांत शुक्ला ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया

**बीसलपुर।** दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में आया दिल्ली निवासी एक युवक गांव से एक 25 युवती को लेकर फरार हो गया। बताया गया कि प्रेमी के साथ फरार युवती अपने साथ लाखों रुपए के गहने व बीस हजार रुपए की नकदी तथा एक मोबाइल फोन साथ लेकर गयी है। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दिल्ली निवासी आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसके गांव में रवि पुत्र रामवीर निवासी 140 इंद्रलोक, शाहजादा बाग पीएच 2 ओंकार नगर उत्तर पश्चिम दिल्ली गांव में रिश्तेदारी में आया था जो कि रात दो बजे उसकी 25 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। बेटी अपने साथ एक लाख रुपए के जेवर बीस हजार रुपए की नकदी तथा छोटी बेटी का मोबाइल अपने साथ ले गयी है। पीड़ित ने बताया कि उसने अपनी बेटी को काफी तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक मृदुल कांत शुक्ला ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# करवा चौथ के लिए सज गया बीसलपुर का बाजार

जन एक्सप्रेस । हरीश वर्मा



**बीसलपुर।** त्योहारी सीजन चल रहा है और बाजार रंग-बिरंगी चमकती इलेक्ट्रिक लड़ियों से सजा है। करवाचौथ पर महिलाएं बाजारों में खरीदारी के लिए जुटी हैं। पति की लंबी उम्र की कामना के लिए रखे जाने वाले करवाचौथ के व्रत का उत्साह महिलाओं के चेहरे के साथ बाजार में रौनक के रूप में दिखने लगा है। सौंदर्य प्रसाधन, कपड़ा और ज्वैलरी की दुकानों पर भीड़ जुट रही है। करवाचौथ का त्योहार एक नवंबर को मनाया जाएगा। खरीदारी के इस मौके को विवाहिताएं गंवाने के मूड में नहीं है। शहर के राजनगर, अंबेडकर रोड, तुराब नगर, नवयुग मार्केट, अग्रसेन बाजार, शास्त्री नगर आदि मार्केट जगमग हैं। वहीं करवाचौथ को लेकर खरीदारी को लेकर बाजारों में भीड़ है। महिलाएं पाजेब, बिछुए और सोने और डायमंड की अंगूठी की खरीदारी कर रही है। इसके साथ ही कपड़ों की भी जमकर खरीदारी कर रही हैं। आर्टिफिशियल ज्वेलरी की भी जमकर खरीद हो रही है। सतरंगी सेट, दुल्हन सेट और साड़ियों की मैचिंग के सेट के साथ उपलब्ध हैं। चूड़ी विक्रेता रजत ने बताया करवाचौथ पर लाल, हरे और पीले रंगों की चूड़ियों की मांग अधिक है। बीसलपुर की व्यापारी एवं समाजसेवी सुरेश चंद्र अग्रवाल की पुत्रवधू एवं पीलीभीत की पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल बताती हैं कि करवा चौथ पर्व का विशेष महत्व है। सुहाग की लंबी आयु के लिए पूरी श्रद्धा से महिलाएं रखती हैं। पूरे उत्साह व श्रद्धा से वह इस पर्व को मानती हैं। मनीष अग्रवाल करवा चौथ का पर्व हमारे लिए खुशियों का त्यौहार बनकर आता है। इस दिन उपवास रखकर चंद्र देव का पूजन करते हैं पति व परिवार के सभी बुजुर्ग लोगों का आशीर्वाद लेती हूं। नगर के प्रमुख व्यापारी एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल की पत्नी रूपल अग्रवाल बताती हैं कि करवा चौथ पर्व को लेकर काफी उत्साहित हूं। इसलिए एक सप्ताह से इस पर्व की तैयारी में लगी हुई हैं। पूरी श्रद्धा से करवा चौथ का पर्व मनाऊंगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अन्तर्जनपदीय गोतस्कर समेत एक अन्य गांजा के साथ गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सुईथाकला सरपतहा थाना पुलिस द्वारा सोमवार को अन्तर्जनपदीय गोतस्कर समेत एक अन्य अभियुक्त गांजे के साथ गिरफ्तार हुआ। मामले में बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त गण का चालान न्यायालय भेज दिया गया। बतौर पुलिस सोमवार को अपराधियों के धरपकड़ के क्रम में इलाकाई पुलिस क्षेत्र भ्रमण के दौरान थाना क्षेत्र का अन्तर्जनपदीय गोतस्कर रोहित यादव पुत्र रामधारी यादव निवासी घुघुरी सुल्तानपुर एक किलो सौ ग्राम और क्षेत्र का ही गुलामीपुर निवासी मगन पाण्डेय पुत्र राम औसान एक किलो तीन सौ ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए अभियुक्त गण का चालान न्यायालय भेज दिया गया।गौरतलब हो कि पुलिस के गिरफ्त में आया रोहित थाना क्षेत्र समेत गोंडा, गोरखपुर व देवरिया समेत अन्य जिलों में गोतस्करी और अन्य कई मामलों में वांछित चल रहा था। गिरफ्तारी के दौरान उपनिरीक्षक उमेश चन्द्र यादव व अतीक अहमद के अलावा हेडकांस्टेबल अंगद सिंह, कान्सटेबल गण रोहित साहू व हरिश्चंद्र मौजूद रहे।

### महिला ने केराकत पुलिस पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। एक दलित महिला ने केराकत पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है। एसपी के निर्देश पर पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है। मामला केराकत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अईलीपुर(तेजपुर) का है। गांव की उषा देवी पत्नी रणजीत राम के मुताबिक वह अपने पुस्तैनी जमीन में मड़हा लगाकर रहती है, गाँव के ही आलोक कुमार नामक युवक की जमीन भी वही पर है। दोनों में जमीन को लेकर झगड़ा है। महिला का आरोप है कि रविवार को दोपहर कोतवाली से दो सिपाही महिला के घर पहुँचे और वगैर किसी स्थगन आदेश के महिला का मड़हा जबरन उजाड़ दिया। जब उषा देवी ने विरोध किया तो दोनों सिपाहियों ने वर्दी का रौब दिखाते हुए महिला पुलिस बुलाकर उसकी पिटाई की। साथ ही उसे थाने ले जाकर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की धमकी दी। पीड़िता ने मुख्यमंत्री को पोर्टल पर तहरीर लिखकर न्याय की गुहार लगायी है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री कार्यालय से जांच कराने का निर्देश पत्र मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक सक्रिय हो गए हैं।

### छपरा सूरत सुपरफास्ट साप्ताहिक ट्रेन का ठहराव आज से

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। केराकत। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 09065/09066 सूरत-छपरा-सूरत साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस को औंड़िहार-जौनपुर रेल खण्ड पर पड़ने वाले केराकत रेलवे स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव प्रदान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की है। उक्त जानकारी देते हुए पी आर ओ अशोक कुमार ने बताया कि 31 अक्टूबर, 2023 से केराकत स्टेशन पर गाड़ी सं 09065 सूरत-छपरा एक्सप्रेस गाड़ी सवा नौ बजे पहुंचकर दो मिनट का ठहराव लेकर नौ बजकर सत्रह मिनट पर छपरा के लिए प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी सं0 09066 छपरा-सूरत एक्सप्रेस केराकत स्टेशन पर बारह बजकर पाँच मिनट पर पहुंचकर दो मिनट का ठहराव लेकर बारह बजकर सात मिनट पर सूरत के लिए प्रस्थान करेगी। मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र के केराकत के क्षेत्रीय जनता सूरत-छपरा-सूरत साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन की केराकत स्टेशन पर ठहराव की मांग कर रहे थे। जन भावनाओं को ध्यान में रखकर सांसद बीपी सरोज ने केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव के समक्ष केराकत रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग रखी थी। जिसके परिणामस्वरूप रेल प्रशाशन द्वारा सूरत-छपरा-सूरत साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस को केराकत स्टेशन पर ठहराव दिया गया है।

### प्रसव के बाद प्रसूता की मौत, स्वजनों में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जिले के खुटहन क्षेत्र के राउतपुर गॉव निवासी एक प्रसूता की बीती रात में बदलापुर तहसील स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के उपरांत मौत हो गयी। जबकि पैदा हुई बेटी स्वस्थ है। मौत की मनहूस खबर सुन स्वजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने मृतका के शव का दाह संस्कार गोमती नदी के तट पर कर दिया। गॉव निवासी डब्लू ने बताया कि उसकी 26 वर्षीय गर्भवती पत्नी मुन्नी देवी को रविवार की दोपहर को प्रसव पीड़ा शुरू होने के बाद उसे बदलापुर बाजार स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। देर शाम को प्रसूता ने नॉर्मल डिलीवरी के उपरांत एक स्वस्थ्य बेटी को जन्म दिया। कुछ ही देर बाद पत्नी की हालत बिगड़ने लगी। गम्भीर हालत देख चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया।जिला मुख्यालय ले जाते समय प्रसूता ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मौत की गमगीन खबर सुन परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतका के दो अबोध बेटे प्रतीक 5 वर्ष,अंशू 2 वर्ष तथा जन्मी नवजात बेटी को नही पता कि अब उनकी मां इस दुनिया मे नही है। अबोध बालक प्रतीक के करुण क्रंदन सुन सांत्वना देने पहुँच रहे नात रिश्तेदार तथा आस पड़ोस के लोगों की आंखे बरबस ही भर जा रही थी।

# शिक्षक संघ के ब्लाक पदाधिकारियों ने शिक्षकों का किया स्वागत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



विकास खंड सुईथाकला के विभिन्न क्षेत्रों में सफल प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को सोमवार को उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ के ब्लाक इकाई के पदाधिकारियों के द्वारा बीआरसी सभागार में अंगवस्त्रम और फूल मालाओं के द्वारा स्वागत किया। शिक्षक साथियों की इस उपलब्धि पर लोग बधाई देते नजर आए। बता दें कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शिक्षा क्षेत्र से 5 शिक्षकों डीहअसरफाबाद के दुष्यंत मिश्रा,उच्च प्राथमिक विद्यालय सुइथाकला, अशोकपुर कला , पूरासम्भलशाह क्रमशः पारस नाथ यादव, सतीश सिंह, इमरान अंसारी व उदय कृष्ण यादव को शिक्षा निदेशक द्वारा लखनऊ में सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी ओर प्रादेशिक शिक्षक समागम कार्यशाला अलीगढ में क्षेत्र के जहरुद्दीनपुर स्थित कम्पोजिट विद्यालय में तैनात शिक्षक कृष्णानंद पासवान को शिक्षा में नवाचार को लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु बेसिक शिक्षा मन्त्री संदीप सिंह और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राकेश कुमार सिंह अलीगढ़ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।अपने सभी शिक्षक साथियों के इस उपलब्धि पर सोमवार को ब्लाक अध्यक्ष डॉ रणंजय सिंह कार्यादिवस के बाद अपने पदाधिकारियों संग अंगवस्त्रम और फूल मालाओं से स्वागत किया।इसी कड़ी में संघ के लोगों ने कुशल मार्गदर्शन के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य को भी सम्मानित किया।अन्त में खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने सभी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान उमेश चन्द्र यादव, अनुपमा अग्रहरि, शकुंतला मिश्रा, देवेंद्र कुमार सिंह, समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



## भरत मिलाप देख भाव विभोर हुए श्रद्धालु

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

खुटहन थाना क्षेत्र के गायत्री नगर बाजार में चल रहे श्री रामलीला में शनिवार की रात रावण वध के बाद श्रीराम की अयोध्या वापसी हुई। जहां भरत मिलाप की लीला का मंचन देख श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इस दौरान पूरा माहौल जय श्रीराम के जयकारे से गूंजता रहा। मां गायत्री रामलीला समिति गायत्री नगर के द्वारा आयोजित रामलीला का आयोजन किया गया है। जिसमें रावण वध के बाद माता सीता व भाई लक्ष्मण को लेकर भगवान राम अयोध्या लौटे, क्योंकि उनका 14 वर्ष का वनवास समाप्त हो गया था। इसके बाद भगवान राम की भरत से मुलाकात होती है। इसके बाद भरत मिलाप की लीला का मंचन होता है। इसमें रोते हुए भरत ने भगवान राम से अपनी माता कैकई द्वारा किए व्यवहार के लिये क्षमा मांगी और उनसे अयोध्या का राज काज चलाने का निवेदन किया। भरत मिलाप की लीला का मंचन देखकर उपस्थित लोग भावुक हो गए। रामलीला का शुभारंभ गंगेश कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, संयोजक शिव प्रकाश तिवारी, उपाध्यक्ष मुन्ना तिवारी, विमल जय सिंह, ज्ञान सिंह, विजय तिवारी, कल्लू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# शिकायतकर्ता ने फर्जी मेडिकल बनाने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

* जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए मांग किया है कि ऐसे चिकित्सक के ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए

विकास खंड सुजानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत चिकित्सा अधिकारी द्वारा पैसा लेकर फर्जी मेडिकल बनाने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार ओंकार निषाद निवासी बौरई ने जिलाधिकारी जौनपुर को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि तारीख 8/8/2023 को मेडिकल क्रमांक संख्या 823 में चिकित्सा अधिकारी डा सुनील पांडे द्वारा ऐक मारपीट के मामले में मेडिकल बना कर थाने पर दे दिया गया पर विपक्षी द्वारा राजनैतिक दबाव अथवा पैसे के लालच में डां सुनील पांडे ने बना कर दिए गये मेडिकल को थाने से दुबारा मंगाते हुए संशोधन किया गया कि केस (धारा) हल्का बन सके शिकायत करता को इस बात की शंका होने के चलते दोनों बार बने हुए मेडिकल का फोटोशूट कर लिया था जिसकी शिकायत आई जेआर ऐस संख्या 8231940 0042471 पर करते हुए जिलाधिकारी से भी शिकायत करते हुए मांग किया है कि ऐसे चिकित्सक के ऊपर कार्यवाही होनी चाहिए जो अपने कर्तव्य का निर्वहन राजनैतिक दबाव तथा पैसे के लालच में कार्य करता हो। इस संदर्भ में पूछे जाने पर डा सुनील पांडेय ने बताया ये सब आरोप निराधार है जरूरी होने पर मेडिकल में बदलाव किया जाता है कोई नई बात नहीं है यहां तक कि संदेहास्पद स्थिति में गड़े मुर्दे का भी मेडिकल होता है।

# ट्रैक्टर की चपेट मे आने से बाइक सवार होमगार्ड की दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



बरसठी थाना क्षेत्र के हसिया गांव के पास रविवार शाम लगभग 07=30 बजे ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाईक सवार होमगार्ड घायल हो गया। स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से घायल होमगार्ड को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरसठी ले गये। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद सरकारी एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय जौनपुर ले जा रहे थे कि रास्ते में ही होमगार्ड कि एम्बुलेंस में ही मौत हो गयी। इस मदहुस खबर सुनने के बाद उनके तीन बच्चे व पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। विनोद सिंह पुत्र स्वर्गीय कैलाश सिंह उम्र 52 वर्ष ग्राम पपरावन के रहने वाले थे जो की बहुत ही मिलन सार व्यक्ति थे और वह होमगार्ड के पद पर बरसठी और मीरगंज थाने पर बारी-बारी से अपनी सेवाएं दें रहे। जो कि इन दिनों 01अक्टूबर2023 से मीरगंज थाने में अपनी सेवाएं दें रहे थे और वह वापस मीरगंज से अपने घर जा रहे थे कि रास्ते में ही हसिया गांव के पास ट्रैक्टर की चपेट में आ गये। बता दें कि विनोद सिंह मियां चक की तरफ से निगोह जा रहे थे उधर विपरीत दिशा निगोह की तरफ से मियां चक की तरफ ट्रैक्टर जा रहा था कि हसिया गांव के पास ट्रैक्टर की चपेट में आ गये। पुलिस ने रातो रात अज्ञात ट्रैक्टर का पता लगाकर एक्सीडेंट करने वाले (प्रीत)ट्रैक्टर,अज्ञात नम्बर को पकड़ लिया है ट्रैक्टर छोड़कर चालक फरार हो गया जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। थाना प्रभारी गोविंद देव मिश्रा ने बताया कि ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के कारण होमगार्ड की दर्दनाक मौत हो गई जिसको पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।ट्रैक्टर चालक अभी फरार है। जिसकी पुलिस जगह-जगह तलाश कर रही है।

# जवाबी फायरिंग में दो बदमाशो के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

* दो तमंचा, कारतूस,बीस किलो गांजा और एक कार बरामद

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिले के खुटहन सरपतहा एवम् शाहगंज थाने की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में दो शातिर अपराधियों को धर दबोचा। पुलिस के द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगने से वे लहुलुहान होकर गिर गये। उनके कब्जे से तमंचा कारतूस मोबाइल व गांजा बरामद किया गया। घायल बदमाशों को चिकित्सालय शाहगंज ले जाया गया। जहां से जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार की देर रात लोनियापट्टी वाया पटैला मार्ग पर संदिग्धों की सघन चेकिंग पर था। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ बदमाश एक कार में अवैध मादक पदार्थ लादकर कहीं बेचने जा रहे हैं। उनके पास अवैध असलहा भी है। मुखबिर की सूचना पर भरोसा कर कोतवाली प्रभारी शाहगंज आदेश कुमार त्यागी व थानाध्यक्ष सरपतहा बिनोद कुमार सिंह को भी सूचित कर मयहमराह मौके पर बुला लिया गया। लक्ष्मी शंकर मोड़ से लगभग 500 मीटर आगे सुइथाखुर्द गांव में सामने से आती एक कार दिखी। जिसे टार्च जलाकर रुकने का इशारा किया गया तो बैक होकर पीछे की तरफ मुड़ने लगी। पुलिस ने घेराबंदी शुरू की तो कार के भीतर से बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दिए। दो राउंड चलायी गोली में एक आदेश त्यागी के कान के पास निकल गई। दूसरी गोली बुलेटप्रूफ जैकेट पर आ लगी। जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई। जिससे दोनों घायल हो गए। मुठभेड़ में घायल बदमाशो की शिनाख्त अमजद शेख पुत्र अनवर शेख व सारिक पुत्र सलाउद्दीन निवासी गण पटैला थाना खुटहन के रूप में हुई है। बदमाशों के पास से दो तमंचा छह कारतूस व बीस किग्रा गांजा बरामद किया गया। बदमाशों की कार पुलिस थाने ले आई है। आरोपितों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया।

# आत्मदाह के इरादे से ज्वलनशील लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचा वृद्ध, मचा हड़कंप

- पुलिस कर्मियों ने समय रहते पकड़ा
- अजगैन कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला है वृद्ध
- अवैध कब्जे पर कार्रवाई न होने का लगाया आरोप



**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

सोमवार दोपहर कलेक्ट्रेट में उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक वृद्ध ज्वलनशील लेकर परिसर में पहुंच गया। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने उसे समय रहते पकड़ लिया और ज्वलनशील छीन लिया। अधिकारियों ने उसकी समस्या सुनी और निराकरण का आश्वासन दिया। बुजुर्ग का आरोप है उसकी जमीन पर कब्जा हो रहा है। तमाम शिकायतों के बाद भी कार्रवाई शून्य है। इसी से आहत होकर उसने यह कदम उठाया। उधर अधिकारियों का कहना है उसका आबादी की जमीन पर कब्जेदारी का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। शिकायती पत्रों पर जांच भी कराई जा चुकी है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के केवाना गांव के मजरा छत्ताखेड़ा निवासी वृद्ध शिवपाल ने बीते दिनों डीएम को प्रार्थना पत्र देकर आबादी की जमीन पर खुद का लंबे समय से कब्ज होने की बात कही थी। उसका कहना है कि वहां पर उसने जानवरों की कर ही बना रखी थी और कूड़ा भी डाला जाता था। आरोप है कि गांव के प्रधान पुत्र राकेश और दबंगों ने उसकी जमीन दूसरे को दे दिया जिसका दीवानी मुकदमा भी चल रहा है। अगर उसकी जमीन वापस नहीं मिली तो डीएम कार्यालय के बाहर आत्मदाह कर लेगा। इस शिकायती पत्र पर कोई सुनवाई न होने पर सोमवार वह ज्वलनशील पदार्थ लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच गया। हालांकि वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने उसे दबोच लिया। वृद्ध के आत्मदाह के प्रयास की चर्चा से वहां अफरा तफरी मच गई। अधिकारियों ने आनन फानन उसकी समस्या सुनी। इस मामले में एसडीम हसनगंज नवीन चंद्र ने बताया की आबादी की जमीन का मामला है। शिवपाल ने पहले राकेश को जमीन बेची थी जिस पर उसने निर्माण कराया है। जांच कराई जा चुकी है। मामला सिविल कोर्ट में विचाराधीन है। फिलहाल निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है। अजगैन कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया वृद्ध ने समाधान दिवस में भी प्रार्थना पत्र दिया गया था। राजस्व से जुड़ा होने के चलते मामला राजस्व विभाग को दिया गया था। जिस पर कार्रवाई भी की जा चुकी है।

# किशोरी से गैंगरेप की रिपोर्ट हुई दर्ज

- हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में बीती 25 अक्तूबर की बताई जा रही घटना
- घर से अगवा कर ले जाने के बाद आरोपियों ने दिया घटना को अंजाम

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**




हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने अपने गांव के ही एक युवक व उसके साथियों पर अवयस्क बेटी को घर से अगवा कर गैंगरेप करने का मुकदमा दर्ज कराया है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के एक का निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती 25 अक्टूबर को उसकी 17 वर्षीय बेटी घर पर सो रही थी। देर रात पड़ोसी अमन उर्फ छोटू सिंह पुत्र रामराज ने दरवाजा खटखटाया। आवाज पहचान कर जैसे ही बेटे ने दरवाजा खोला तो छोटू व उसके साथियों ने बेटी के मुंह पर कोई कपड़ा रखकर उसे उठा ले गए। महिला का कहना है की मुंह पर कपडा रखे जाने के बाद बेटी को कुछ होश नहीं रहा। इस दौरान आरोपियों ने बारी-बारी से उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद उसे पड़ोसी विश्वनाथ सिंह के दरवाजे पर बेसुध अवस्था में छोड़ दिया और फरार हो गया। होश में आने के बाद बेटी ने पूरा घटनाक्रम बताया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गैंगरेप की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में कोतवाल राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया की मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। सभी पहलुओं से मामले की गहन जांच पड़ताल की जा रही है तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### रामलीला में ब्रह्मफांस का सम्मान कर रावण दरबार पहुंचे हनुमान

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** सोमवार को शंकरपुर गांव में आयोजित रामलीला के मंचन में दर्शाया गया कि जब श्रीराम की सेना समुद्र किनारे पहुंचती है तो प्रभु श्रीराम हनुमान जी को रावण के लिए चेतावनी देने और सीता का हाल जानने के लिए भेजते हैं। हनुमान जी लंका की एक कुटिया में रामनाम की धुन सुनकर हनुमानजी कुटिया के अंदर जाते हैं और वहां विभीषण को पाते हैं। अशोक वाटिका में हनुमान जी ने माता सीता से मिल श्रीराम का संदेश दिया। अक्षय कुमार को मारा। मेघनाथ को मूर्छित किया। ब्रह्मफांस का सम्मान कर रावण के दरबार में पहुंचे। रावण हनुमान जी की पूंछ में आग लगवा दी। हनुमान जी रावण की सोने की लंका को जलाकर राख कर देते हैं। इस मौके पर नरेन्द्र बाबा, दीपनरायण, अनुराग बाजपेयी, आयुष, विशाल, ऐश्वर्य अवस्थी, श्याम दुलारे, अभिषेक, विष्णु नरायण मिश्रा, अतुल अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### सरेशाम शोहदे ने युवती से की छेड़छाड़

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के शाम करीब सवा सात बजे राजधानी मार्ग स्थित एक मोहल्ले में रहने वाली युवती बाजार से पैदल घर जा रही थी, जैसे ही वह फोरलेन स्थित ऋषि नगर के सामने पहुंची, तभी सरेशाम एक शोहदे ने उसे रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगा। इतना ही नहीं युवती का हाथ पकड़ की खींचने लगा। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर शोहदे ने युवती को पीट दिया। यह देख आस पास के लोग दौड़े। लोगों को आता देख शोहदा भाग निकला। घटना की जानकारी गंगाघाट पुलिस को दी गई। सूचना पर डॉयल पुलिस पहुंची। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ऋषि नगर निवासी राज कश्यप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। जिसके बाद उसके गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा गया है।

### खेतों में काम करते वक्त किसान हुआ बेहोश, डॉक्टर ने किया मृत घोषित

**जन एक्सप्रेस/नवाबगंज, उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के छत्ताखेड़ा निवासी किसान अचानक खेत मे बेहोश हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा है। जानकारी अनुसार अजगैन कोतवाली क्षेत्र के छत्ताखेड़ा मजरा केवाना निवासी अमरपाल पुत्र दयाल पुत्र 55 वर्ष सोमवार को गांव के बाहर स्थित खेत गया था। जहां शाम को अमरपाल अचानक बेहोश होकर खेत में गिर गया। जानकारी पर परिजन आननफानन उसे लेकर नवाबगंज स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी राधा व उसके बेटे रघुनन्दन का रो रोकर बुरा हाल था। सूचना पर पहुंचे अजगैन कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक उबैस अली ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा।
पत्नी राधा ने बताया खेत मे गोभी की फसल देखने गए थे और अचानक खेत मे बेहोश हो गये।

### नौ दिसम्बर को होगा लोक अदालत का आयोजन


**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार 09.12.2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय उन्नाव एवं जनपद के समस्त बाहय न्यायालय तथा समस्त तहसील स्तर पर राष्ट्रीय



लोक अदालत का आयोजन सुनिश्चित किया गया है जिसमें विभिन्न प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले, चेक बांउस से सम्बन्धित वाद, बैंक रिकवरी वाद, आरबीटेशन, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम वाद, बिजली एवं जल से सम्बन्धित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद, यातायाता सम्बन्धी, चालान सम्बन्धी वाद के मामलों का अधिक से अधिक निस्तारण सुनिश्चित कराने के लिए सोमवार को सायं 04-30 बजे प्रतिमा श्रीवास्तव, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव की अध्यक्षता में न्यायालय सभागार में एक बैठक आहूत की गयी जिसमें सम्बन्धित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### परिवार गया था चित्रकूट, चोरों ने पार किया डेढ़ लाख का माल

**- सदर कोतवाली के मोहल्ला लोकनगर की घटना**



**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** सदर कोतवाली के लोक नगर मोहल्ले में सुने घर को निशाना बनाते हुए चोर नगदी व जेवर बीन ले गए। सोमवार गृह स्वामी के वापस लौटने पर घटना की जानकारी हुई। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट गई। सदर कोतवाली के मोहल्ला लोक नगर निवासी सुरेश बाजपेई खादी ग्राम उद्योग विभाग में लिपिक है। बीते शुक्रवार को वह घर में ताला बंद कर पत्नी सुषमा और तीन बच्चों के साथ चित्रकूट दर्शन करने गया था। सोमवार सुबह वापस लौटने पर मेन गेट पर ताला लगा मिला लेकिन ऊपर मंजिल के कमरे में लकड़ी का दरवाजा व अलमारी का लाकर टूटा देख उसके होश उड़ गए। ग्रह स्वामी के मुताबिक चोर चांदी के सिक्के, एक सोने को चेन, 25 हजार रुपए नगद सहित डेढ़ लाख माल बीन ले गए। उसने आशंका जताई है कि चोरों ने घर के पीछे से छत के रास्ते दाखिल होकर घटना को अंजाम दिया। पीड़ित की सूचना पर पीआरवी और चौकी पुलिस जांच कर वापस लौट गई।

# कानपुर में योगी जी द्वारा वितरण की गई सिलाई मशीन ब्लॉकों के अधिकारियों के लिए बनी सर दर्द



**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र से हजारों की संख्याओं में महिलाएं कानपुर में पिछले दिनों योगी सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बुलाकर संबोधित किया गया था संबोधन के बाद में समूह में गांव में अच्छा काम करने वाली और सिलाई मशीन की ट्रेनिंग की इच्छुक महिलाओं को सिलाई मशीन देकर गांव में महिलाओं को प्रशिक्षित करने जैसे वह अपना रोजगार के लिए सिलाई और कढ़ाई कर सकें । इसी कड़ी में मुख्यमंत्री द्वारा दी गई मशीनों के चलते ब्लॉक क्षेत्र में सोमवार को स्वयं सहायता समूह की महिलाएं इकट्ठा होकर पहले स्वयं सहायता समूह के ब्लॉक कार्यालय में अंजलि और राजकुमार से घंटो बहस होने के बाद में फिर इसके बाद खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा के कार्यालय में पहुंचकर अपनी बात कहते हुए बताया कि सिलाई मशीन वितरण में पक्षपात हुआ है। एक-एक गांव में कई मशीन गई हैं किसी-किसी गांव में एक भी नहीं गई है उन्होंने बताया कि हम भी काम करते हैं हमारा समूह गांव में अच्छा काम कर रहा है इसके बाद भी हमें मशीन नहीं मिली इस पर अधिकारियों ने किसी तरह से महिलाओं को समझाकर भेजा कहा आगामी लिस्ट में जो काम अच्छा करेगी उनका फिर से नाम जाएगा स्वयं सहायता समूह में प्रमुख रूप से नीलम कटियार, खासपुर, तपेश्वरी, सरिता, राजनी बकोठी आदि ने कार्यालय पहुंचकर अपनी बात रखी।





# यदि मनुष्य छल कपट परपंच का त्याग करके परमात्मा की शरणागति ग्रहण करता है तो वह मोक्ष को प्राप्त होता है

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कथा के द्वितीय दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास पं0 शिवा कान्त महाराज ने परीक्षित जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि मनुष्य ही परीक्षित है मनुष्य को मात्र सात दिन का ही समय मिला है सोम मंगल बुध आदि यही सात दिन है इन्हीं सात दिन में मनुष्य को यहां से जाना है इन्हीं सात दिनों में यदि मनुष्य छल कपट परपंच का त्याग करके परमात्मा की शरणागति ग्रहण करता है तो वह मोक्ष को प्राप्त होता है महाभारत के प्रसंग में व्यास जी ने कहा कि कौरव अन्याय एवं धर्म के रास्ते पर चल रहे थे और पांडव धर्म के रास्ते पर चल रहे थे महाभारत के युद्ध में भले ही पांडवों की विजई हुई और कौरवों की पराजय हुई विजई होने के बावजूद भी पांडवों की बहुत बड़ी क्षति हुई व्यास जी ने जनता जनार्दन को यह बताया की मुनष्य को हमेशा वाद विवाद से सदैव नुकसान होता है इसलिए मनुष्य को विवादों के चक्कर में ना पढ़कर प्रेम स्नेह सौहार्द के साथ जीवन जीना चाहिए कथा व्यास ने कहां कि मेरा भारत महान था है रहेगा भारत विश्व गुरु था है रहेगा पूरा विश्व एक दिन सनातन मय होगा कथा के प्रधान यजमान आचार्य शिवम् मिश्रा, बृजभूषण शुक्ला, सरला शुक्ला, राम मोहन शुक्ला, पूतन मिश्रा , आचार्य विशाल पंडित, ओम लता मिश्रा एलआईयू पुलिस, आचार्य आशुतोष गौड़, आचार्य सुनील, कथा की पूरी जानकारी पं0 उत्तम शुक्ला द्वारा दी गई।

### आरओबी का कार्य होने के कारण दिन में कई बार रूक रूक कर लगा जाम

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के पास सोमवार को आरओबी का कार्य होने के कारण दिन में कई बार रूक रूक कर जाम लगा। दोपहर के समय जाम लगने के कारण वाहन सवार तेज धूप से परेशान रहे। जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। जाम को देख मौजूद पीआरडी के जवानों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। दोपहर में ग्यारह बजे से बारह बजे तक एक घंटे भीषण जाम लगा रहा। वहीं शाम के समय भी नवीन पुल और बैराज मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही।

# होटल में डांडिया नाइट का आयोजन, जमकर झूमीं महिलाएं



**जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज, उन्नाव**

श्री राम सुन्दर धनपती देवी फ़ाउंडेशन के तत्वावधान में आवा कान्टिनेन्टल होटल में डांडिया नाइट का आयोजन हुआ। जिसके अन्तर्गत नृत्य, गायन, प्रतियोगिता के साथ-साथ फास्ट फूड एवं सायंकाल भोजन की भी पूर्ण व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डांडिया नृत्य, गायन एवं विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। सचिव अनीता शुक्ला ने बताया कि डांडिया नाइट सेलिब्रेसन कार्यक्रम के तहत महिलाओं के भीतर छुपी हुयी प्रतिभाओं को निखारना है। इस मौके पर रीता बाजपेई, शोभा वर्मा, अनीता अवस्थी, अर्चना भाटिया, विमला मिश्रा, दीप्ति शुक्ला, शोभा शुक्ला, सुनीता सैनी मौजूद रहे।

# एसीएमओ के निरीक्षण में नहीं मिले ट्रेंड कर्मचारी

**जन एक्सप्रेस । नवाबगंज, उन्नाव**



स्वास्थ्य विभाग के एसीएमओ द्वारा क्षेत्र में जांच केन्द्र व निजी अस्पताल का निरीक्षण किया। जहां जांच केन्द्र में ट्रेंड कर्मचारी नहीं मिले। अधिकारी ने शिकायत पर कार्यवाही की बात कही है। नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्थित जांच केंद्र एवं निजी अस्पताल का एसीएमओ डॉ नरेन्द्र सिंह ने निरीक्षण किया। जहां स्टार अल्ट्रासाउंड सेंटर पर कोई ट्रेंड कर्मचारी नहीं मिला। वही वैष्णवी हॉस्पिटल में एसीएमओ ने ओटी, एनआईसीयू, वार्ड आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के लिए भर्ती महिला मरीज कुवारा पत्नी राजेश निवासी रहमतगंज से बात कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। साथ ही अस्पताल कर्मचारियों से उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेने के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के सम्बंध में एसीएमओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि सामान्य निरीक्षण है जोकि समय समय पर किया जाता है। वही बताया कि स्टार अल्ट्रासाउंड सेंटर पर न कोई मरीज मिला न ही कोई रेडियोलॉजिस्ट अथवा ट्रेंड कर्मचारी मिला। हॉस्पिटल के बारे में बताया कि निरीक्षण में ऑपरेशन थिएटर, एनआईसीयू तथा उपकरण आदि की जांच की गई। साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी जानकारी ली गई।

# तहसील क्षेत्र में रहने वाले विधवा विकलांग पेंशन धारक बुजुर्ग ब्लॉक पहुंच फूट फूट कर रोए

**जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह**

- बिल्हौर तहसील क्षेत्र में विधवा विकलांग पेंशन डेढ़ वर्ष से नहीं आ रही है खातों में



**बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के चारों ब्लॉक ककवन, शिवराजपुर, चौबेपुर, बिल्हौर में वृद्धा ,विधवा, विकलांग पेंशन धारको के खाते मे डेढ़ वर्ष से पेंशन नहीं आ रही है । होली और दिवाली से पहले प्रतिवर्ष खातों में पहुंच जाती थी कभी 4 महीने की कभी 6 महीने की पेंशन एक साथ आई थी लेकिन डेढ़ वर्ष बीत गया है पहले पेंशन खातों में आई थी यह बात आज बिल्हौर ब्लॉक में पहुंचे बुजुर्ग/ वृद्ध महिलाएं और पुरुष कहानी बताते बताते रोने लगे उन्होंने बताया ना दवा का पैसा है ना घर में कोई कमाने वाला है बेटे अलग रहते हैं जिसके चलते यही एक सहारा था वह भी सरकार की तरफ से फरवरी 2022 से पैसा नहीं आया है । वैष्णो नगर निवासिनी वृद्धा दुलारी ने बताया फरवरी 2022 से पेंशन खाते में नहीं आई है बहुत परेशान है। गूजेपुर निवासी आदित्य नारायण ने बताया 2021 फरवरी से पेंशन नहीं मिली है। रहमतपुर गांव निवासी रामसनेही ने बताया फरवरी 2022 से पैसा नहीं आया है। गंगा चरण निवासी गदनपुर आहार ने बताया फरवरी 2022 से पैसा नहीं आया है। काजीगंज हसौली निवासी राम सिंह दो महा पूर्व पुनः ऑनलाइन कराया था इसके बाद सालों से चक्कर लगा रहे हैं खाते में पैसा नहीं आया है झपटबाजपुरवा निवासी सोनेलाल ने बताया कि जब सबका आ जाएगा तब हमारा भी आ जाएगा हम तो अभी मजदूरी करके अपना गुजारा कर रहे हैं। हर ब्लॉक में प्रतिदिन 10 से 15 बुजुर्ग पैदल और भूखे प्यासे ब्लॉको और बैंकों में बैठे सक्षम अधिकारी के पास पहुंचकर ही अपनी तसल्ली कर लेते हैं। वास्तव में पूरी तहसील क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग 50 बुजुर्ग सिर्फ पेंशन को पता करने के लिए ब्लॉकों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन बैंक वाले तो बुजुर्गों को घुसते ही गेट से ही भगा देते हैं। आखिरकार बुजुर्ग जाए तो किसके पास जाए जबकि शासन की मंशा के अनुरूप ग्राम विकास अधिकारी , पंचायत सहायक ,प्रधान, रोजगार सेवक सहित तमाम अधिकारी गांव में लगाए गए हैं। लेकिन कोई भी काम नहीं कर रहे हैं लेकिन बुजुर्ग भटकते घूम रहे है। कब मिलेगा बुजुर्गों को वृद्धा पेंशन का पैसा बिल्हौर ब्लॉक के समाज कल्याण अधिकारी शिवेंद्र कटियार ने बताया कि सभी के कागज ऑनलाइन हो चुके हैं अभी तक जिले से पैसा किसी के खाते में नहीं आया है जल्द आने की उम्मीद है।

# बोलेरो की टक्कर से घायल साइकिल सवार की इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

- सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में बीती 25 अक्तूबर को बोलरो ने मारी थी टक्कर
- पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में बीती 25 अक्तूबर को बोलेरो की टक्कर से घायल युवक बीती रात कानपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सोमवार पोस्टमार्टम के बाद उसका शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। सफीपुर कोतवाली के ककरौरा गांव निवासी अशोक (40) पुत्र काली चरन एक बाइक शोरूम में नौकरी करता था। बीती 25 अक्टूबर को साइकिल से पड़ोस के गांव मऊ मंसूरपुर गया था। शाम को वहां से वापस लौटते समय रूपपुर चंदेला मार्ग पर ककरौरा गांव के समीप सामने से आ रही बोलेरो ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी थी। हादसे में अशोक गभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन सफीपुर सीएचसी लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसकी नाजुक देख कानपुर हैलट रेफर कर दिया। वहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से उसके दो बच्चों आदर्श व अंकित के सिर से पिता का साया छीन गया। वहीं पति की मौत पर मीना भी रो रोकर बेहाल है। कानपुर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया। कोतवाल श्याम नारायण सिंह ने बताया की मुकदमा दर्ज है। बोलेरो को कब्जे में ले लिया गया है।

# कश्मीर में आतंकियों की टारगेट किलिंग में जिले के मजदूर की मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

- घटना की जानकारी से परिजनों में मचा कोहराम
- असोहा थाना क्षेत्र के भटपुरा गांव का रहने वाला था मृतक

दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा के तुमची नौपोरा इलाके में आतंकवादियों की टारगेट किलिंग में जिले के असोहा थाना क्षेत्र निवासी युवक की मौत हो गई। यह जानकारी पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक तीन माह पहले कश्मीर में मजदूरी करने गया था। मृतक का भतीजा शव लेने के लिए रवाना हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक असोहा थाना क्षेत्र के भटपुरा गांव का रहने वाला मुकेश (40) तीन माह पूर्व जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में मजदूरी करने गया था। सोमवार सुबह वह बैंक में पैसा जमा करने जाते समय वह आतंकियों की टारगेट किलिंग का शिकार हो गया। जम्मू कश्मीर पुलिस के ट्वीट से घटना की जानकारी हुई। गांव के पूर्व प्रधान देवेंद्र यादव के पास सूचना पहुंची तो उन्होंने मुकेश के घरवालों से संपर्क किया। घटना की जानकारी पर परिजनों ने मुकेश को फोन मिलाया तो उसका मोबाइल बंद मिला। बाद में वहीं पर काम करने वाले रिश्तेदार राकेश से बात होने पर घटना की पुष्टि हुई। राकेश ने बताया कि पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गई है। मुकेश की मौत से पत्नी कुसमा समेत परिजन रो रोकर बेहाल हैं। घटना से उसके चार बच्चों पंकज, बलबीर, खुशी व निशा के सिर से पिता का साया छीन गया। रो-रोकर बुरा हाल है। भतीजा सुरेश शव लेने के लिए जम्मू के लिए रवाना हुआ है।

**गुजरात को 5941 करोड़ के विकास परियोजनाओं की सौगातः मेहसाणा में पीएम मोदी ने कहा**

# पूर्ण बहुमत में होने के चलते सरकार बड़े-बड़े फैसले ले रही

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



**अहमदाबाद।** पीएम नरेंद्र मोदी दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। सोमवार सुबह अंबाजी मंदिर में पावड़ी पूजा के बाद उन्होंने मेहसाणा जिले के खेरालू में करीब 5941 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम सोमवार सुबह 9.30 बजे अहमदाबाद पहुंचे थे। अहमदाबाद एयरपोर्ट से ही वे बनासकांठा के अंबाजी मंदिर के लिए रवाना हो गए थे। उनके आगमन के लिए अंबाजी के पास चिखला गांव में चार हेलीपैड बनाए गए थे। यहां से उनका काफिला मंदिर के लिए रवाना हुआ। इस दौरान उनके स्वागत के लिए सड़कों पर भारी संख्या में लोग मौजूद थे, जिन्होंने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। देश हित में लिए जा रहे हैं बड़े-बड़े फैसले पीएम ने दाभोदा गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- गुजरात और देश के विकास के लिए गुजरातियों का बहुत आभार मानता हूं। भारत के चांद पर पहुंचने और जी-20 समिट के चलते आज दुनिया भर में भारत के विकास की चर्चा हो रही है। जी-20 समिट के दौरान दुनिया के बड़े-बड़े नेता भारत के कोने-कोने में गए और भारतीयों की संकल्प शक्ति देखकर चकित रह गए। आज पूरे देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर हो रहा, जिसका कई साल पहले तक नामो-निशान नहीं था। आज देश में बड़े-बड़े प्रोजेक्ट आकार ले रहे हैं। पूर्ण बहुमत में सरकार होने के चलते आज देश हित में बड़े-बड़े फैसले लिए जा रहे हैं।

### बन रहा है मेगा फूड पार्क

इतना ही नहीं, कई दुग्ध डेयरी के डेवलपमेंट के चलते अब यहां के लोगों को दूध ही नहीं, गोबर तक से कमाई होने लगी है। कोरोना काल में जिस तरह आपको कोरोना में मुफ्त वैक्सीन दी गई। आज वैसे ही पशुओं का भी मुफ्त टीकाकरण किया जा रहा है। यहां की विकसि डेयरियों को देखने दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। अब बनासकांठा में एक मेगा फूड पार्क का भी निर्माण कार्य चल रहा है। पीएम की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अंबाजी से महेसाणा के खेरालू तक सख्त सुरक्षा पहरा है। इसके लिए 6 एसपी, 17 डीवाईएसपी, 46 पीआई, 131 पीएसआई, 1192 पुलिस जवान, 402 महिला पुलिसकर्मी और 77 ट्रैफिक जवान समेत करीब 2 हजार पुलिसकर्मियों को लगाया गया है।

### उत्तर गुजरात की तस्वीर बदल चुकी है

उत्तर गुजरात के विकास की बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा- एक समय उत्तर गुजरात में सूखा था। यहां की माता-बहनों को दिन-दिन भर पीने के पानी के लिए भी मीलों तक का सफर तय करना पड़ता था। लेकिन आज यहां घर-घर में नल है। आज यहां के लोगों के लिए सिर्फ पीने के लिए ही नही, बल्कि सिंचाई के लिए भी चौबीसों घंटे पानी है। एक समय यहां से सिर्फ दूध का ही व्यापार होता था, लेकिन आज यहां के खेत भी लहलहा रहे हैं। देश भर में यहां से कपास, अनाज और सब्जियां भेजी जा रही हैं।

### पीएम मोदी का 2 दिवसीय गुजरात दौरा

30 अक्टूबर
- दोपहर 3 बजे गांधीनगर पहुंचेंगे
- शाम 4 बजे के बाद राजभवन में सोमनाथ ट्रस्ट की बैठक
- रात 8 बजे मौदड़ी मंडल की बैठक
- गांधीनगर राजभवन में रात्रि विश्राम

31 अक्टूबर
- सुबह 6:45 बजे गांधीनगर से केवड़िया
- सुबह 8 बजे केवड़िया पहुंचेंगे और परेड में शामिल होंगे
- दोपहर 1 बजे वडोदरा पहुंचेंगे और दिल्ली के लिए रवाना होंगे

### केवडिया में मनाया जाएगा राष्ट्रीय एकता दिवस

31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंति पर पीएम मोदी नर्मदा जिला के केवडिया में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे, जिसके बाद राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह मनाया जाएगा। एकता दिवस की परेड में बीएसएफ और विभिन्न राज्य पुलिस के मार्च दस्ते भी शामिल होंगे। परेड के बाद पीएम केवड़िया में ट्रॉमा सेंटर और एक सौर पैनल के साथ उप-जिला अस्पताल की आधारशिला रखेंगे और 98वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे अन्य कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे और रेल, सड़क, पेयजल और सिंचाई जैसे की प्रोजेक्ट का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे।

# आंध्रप्रदेश में दो ट्रेनें टकराईं अब तक 14 लोगों की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अमरावती**

आंध्रप्रदेश के विजयनगरम जिले में रविवार की शाम दो ट्रेनें टकरा गईं। इस हादसे में 9 यात्रियों की मौत हो गई थी। सोमवार सुबह मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 14 हो गया। हादसे में 50 यात्री घायल हुए हैं। ट्रेनों की टक्कर विजयनगरम में अलमांडा-कंकटपल्ली के बीच हुई। ईस्ट कोस्ट रेलवे के सीपीआरओ बिस्वजीत साहू ने बताया, हादसा मानवीय भूल के चलते हुआ। विशाखापट्टनम-रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन के ड्राइवर ने सिग्नल को ओवरशूट किया, जिससे यह आगे चल रही विशाखापट्टनम-पलासा पैसेंजर ट्रेन से भिड़ गई। टक्कर से दोनों ट्रेन के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। इनमें से 3 कोच आगे की ट्रेन के और दो पीछे आ रही ट्रेन के थे। रेलवे सीपीआरओ के मुताबिक, सिग्नल ओवरशूट तब होता है जब कोई ट्रेन रेड सिग्नल पर रुकने के बजाय आगे बढ़ जाती है। हादसे के बाद इस रूट पर 33 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं, 11 ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द की गई हैं और 22 ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया गया है।

### केंद्र सरकार ने 10 लाख रुपए मुआवजे का ऐलान किया

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, केंद्र सरकार ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए, घायलों को 2 लाख और मामूली चोट लगने पर 50 हजार रुपए मुआवजे का ऐलान किया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने अधिकारियों को राज्य के मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और घायलों को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया।

### खड़गे ने कहा- सुरक्षा की बातें हवा-हवाई हो गई हैं

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आंध्र प्रदेश ट्रेन हादसे को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को कहा कि ट्रेनों को धूमधाम से हरी झंडी दिखाने में जितना उत्साह दिखाया जाता है, उतना ही उत्साह रेलवे की सेफ्टी और पैसेंजर्स की सुरक्षा के लिए एक्शन लेने में दिखाया जाना चाहिए। एक्स पोस्ट में उन्होंने कहा कि विजयानगर ट्रेन हादसे के बारे में जानकर दुखी हूं। मृतकों के परिजनों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं।

## मनीष सिसोदिया को नहीं मिली जमानत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने 247 दिन से जेल में बंद दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया। आप नेता सिसोदिया पर दिल्ली शराब नीति में भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। उन्हें 26 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने सोमवार 30 अक्टूबर को फैसला सुनाते हुए कहा- घोटाले से जुड़े कई सवालों के जवाब अभी नहीं मिले हैं। इनमें 338 करोड़ का लेन-देन हुआ है, जिसमें सिसोदिया की भूमिका संदिग्ध लग रही है। इसलिए याचिका खारिज की जाती है। कोर्ट ने जांच एजेंसियों को भी निर्देश दिया कि ट्रायल 6 से 8 महीने में पूरा करें। अगर ट्रायल में देर होती है तो सिसोदिया जमानत के लिए 3 महीने के अंदर दोबारा अपील कर सकते हैं। इससे पहले 17 अक्टूबर को कोर्ट ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 30 अक्टूबर तक के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया था। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर, 2021 को नीति लागू की लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सितंबर 2022 के अंत में इसे रद्द कर दिया। मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। तब से वह हिरासत में हैं। ईडी ने तिहाड़ जेल में पूछताछ के बाद 9 मार्च को सीबीआई की एफआईआर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## ब्लास्ट की जांच 20 सदस्यीय टीम करेगी

**अब तक 3 की मौत, 41 घायल, हमले की जिम्मेदारी लेने वाले पर यूएपीए का केस**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। एर्नाकुलम**

केरल के एर्नाकुलम में रविवार को कन्वेंशन सेंटर में हुए सीरियल ब्लास्ट की जांच 20 सदस्यीय टीम करेगी। इस हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 3 हो गई है। इसमें एक 12 साल की लड़की भी शामिल है, जिसने देर रात अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं 41 घायल हैं, जबकि पांच की हालत गंभीर है। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज के मुताबिक, 17 लोग विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। इनमें 12 आईसीयू में हैं और 3 वेंटिलेटर पर हैं। 4 की हालत गंभीर है, जो करीब 50 से 60 फीसदी तक झुलस गए हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बताया- एडीजीपी कानून एवं व्यवस्था के नेतृत्व में एक विशेष टीम इस घटना की जांच करेगी। जांच दल में 20 सदस्य होंगे। हादसे को लेकर मुख्यमंत्री आज सर्वदलीय बैठक भी की। वहीं, राज्य के एडीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) अजित कुमार ने बताया कि एक शख्स ने कोडकारा पुलिस स्टेशन में सरेंडर किया है। उसका दावा है कि उसने ही कन्वेंशन सेंटर में बम रखा था। आरोपी का नाम डोमिनिक मार्टिन है। उस पर यूएपीए के तहत केस दर्ज किया गया है। यहोवा विटनेसेस संस्थान के स्थानीय प्रवक्ता टीए श्रीकुमार ने कहा कि कन्वेंशन हॉल में 9:45 बजे प्रेयर खत्म होने के बाद पहला धमाका हॉल के बीचों-बीच हुआ। कुछ सेकेंड बाद हॉल के दोनों तरफ दो और धमाके हुए। एर्नाकुलम में जहां ब्लास्ट हुआ, उसके आसपास बड़ी संख्या में यहूदी समुदाय के लोग रहते हैं। केरल के डीजीपी शेक दरवेश साहेब ने बताया कि शुरुआती जांच के मुताबिक, आईईडी टिफिन बॉक्स में प्लांट कर कन्वेंशन सेंटर के अंदर रखा गया था। जांच के लिए 8 स्पेशल टीम बनाई गई हैं। पूरी जांच के बाद और जानकारी सामने आएगी।

### आरोपी ने ब्लास्ट से पहले फेसबुक लाइव किया था

केरल पुलिस ने मार्टिन द्वारा बम लगाने की पुष्टि की है। पुलिस को उसके फोन से आईईडी ब्लास्ट करने के लिए इस्तेमाल किए गए रिमोट कंट्रोल के विजुअल मिले हैं। पुलिस ने बताया कि डोमिनिक ने सरेंडर करने से पहले फेसबुक लाइव किया था। उसमें उसने ब्लास्ट की बात कबूली है। डोमिनिक ने ऐसा करने की वजह भी बताई है। उसने फेसबुक पर लाइव आकर कहा है कि वो भी ईसाई धर्म के यहोवा के साक्षी समूह से संबंधित है, लेकिन उसको उनकी विचारधारा पसंद नहीं है। उन्हें वो देश के लिए खतरा मानता है, क्योंकि वे लोग देश के युवाओं के दिमाग में जहर घोल रहे हैं। इसलिए उसने उनकी प्रार्थना सभा के दौरान बम ब्लास्ट किया।

## 'इंडिया' गठबंधन लोकसभा के लिए, विधानसभा चुनावों में भी होती सहमति तो अच्छा होता: येचुरी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



आगामी विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के बीच सहमति अच्छी होती, लेकिन समूह में बहुमत की राय यह रही है कि गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी ने सोमवार यह टिप्पणी की। येचुरी की ओर से यह बयान तब सामने आया है जब आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के दल आपस में एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने हाल ही में सीट बंटवारे के मुद्दे पर कांग्रेस से नाखुशी जाहिर की थी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा था कि विपक्षी गठबंधन के भीतर स्थिति ठीक नहीं है। माकपा की केंद्रीय समिति की रविवार को संपन्न हुई बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए येचुरी ने कहा कि समिति ने राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के लिए उम्मीदवारों की सूची को मंजूरी दे दी है, जबकि तेलंगाना में बातचीत चल रही है। समिति ने राजस्थान के लिए 17 उम्मीदवारों की सूची का समर्थन किया है, जिसमें दो मौजूदा माकपा विधायक शामिल हैं। पार्टी छत्तीसगढ़ में तीन और मध्य प्रदेश में चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या सीटों पर फैसला इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ मिलकर लिया गया, येचुरी ने कहा, हम कांग्रेस के साथ बातचीत कर रहे हैं। तेलंगाना में बातचीत चल रही है, अन्य तीन राज्यों में हमारा कांग्रेस के साथ (विधानसभा चुनाव के लिए) कोई समझौता नहीं है। पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इंडिया गठबंधन में अंदरूनी कलह के बारे में अब्दुल्ला की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर येचुरी ने कहा कि राज्य में एक साथ चुनाव लड़ना गठबंधन के लिए अच्छा होता, लेकिन उन्होने कहा कि आम समझ यह है कि गठबंधन लोकसभा चुनावों के लिए है। येचुरी ने कहा, इंडिया गठबंधन में बहुमत की राय है कि गठबंधन 2024 के संसदीय चुनावों और भाजपा को राज्यों की शक्तियों नियंत्रित करने से दूर रखने के लिए है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि यह राज्यों (चुनावों) में भी हो पाता। विधानसभा चुनाव में अधिक समन्वय, सहयोग होना चाहिए था, यह 2024 में मददगार होता।

### शिवराज के पास पांच हजार की रिवॉल्वर, 40 लाख का सोना

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सोमवार को नामांकन करने की आखिरी दिन रहा। इस दिन कई बड़े चेहरों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इन चेहरों में राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी शुमार हैं। मुख्यमंत्री ने अपनी परंपरागत विधानसभा सीट बुधनी से पर्चा भरा है। चुनावी हलफनामे के अनुसार, मुख्यमंत्री की पत्नी साधना सिंह के नाम पर शिवराज से ज्यादा संपत्ति है। शिवराज के नाम 3.21 करोड़ रुपये जबकि साधना के नाम 5.41 करोड़ रुपये की संपत्ति है। करोड़ों के मालिक मुख्यमंत्री के नाम पर कोई भी वाहन नहीं है जबकि उनकी पत्नी के नाम एक एम्बेस्डर कार है। 64 वर्षीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने शपथ पात्र में कुल 8.62 करोड़ रुपये की संपत्ति बताई है। 2018 के चुनाव में उन्होंने कुल 7.66 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति बताई थी। इस तरह से बीते पांच साल में उनकी संपत्ति में करीब एक करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। दस साल पहले यानी 2013 में मुख्यमंत्री के पास कुल 6.27 करोड़ रुपये की संपत्ति थी। कमाई की बात करें तो 2018-19 में मुख्यमंत्री की कुल कमाई 29.28 लाख रुपये थी। अगले वित्त वर्ष में उनकी कमाई में भारी बढ़ोतरी हुई। 2019-20 में ये बढ़कर 52.72 लाख रुपये हो गई। 2020-21 में शिवराज सिंह की कमाई में मामूली इजाफा हुआ और ये 53.25 लाख रुपये हो गई। वहीं, 2021-22 में मुख्यमंत्री की कमाई में भारी कमी हुई और ये घटकर 34.7 लाख रुपये हो गई। 2022-23 में इसमें फिर कमी हुई और ये 32.63 लाख रुपये ही रह गई।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0बी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)